अगस्त 2025 | 16 अतिरिक्त पृष्ठों के साथ | मूल्य : ₹ 25.00

# अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सम-सामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

## CURRENT GK

MERI PANCHAYAT

RHINE-RUHR 2025

FISU WORLD UNIVERSITY GAMES SUMMER





## विशेष आकर्षण

- इसरो-नासा का संयुक्त मिशन 'निसार' सफलतापूर्वक लॉन्च
- फिडे शतरंज वर्ल्ड कप 2025 : दिव्या देशमुख ने जीता खिताब
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्रिटेन, ब्राजील, अर्जेंटीना सहित कई देशों की यात्रा
- भारत व ब्रिटेन के मध्य मुक्त व्यापार समझौता
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'राष्ट्रीय खेल नीति 2025' को दी मंजूरी
- राष्ट्रीय सहकारिता नीति - 2025 का अनावरण
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का त्यागपत्र
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दी प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी
- अंतरिक्ष स्टेशन में 18 दिन बिताकर पृथ्वी पर लौटे शुभांशु शुक्ला
- यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में 26 नए स्थल शामिल : भारत के 'मराठा सैन्य परिदृश्य' को इस सूची में मिला स्थान
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के पुरस्कार
- 3 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में नए राज्यपालों और उप-राज्यपाल की नियुक्ति
- हथकरघा पुरस्कार 2024 : हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्टता का सम्मान
- वर्षा देशपांडे को मिला संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार 2025
- विम्बलडन चैम्पियनशिप-2025
- विश्व मुक्केबाजी कप 2025 (II)












**Notification Out**

**Source:** Official site

# SSC

## CGL (P+M) I CPO I CHSL

## CLASSROOM COURSE

### WITH TEST SERIES

**SSC CGL Exam**

Total Vacancies

**14,582**

Date of Advt : **09.06.2025**

Date of Exam : **13 August to 30 August, 2025**

| SSC Phase-XIII | SSC Stenographer |
|---|---|
| Date of Advt : **02.06.2025**<br>Date of Exam :<br>**24 July- 4 August, 2025** | Date of Advt : **05.06.2025**<br>Date of Exam :<br>**6 Aug - 11 August, 2025** |

| SSC CHSL Exam | SSC MTS Exam |
|---|---|
| Date of Advt : **23.06.2025**<br>Date of Exam :<br>**8 Sept to 18 Sept, 2025** | Date of Advt : **26.06.2025**<br>Date of Exam :<br>**20 Sept to 24 Sept, 2025** |

## माह के प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को

# नया बैच प्रारम्भ

**बैच में प्रवेश के लिए आज ही सम्पर्क करें**

Head Office : 201, Himmat Nagar, Gopalpura Mode,
Tonk Road, Jaipur-302018

**Ph.: 0141-2711689, 7073909991**

QR Code for Head Office Location

• Tonk Road (Gatta) : 9414748428 • Jhotwara : 7073909992 • Chomu : 9116151416
• Alwar : 7073909994, 7300051114

www.motherseducationhub.org

@motherseducaitonhub

Email ID : pmcpd2020@gmail.com, pmcpd2003@gmail.com

सफलतम 301वाँ अंक

# अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी

वर्ष : 26 अंक : 01

अगस्त 2025

**हिमगिरी युद्धपोत भारतीय नौसेना को सौंपा गया:** 31 जुलाई, 2025 को प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित हिमगिरी युद्धपोत, जो नीलगिरी श्रेणी का तीसरा और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता द्वारा बनाया गया पहला पोत है, भारतीय नौसेना को सौंपा गया।



यह सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, 76 मिमी गन और रैपिड-फायर क्लोज-इन हथियार प्रणालियों से लैस है। इसमें उन्नत स्टेल्थ (दुश्मन के रडार से छिपने की क्षमता), स्वचालन और उत्तरजीविता जैसी विशेषताएँ हैं।

यह संयुक्त डीजल या गैस (CODOG) प्रणोदन प्रणाली पर काम करता है। इसका डिजाइन नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो (WDB) द्वारा तैयार किया गया है।

'हिमगिरी' का नौसेना में शामिल होना देश की डिजाइन, इंजीनियरिंग और जहाज निर्माण की बढ़ती शक्ति को प्रदर्शित करता है। इस परियोजना से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) सहित हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं।

## आपके इस अंक में


| | |
|---|---|
| • मासिक घटनाओं का सार संग्रह : स्मरणीय तथ्य | 5 |
| • अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 6 |
| • राष्ट्रीय परिदृश्य | 12 |
| • अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 20 |
| • आर्थिक परिदृश्य | 25 |
| • प्रादेशिक परिदृश्य | 29 |
| • पुरस्कार एवं सम्मान | 44 |
| • खेल परिदृश्य | 48 |
| • अद्यतन सामान्य ज्ञान | 54 |
| • नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 66 |


नवीनतम कौन, क्या है ? के लिए Scan करें

पत्रिका के Subscription के लिए Scan करें


| सम्पादक | सम्पादकीय कार्यालय | इस अंक का मूल्य : 25/- वार्षिक सदस्यता शुल्क : 300/- | स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक एल.सी. गुप्ता के लिए विकास ऑफ़सेट, एफ़-74, हीरावाला इण्डस्ट्रीज एरिया, कानोता, जयपुर से मुद्रित तथा पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर से प्रकाशित। **सम्पादक :** एल.सी. गुप्ता |
|---|---|---|---|
| एल.सी. गुप्ता | पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.) Mob. 8104919720 | | |


अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है। इस पत्रिका में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, सम्पादक या मुद्रक, उससे किसी व्यक्ति-विशेष को पहुँची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है।

## स्व चिंतन

"Your attitude, not your aptitude, will determine your altitude."

— **Zig Ziglar**

जिस तरह मजबूत इमारत के लिए मजबूत बुनियाद की आवश्यकता होती है ठीक उसी तरह सफलता के लिए भी एक मजबूत बुनियाद की जरूरत होती है, और वह है- आपका नजरिया, आपका दृष्टिकोण। इस संदर्भ में मुनि प्रमाण सागर महाराज ने कहा कि नजरिया, सोच, प्रवृत्ति, व्यवहार से जीवन बनता है। सोच अच्छी होगी तो नजरिया भी अच्छा होगा और नजरिया अच्छा होगा तो प्रवृत्ति भी अच्छी बनेगी। अच्छी प्रवृत्ति बनने से व्यवहार भी अच्छा बनेगा और जब व्यवहार अच्छा होगा तो जीवन स्वतः अच्छा हो जाएगा।

हमारा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि हम जीवन में आने वाली परिस्थितियों को कैसे स्वीकार करते हैं और उन परिस्थितियों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार से देते हैं। परिस्थितियों के प्रति हमारी प्रतिक्रिया, उनके संदर्भ में हमारे द्वारा लिए गए निर्णय हमारे जीवन को दिशा देते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी मानना था कि इंसान अपने विचारों से निर्मित प्राणी है, वो जैसा सोचता है वैसा बन जाता है।'

सकारात्मक सोच एक मानसिक और भावनात्मक दृष्टिकोण है जो जीवन के उज्ज्वल पक्ष पर केन्द्रित है और सकारात्मक परिणाम की अपेक्षा करता है। एक सकारात्मक व्यक्ति खुशी, स्वास्थ्य सफलता की आशा करता है और विश्वास करता है कि वह किसी भी बाधा और मुश्किल को दूर कर सकता है।

सकारात्मक दृष्टिकोण आपको अच्छे और वांछित परिणामों की अपेक्षा करने के लिए प्रेरित करता है। सकारात्मकता की शक्ति आपकी ऊर्जा को आपके सपनों को वास्तविकता में बदलने में मदद करती है। सकारात्मक मानसिकता आपको स्थिति की कठिनाई की परवाह किए बिना एक सुखद अन्त की तलाश करने में आपकी मदद करती है। सकारात्मकता की शक्ति आपके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को बदल सकती है, इसीलिए सभी विद्वान कठिन परिस्थितियों में भी सकारात्मक दृष्टिकोण को बनाए रखने के लिए कहते हैं। एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि जब कोई व्यक्ति सफलता पाता है, तो उसमें 85 फीसदी हिस्सेदारी उसके सकारात्मक नजरिए की होती है। स्मरण रखिए कि एक छोटा सा सकारात्मक विचार आपके सामने खड़ी दुष्वार परिस्थिति को भी आपके अनुकूल बना सकता है।

सकारात्मक दृष्टिकोण हमें एक अनत शक्ति प्रदान करता है विपरीत परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाने का कौशल विकसित करने में सहायक होता है, सकारात्मक सोच तनाव प्रबन्धन में मदद करती है. आपके अन्दर जीतने के दृष्टिकोण को विकसित करता है, इसलिए इसे जीतने का दृष्टिकोण भी कहा जाता है। नकारात्मक दृष्टिकोण मार्ग में बाधा आने पर आपको आगे बढ़ने से रोकता है वही सकारात्मक दृष्टिकोण उस बाधा का निराकरण करने के लिए आपको प्रेरित करता है।

सकारात्मक और नकारात्मक संक्रामक है क्योंकि हम जब लोगों से मिलते हैं, तो अपने दृष्टिकोण के अनुरूप उन लोगों को प्रभावित करते हैं जिनसे हम मिलते हैं। सकारात्मक दृष्टिकोण वाले व्यक्ति समाज में अपनी अच्छी पैठ बना पाते हैं वे मानसिक रूप से काफी सुदृढ़ होते हैं क्योंकि वे अवांछित विपरीत समस्यात्मक स्थितियों के समक्ष अपने घुटने नहीं टेकते बल्कि उनका समुचित आकलन कर उसके समाधान में सक्षम होते हैं, अतः वे न केवल स्वयं अपने जीवन से संतुष्ट होते हैं बल्कि उनकी सफलताएँ उनके लिए सामाजिक स्वीकृति का निर्माण करती है। वास्तव में यदि आप सामाजिक, आर्थिक, मानसिक उन्नति चाहते हैं, तो आपको सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना ही होगा।

अब यह आपको सुनिश्चित करना है कि आप आधा गिलास खाली है' के दृष्टिकोण के साथ अन्धकारमय पक्ष की और आगे बढ़ना चाहेंगे अथवा 'आधा गिलास भरा हुआ है' के दृष्टिकोण के साथ अपने जीवन को सफल व उज्ज्वल बनाने के लिए उद्यत होंगे।

**वह प्रदीप जो दीख रहा है झिलमिल, दूर नहीं है;**
**थककर बैठ गये क्या भाई! मंजिल दूर नहीं है।**

## आगामी प्रतियोगी परीक्षाएँ (सम्भावित तिथियाँ)

☑ **17 अगस्त, 2025 :** पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा, 2025

☑ **31 अगस्त, 2025 :** ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा, 2025

☑ **7 सितम्बर-12 सितम्बर, 2025 :** RPSC वरिष्ठ अध्यापक (सेकण्डरी शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2024

☑ **18-21 सितम्बर, 2025 :** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती परीक्षा-2024

☑ **13 सितम्बर, 2025 :** प्रोटेक्शन ऑफिसर परीक्षा-2024

☑ **12 अक्टूबर, 2025 :** सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा- 2024

☑ **22 नवम्बर, 2025 :** प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती परीक्षा, 2025

☑ **22 नवम्बर, 2025 :** परिचालक सीधी भर्ती परीक्षा-2024

☑ **22-23 नवम्बर, 2025 :** वाहन चालक भर्ती परीक्षा-2024

☑ **26 दिसम्बर, 2025 :** पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती परीक्षा-2024

☑ **5 अप्रैल, 2026 :** RPSC सब इंस्पेक्टर/प्लाटून कमांडर प्रतियोगी परीक्षा-2025

☑ **31 मई-16 जून, 2026 :** प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025

☑ **12-18 जुलाई, 2026 :** वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2025

One Liner

# करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू

☆ गीता एवं नाट्यशास्त्र के यूनेस्को मान्यता पर संगोष्ठी का आयोजन 30-31 जुलाई, 2025 को कहाँ किया गया? **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली**

☆ इसरो और नासा के किस संयुक्त मिशन को श्रीहरिकोटा से 30 जुलाई, 2025 को लॉन्च किया गया है? **निसार (NISAR)**

☆ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिए किस मिशन की घोषणा 27 जुलाई, 2025 को की? **ज्ञान भारतम मिशन**

☆ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किस पूर्व प्रधानमंत्री को पीछे छोड़ते हुए 25 जुलाई, 2025 को भारत के दूसरे सबसे लम्बे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं? **इंदिरा गांधी**

☆ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जून 2025 में प्रदत्त 'द ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' किस देश का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है? **ब्राजील**

☆ इसरो के अध्यक्ष व अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन को वर्ष 2025 के किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? **जी.पी. बिड़ला मेमोरियल अवॉर्ड**

☆ 'हुरुन ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2025' में भारत 64 यूनिकॉर्न के साथ कौनसे स्थान पर है? **तीसरे**

☆ भारत की वह शतरंज खिलाड़ी जो फिडे महिला विश्व कप 2025 जीतने वाली पहली भारतीय और भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर बन गई हैं- **दिव्या देशमुख**

☆ डीआरडीओ ने ड्रोन से दागी जाने वाली किस मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण 25 जुलाई, 2025 को किया है? **यूएलपीजीएम-वी3**

☆ 24 जुलाई, 2025 को जारी 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025' किस अवधि में प्रभावी रहेगी? **2025 से 2045 तक**

☆ सी.आर. राव सांख्यिकी अवॉर्ड 2025 किसे प्रदान किया गया है? **डॉ. प्रजामित्र भुयान**

☆ विम्बलडन चैम्पियनशिप 2025 में महिला एकल का खिताब जीतने वाली इगा स्वियातेक किस देश से हैं? **पोलैण्ड**

☆ ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की मेजबानी में कौनसा युद्धाभ्यास 13 जुलाई-4 अगस्त, 2025 को आयोजित किया जा रहा है? **तालिस्मान सेबर 2025**

☆ सिंगापुर-भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास 'सिम्बेक्स' का कौनसा संस्करण सिंगापुर में जुलाई 2025 में सम्पन्न हुआ? **32वाँ**

☆ कौन ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट एंड रिले मीट में 100 मीटर हीट 10.18 सेकण्ड में पूरी कर भारत के सबसे तेज पुरुष 100 मीटर धावक बन गए हैं? **अनिमेष कजूर**

☆ केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को राष्ट्रपति द्वारा किस पुरस्कार से 16 जुलाई, 2025 को सम्मानित किया गया है? **कलिंग रत्न पुरस्कार 2024**

☆ भारत ने अपनी कुल बिजली उत्पादन क्षमता का कितना हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधनों से हासिल कर लिया है? **50.8 प्रतिशत**

☆ स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में 10 लाख से अधिक जनसंख्या की श्रेणी में किस शहर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है? **अहमदाबाद (गुजरात)**

☆ 22 जुलाई, 2025 को मनाए गए 'विश्व मस्तिष्क दिवस' की थीम क्या थी? **सभी उम्र के लागों के लिए ब्रेन हेल्थ**

☆ प्रसिद्ध अभिनेत्री ग्वेनेथ पाल्ट्रोव की जीवनी 'ग्वेनेथ : द बायोग्राफी' के लेखक कौन हैं? **एमी ओडेल**

☆ आधिकारिक रूप से भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं? **आस्था पूनिया**

☆ 21 जुलाई, 2025 को दिवंगत हुए वी. एस. अच्युतानंद वर्ष 2006-2011 में केरल के कौनसे मुख्यमंत्री रहे थे? **11वें**

☆ केरल के किस शिक्षक व समाजिक कार्यकर्ता को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है? **सी. सदानंद मास्टर**

☆ युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन 18-20 जुलाई, 2025 को कहाँ सम्पन्न हुआ? **वाराणसी**

☆ पहला विश्व अश्व दिवस किस तिथि को मनाया गया? **11 जुलाई, 2025**

☆ नई दिल्ली में 24 जुलाई, 2025 को आयोजित समुद्री वित्तपोषण शिखर सम्मेलन की थीम क्या थी? **निवेश को बढ़ावा, समुद्र को सशक्त बनाना**

☆ अमेरिका ने पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार किस पाक समर्थित संगठन को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' (FTO) की सूची में डाल दिया है? **द रेजिस्टेंस फ्रंट**

☆ गीतांजली श्री के किस लघु कथाओं के संग्रह को 'पेन ट्रांसलेट अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किया गया है? **Once Elephants Lived Here**

☆ ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन ने वर्ष 2025 का 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक' किसे घोषित किया है? **भारतीय स्टेट बैंक**

☆ देश का पहला स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल किस नाम से 18 जुलाई, 2025 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है? **आईएनएस निस्तार**

☆ केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को किस अवधि के लिए 16 जुलाई, 2025 को स्वीकृति दी है? **छह वर्ष**

☆ 'नासा' ने पृथ्वी के चुंबकीय ढाल का अध्ययन करने के लिए कौनसा मिशन 23 जुलाई, 2025 को लॉन्च किया है? **ट्रेसर्स मिशन**

☆ भारतीय हॉकी टीम की किस खिलाड़ी ने 'पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड' जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है? **दीपिका**

☆ एशिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी किस राज्य में विकसित की जा रही है? **हरियाणा**

☆ अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन 'शल्यकॉन' के किस संस्करण का आयोजन 13-15 जुलाई, 2025 को किया गया? **तीसरे**



# अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

- प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन और मालदीव यात्रा
- प्रधानमंत्री मोदी की घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया यात्रा
- ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2025
- बुल्गारिया 2026 में यूरो जोन का 21वाँ सदस्य बनेगा
- फोर्ब्स सूची 2025: अमेरिका के सबसे अमीर प्रवासियों में भारतीय सबसे आगे
- अमेरिका ने TRF को आतंकी संगठन घोषित किया
- श्रीलंका के वास्काडुवा में अशोक स्तंभ की प्रतिकृति का अनावरण
- ओपेक ने जारी की नई वर्ल्ड ऑयल आउटलुक रिपोर्ट 2025
- यूनेस्को ने तीन अफ्रीकी विरासत स्थलों को विश्व धरोहर 'खतरे में' सूची से हटाया
- फ्रांस और न्यू कैलेडोनिया के मध्य ऐतिहासिक समझौता
- न्यूमबेओ सेफ्टी इंडेक्स 2025: अंडोरा सबसे सुरक्षित, भारत 66वें स्थान पर
- यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में 26 नए स्थल शामिल, भारत के 'मराठा सैन्य परिदृश्य' को मिली वैश्विक मान्यता
- QS बेस्ट स्टूडेंट सिटीज 2026: सियोल दुनिया में शीर्ष पर, भारत में मुंबई अव्वल

## प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन और मालदीव यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23-26 जुलाई, 2025 को चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर **यूनाइटेड किंगडम** और **मालदीव** के दौरे पर रहे।

### ब्रिटेन प्रवास (23-24 जुलाई, 2025)

- अपनी यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिटेन गए, जहाँ उन्होंने अपने ब्रिटिश समकक्ष **सर कीर स्टारमर** के साथ चर्चा करने के साथ ही **किंग चार्ल्स तृतीय** से मुलाकात की।
  - प्रधानमंत्री मोदी ने किंग चार्ल्स तृतीय को **'एक पेड़ माँ के नाम'** में सहभागी बनने के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें एक पौधा सौंपा जिसे आगामी **शरद ऋतु के दौरान सैंड्रिंघम एस्टेट** में लगाया जाएगा।

### भारत व ब्रिटेन के मध्य मुक्त व्यापार समझौता

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस यात्रा का केन्द्र बिंदु भारत और ब्रिटेन के बीच एक ऐतिहासिक **व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते** (Comprehensive Economic and Trade Agreement-**CETA**) पर हस्ताक्षर करना रहा।
  - इस ऐतिहासिक समझौते पर भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री **पीयूष गोयल** और ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य राज्य मंत्री **जोनाथन रेनॉल्ड्स** ने हस्ताक्षर किए।
- **मुख्य लाभ:** इसके तहत भारत के 99% उत्पादों को ब्रिटेन में टैक्स-फ्री निर्यात की सुविधा मिलेगी। इससे भारतीय वस्त्र, जूते, रत्न एवं आभूषण, समुद्री भोजन और इंजीनियरिंग वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को ब्रिटिश बाजार में बड़ी बढ़त मिलेगी।
- **पारस्परिक लाभ:** भारत भी ब्रिटेन से आने वाले 90% उत्पादों पर टैरिफ (आयात शुल्क) कम करेगा या हटा देगा।
- **समावेशी विकास:** यह समझौता विशेष रूप से महिला उद्यमियों, किसानों, स्टार्टअप्स और MSME को वैश्विक बाजार तक पहुँचने में मदद करेगा।
- भारत ने **दोहरे अंशदान समझौते** (Double Contribution Convention) पर भी एक समझौता किया है।
  - इससे भारतीय पेशेवरों और उनके नियोक्ताओं को ब्रिटेन में तीन वर्ष तक के लिए सामाजिक सुरक्षा भुगतान से छूट मिलेगी।

### रणनीतिक साझेदारी: 'विजन 2035' और अन्य प्रमुख समझौते

- व्यापार के अलावा, भविष्य की साझेदारी को मजबूत करने के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर भी सहमति बनी।
- **भारत-यूके विजन 2035:** दोनों देशों ने भविष्य के सहयोग के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप 'विजन 2035' को मंजूरी दी। इसका फोकस अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, जैव-प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन पर सहयोग को गहरा करना है।
- **रक्षा सहयोग:** एक 10-वर्षीय रक्षा औद्योगिक रोडमैप अपनाया गया, जिसमें जेट इंजन एडवांस्ड कोर टेक्नोलॉजीज (JEACT) और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों पर सह-विकास और नवाचार शामिल है।
- **आपराधिक जाँच में सहयोग:** केन्द्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) और UK की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई में सहयोग बढ़ेगा।

### मालदीव प्रवास (25-26 जुलाई, 2025)

- अपनी यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री मोदी मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर 25-26 जुलाई, 2025 को मालदीव की राजकीय यात्रा पर रहे।

- यहाँ वह 26 जुलाई, 2025 को मालदीव की स्वतंत्रता की **60वीं वर्षगाँठ समारोह में 'मुख्य अतिथि'** के रूप में शामिल हुए।
  - यह मालदीव की उनकी तीसरी यात्रा थी, साथ ही राष्ट्रपति मुइज्जू (नवम्बर 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद से) के कार्यकाल में किसी भी राष्ट्राध्यक्ष या शासन प्रमुख की पहली आधिकारिक यात्रा थी।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की जिसमें दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी की समीक्षा की गई।

### समझौता ज्ञापन

- दोनों नेताओं के बीच सम्पन्न वार्ता के दौरान मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि, मौसम विज्ञान, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, यूपीआई, भारतीय फार्माकोपिया और रियायती ऋण सुविधाओं के क्षेत्रों में **छह समझौता ज्ञापनों** (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ।
  - नई ऋण व्यवस्था मालदीव में अवसंरचना विकास और अन्य गतिविधियों के लिए ₹ 4850 करोड़ [लगभग 550 मिलियन अमेरिकी डॉलर] प्रदान करती है।
- मौजूदा ऋणों के लिए एक संशोधन समझौते का भी आदान-प्रदान किया गया।
  - इससे मालदीव के वार्षिक ऋण सेवा दायित्वों में 40 प्रतिशत [51 मिलियन अमेरिकी डॉलर से घटाकर 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर] की कमी आएगी।

### मालदीव प्रवास पर सम्पन्न अन्य प्रमुख गतिविधियाँ

- **स्मारक डाक टिकट** : भारत-मालदीव राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगाँठ पर स्मारक डाक टिकट जारी की गई।
- स्मारक डाक टिकटों पर भारतीय **नौका उरु** और मालदीव की मछली पकड़ने वाली पारंपरिक नौका - **वधू धोनी** का चित्र है।
  - 'नौका उरु' केरल के बेपोर के ऐतिहासिक बोटयार्ड में हस्तनिर्मित एक विशाल लकड़ी की नौका है।
- दोनों नेताओं ने अड्डू शहर में सड़क और जल निकासी प्रणाली परियोजनाओं और अन्य शहरों में 6 उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री ने मालदीव सरकार को आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब [भीष्म] की दो इकाइयाँ भी सौंपीं।
- भारत की वित्तीय सहायता से निर्मित मालदीव के अत्याधुनिक ग्यारह मंजिला रक्षा मंत्रालय भवन का उद्घाटन किया गया।
- दोनों नेताओं ने भारत के **'एक पेड़ माँ के नाम'** और मालदीव के **'5 मिलियन वृक्षारोपण की प्रतिज्ञा'** अभियान के तहत **आम के पौधे** लगाए।

## प्रधानमंत्री मोदी की घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया यात्रा

- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 से 9 जुलाई, 2025 तक पाँच देशों–घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया–की आधिकारिक यात्रा पर रहे।

### घाना (2-3 जुलाई, 2025)

- **ऐतिहासिक महत्वः** 30 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली घाना यात्रा थी। मोदी, घाना की यात्रा करने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री बने।

**प्रमुख गतिविधियाँः**

- घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।
- घाना की संसद को संबोधित किया और ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने।
- **सम्मानः** घाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित हुए।
- **प्रमुख समझौतेः** सांस्कृतिक आदान-प्रदान, भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) और घाना मानक प्राधिकरण (GSA) के बीच सहयोग, तथा पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में समझौते हुए।
- **मुख्य घोषणाएँः** घाना को 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' में शामिल होने का निमंत्रण और फिनटेक में मदद की पेशकश की।

### त्रिनिदाद और टोबैगो (3-4 जुलाई, 2025)

- **ऐतिहासिक महत्वः** 1999 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा थी।
- **प्रमुख गतिविधियाँः** प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर और राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से भेंट की।
- **सम्मानः** देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित हुए।
  - यह सम्मान पाने वाले वे पहले विदेशी नेता हैं और यह उनका 25वाँ अन्तर्राष्ट्रीय नागरिक सम्मान है।
- **प्रमुख समझौतेः** फार्माकोपिया, संस्कृति, खेल, राजनयिक प्रशिक्षण और हिंदी अध्ययन सहित 6 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए।
- **मुख्य घोषणाएँः** भारतीय समुदाय की छठी पीढ़ी तक OCI कार्ड सुविधा का विस्तार, 2000 लैपटॉप का उपहार, 20 हेमोडायलिसिस इकाइयाँ और दो समुद्री एम्बुलेंस देने की घोषणा की।
- **विशेष उपलब्धिः** त्रिनिदाद और टोबैगो, भारतीय यात्रियों के लिए UPI सेवाएँ शुरू करने वाला विश्व का 8वाँ और कैरेबियाई क्षेत्र का पहला देश बन गया।

### अर्जेंटीना (4-5 जुलाई, 2025)

- **ऐतिहासिक महत्वः** 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा थी।

- **प्रमुख गतिविधियाँः** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मीलेई के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें खनिज, रक्षा, परमाणु ऊर्जा, कृषि, यूपीआई और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई।
- **सम्मानः** ब्यूनस आयर्स के नगर सरकार प्रमुख द्वारा 'ब्यूनस आयर्स शहर की चाबी' प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## ब्राजील (5-8 जुलाई, 2025)

- **यात्रा का उद्देश्यः** राजकीय यात्रा तथा 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2025 में भागीदारी।
- **प्रमुख गतिविधियाँः** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।
- **आर्थिक लक्ष्यः** अगले पाँच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया।
- **प्रमुख समझौतेः** आतंकवाद से निपटने, डिजिटल समाधान, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि अनुसंधान और बौद्धिक संपदा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर समझौते हुए।
- **सम्मानः** ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किया गया।

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2025

- **संस्करण** : 17वाँ
- **आयोजन स्थल** : रियो डी जेनेरियो (ब्राजील)
- **आयोजन तिथिः** 6-7 जुलाई, 2025
- **प्रतिभागी देश** : ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथोपिया, इण्डोनेशिया, ईरान और यूएई
- **विषय** : 'अधिक समावेशी और सतत शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना' (Strengthening Global South Cooperation for a More Inclusive and Sustainable Governance)
- **एजेंडा** : वैश्विक स्वास्थ्य, व्यापार, निवेश और विकास वित्तपोषण, जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का शासन, वैश्विक सुरक्षा ढांचे में सुधार और ब्रिक्स तंत्र का संस्थागत विकास (छह प्रमुख मुद्दे)।
- **घोषणा-पत्र** : ब्रिक्स नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के वैश्विक शासन पर एक घोषणा-पत्र 7 जुलाई, 2025 को अपनाया।
- **समिट में भारतीय प्रधानमंत्री** : सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'वैश्विक शासन में सुधार तथा शांति एवं सुरक्षा' विषय पर उद्घाटन सत्र को 'बहुपक्षीय, आर्थिक-वित्तीय मामलों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को मजबूत बनाने' संबंधी विषय पर एक सत्र को तथा 'पर्यावरण, सीओपी-30 और वैश्विक स्वास्थ्य' पर 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सत्र को संबोधित किया।
- **18वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन** : वर्ष 2026 में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भारत करेगा।
- **विशेष** : इस शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भाग नहीं लिया।
- 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उरुग्वे, बोलिविया, क्यूबा व मलेशिया के राष्ट्राध्यक्षों से भी मुलाकात की।

## अंतिम चरण : नामीबिया प्रवास (9 जुलाई, 2025)

- **ऐतिहासिक महत्वः** यह पीएम मोदी की पहली नामीबिया यात्रा थी और 27 वर्षों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह यात्रा हुई।

### प्रमुख गतिविधियाँः

- नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।
- नामीबिया की नेशनल असेंबली को संबोधित किया।
- **सम्मानः** उन्हें नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस' (27वाँ पुरस्कार) से सम्मानित किया गया।
- **समझौतेः**
  - नामीबिया में उद्यमिता विकास केन्द्र की स्थापना।
  - स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग।
- **नामीबिया की घोषणाएँः**
  - 'आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन' (CDRI) में शामिल होने के लिए स्वीकृति पत्र प्रस्तुत किया।
  - 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' (Global Biofuels Alliance) में शामिल होने के लिए स्वीकृति पत्र प्रस्तुत किया।
- **विशेष उपलब्धिः** नामीबिया UPI तकनीक अपनाने के लिए लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है।

# QS बेस्ट स्टूडेंट सिटीज 2026: सियोल दुनिया में शीर्ष पर, भारत में मुंबई अव्वल

- ग्लोबल हायर एजुकेशन एनालिस्ट क्वाक्वेरेली साइमंड्स (QS) द्वारा जारी **'बेस्ट स्टूडेंट सिटीज 2026'** रैंकिंग में दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल को छात्रों के लिए दुनिया का सबसे अच्छा शहर चुना गया है।
- इसके बाद **टोक्यो (जापान)** दूसरे और **लंदन (यूके)** तीसरे स्थान पर है।

### भारत की स्थितिः

- **भारत का सर्वश्रेष्ठ शहरः** भारत में, छात्रों के लिए **मुंबई** को **सर्वश्रेष्ठ शहर** का दर्जा दिया गया है, जिसने अपनी वैश्विक रैंकिंग में शानदार सुधार करते हुए **98वाँ** स्थान हासिल किया है (पिछले वर्ष 131वाँ)।
- **अन्य भारतीय शहरः** मुंबई के बाद **दिल्ली (104)**, **बैंगलोर (108)** और **चेन्नई (128)** का स्थान है।
- **किफायती होने में अव्वलः** पढ़ाई के खर्च के लिहाज से (Affordability) **दिल्ली** भारत का शीर्ष शहर है और यह दुनिया के शीर्ष 15 सबसे किफायती शहरों में भी शामिल है।
- यह रैंकिंग शहरों का मूल्यांकन विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता, छात्र विविधता, सामर्थ्य (Affordability) और पढ़ाई के बाद नौकरी के अवसरों जैसे कारकों के आधार पर करती है।

## बुल्गारिया 2026 में यूरो जोन का 21वाँ सदस्य बनेगा

- यूरोपीय परिषद ने 8 जुलाई, 2025 को बुल्गारिया को 1 जनवरी, 2026 से यूरो को अपनी आधिकारिक मुद्रा के रूप में अपनाने की औपचारिक मंजूरी दे दी है।
- इस निर्णय के साथ, बुल्गारिया यूरो क्षेत्र का 21वाँ सदस्य बन जाएगा।

**मुख्य बिंदुः**

- **निर्णयः** यह फैसला यूरोपीय संघ की आर्थिक एवं वित्तीय मामलों की परिषद की बैठक में लिया गया।
- **पिछला विस्तारः** इससे पहले, जनवरी 2023 में क्रोएशिया यूरो जोन में शामिल होने वाला 20वाँ देश बना था।

**यूरो क्लब का इतिहासः**

- यूरो की शुरुआत 1 जनवरी, 2002 को 12 सदस्य देशों (जैसे फ्रांस, जर्मनी, इटली) के साथ हुई थी।
- इसके बाद समय-समय पर अन्य देश इसमें शामिल होते गए, जिनमें स्लोवेनिया (2007), साइप्रस और माल्टा (2008), स्लोवाकिया (2009), एस्टोनिया (2011), लातविया (2014) और लिथुआनिया (2015) प्रमुख हैं।

## फोर्ब्स सूची 2025: अमेरिका के सबसे अमीर प्रवासियों में भारतीय सबसे आगे

- अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका फोर्ब्स द्वारा 10 जुलाई, 2025 को जारी 'अमेरिका के सबसे अमीर आप्रवासी 2025' की सूची के अनुसार, अमेरिका में अरबपति प्रवासियों के मामले में भारत शीर्ष स्थान पर पहुँच गया है।
- भारत ने इस सूची में सर्वाधिक 12 अरबपतियों का योगदान दिया है और इस मामले में इज़राइल को पीछे छोड़ दिया है।

**मुख्य बिंदुः**

- **भारत का शीर्ष स्थानः** अमेरिका के 125 सबसे अमीर आप्रवासियों में 12 भारतीय मूल के हैं, जो किसी भी देश से सबसे अधिक संख्या है। भारत के बाद इज़राइल और ताइवान (दोनों 11) का स्थान है।
- **शीर्ष अरबपतिः** सूची में टेस्ला के एलन मस्क (दक्षिण अफ्रीका) 393.1 बिलियन डॉलर के साथ पहले, गूगल के सर्गेई ब्रिन (रूस) 139.7 बिलियन डॉलर के साथ दूसरे और एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग (ताइवान) 137.9 बिलियन डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर हैं।
- **सूची में शामिल भारतीयः**
  - जय चौधरी (सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर) 17.9 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ समग्र सूची में 8वें और भारतीयों में शीर्ष स्थान पर हैं।
  - अन्य प्रमुख भारतीयों में **विनोद खोसला** (9.2 बिलियन डॉलर), **राकेश गंगवाल** (6.6 बिलियन डॉलर) और **रोमेश टी. वाधवानी** (5.0 बिलियन डॉलर) शामिल हैं।
- इस वर्ष सूची में सुंदर पिचाई, सत्या नडेला और निकेश अरोड़ा जैसे कई नए भारतीय नाम भी शामिल हुए हैं।
- **आर्थिक योगदानः** रिपोर्ट के अनुसार, 51 लाख से अधिक भारतीय-अमेरिकी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सालाना 250-300 बिलियन डॉलर का योगदान टैक्स के रूप में करते हैं, जो अमेरिका के कुल टैक्स का लगभग 5-6 प्रतिशत है।

## अमेरिका ने TRF को आतंकी संगठन घोषित किया

- 17 जुलाई, 2025 को अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (TRF) को एक 'विदेशी आतंकवादी संगठन' (FTO) और 'विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी' (SDGT) घोषित कर दिया है। यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा की गई।

**मुख्य बिंदुः**

- **घोषणा का कारणः** अमेरिका, TRF को लश्कर-ए-तैयबा (LeT) का एक मुखौटा और प्रॉक्सी संगठन मानता है। यह निर्णय TRF द्वारा 22 अप्रैल, 2025 को भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने के बाद आया, जिसमें 26 नागरिकों की मौत हो गई थी।
  - यह 2008 के मुंबई हमलों के बाद लश्कर द्वारा भारत में किया गया सबसे घातक नागरिक हमला था।
- **भारत का रुखः** भारत सरकार ने TRF को बहुत पहले, 5 जनवरी, 2023 को ही एक आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया था।

**TRF द्वारा किए गए प्रमुख हमलेः**

- **अप्रैल 2020:** कुपवाड़ा में 5 भारतीय पैरा कमांडो सहित 8 जवानों की हत्या।
- **2021:** कश्मीरी पंडित माखन लाल पंडित और स्कूल प्रिंसिपल सुपिंदर कौर की लक्षित हत्या।
- **2024:** हिंदू तीर्थयात्रियों की बस और एक सुरंग निर्माण स्थल पर हमले, जिनमें क्रमशः 9 और 7 लोगों की मौत हुई।
- **2025:** पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या।

## श्रीलंका के वास्काडुवा में अशोक स्तंभ की प्रतिकृति का अनावरण

- श्रीलंका के कालुतारा ज़िले स्थित प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर 'वास्काडुवा श्री सुभूति विहार' में 21 जुलाई, 2025 को अशोक स्तंभ की एक प्रतिकृति का अनावरण किया गया।
- मंदिर में अशोक स्तंभ की प्रतिकृति भारत के सम्राट अशोक की श्रीलंका के प्रति 'अभूतपूर्व सेवा' के सम्मान में स्थापित की गई है।
- भारत और श्रीलंका की साझा विरासत को मजबूत करते हुए श्रीलंका में राजा गुरु श्री सुबुथी महा विहार मंदिर में सम्राट अशोक के वैशाली स्तंभ की प्रतिकृति और कपिलवस्तु के पवित्र अवशेषों की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई।

- वास्कादुवा श्री सुभूति विहार को इस स्तंभ के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि यह मंदिर 'भगवान बुद्ध के कपिलवस्तु अवशेषों' का पवित्र स्थल है।
    - राजा गुरु श्री सुबुथी महा विहार मंदिर में भगवान बुद्ध के अलावा उनके दो प्रमुख शिष्यों- सारिपुत्र और मौद्गल्यायन के पवित्र अवशेष रखे गए हैं।

## ओपेक ने जारी की नई वर्ल्ड ऑयल आउटलुक रिपोर्ट 2025

- तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक (OPEC) द्वारा वर्ष 2025 के लिए नई वर्ल्ड ऑयल आउटलुक रिपोर्ट '2025 OPEC World Oil Outlook-WOO' शीर्षक से जारी की है।
- यह रिपोर्ट वियना (आस्ट्रिया) में 9-10 जुलाई, 2025 को आयोजित 9वें ओपेक अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में जारी की गई।

### रिपोर्ट के प्रमुख अंश

- रिपोर्ट के इस 19वें संस्करण में वर्ष 2050 तक वैश्विक ऊर्जा माँग में 23% की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गई है।
- वैश्विक तेल माँग वर्ष 2050 तक लगभग 123 मिलियन बैरल प्रति दिन तक पहुँच जाएगी।
- वैश्विक ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति हेतु सभी तकनीकों को अपनाना होगा तथा नवाचार और दक्षता को बढ़ावा देना होगा।
- वर्ष 2026 तक वैश्विक तेल माँग औसतन 106.3 मिलियन बैरल प्रतिदिन (bpd) रहेगी, जो पिछले वर्ष के 108 मिलियन बीपीडी के अनुमान से कम है।
- वर्ष 2029 के लिए यह अनुमान अब 111.6 मिलियन बीपीडी रखा गया है।
- वर्ष 2025 में माँग 105 मिलियन बीपीडी रहने की उम्मीद है।

## यूनेस्को ने तीन अफ्रीकी विरासत स्थलों को विश्व धरोहर 'खतरे में' सूची से हटाया

- विरासत संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, विश्व धरोहर समिति ने तीन अफ्रीकी स्थलों (मेडागास्कर, मिस्र और लीबिया) को यूनेस्को की संकटग्रस्त विश्व धरोहर सूची से हटा दिया है।
- यह घोषणा पेरिस में आयोजित समिति के 47वें सत्र के दौरान 9 जुलाई को की गई।
- **खतरे की सूची से हटाए गए स्थल-**
    i. अत्सिनानाना के वर्षावन (मेडागास्कर),
    ii. अबू मेना तीर्थ स्थल (मिस्र) तथा
    iii. गदामेस प्राचीन नगर (लीबिया)।
- यूनेस्को ने इन स्थलों पर खतरों को कम करने और उनकी सांस्कृतिक एवं पारिस्थितिक अखंडता को बहाल करने के सफल प्रयासों की सराहना भी की है।
- महत्वपूर्ण जैव विविधता वाले **अत्सिनानाना** के वर्षावनों को वर्ष **2007** में, **अबू मेना** (मिस्र) को **1979 में** यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था।
- लीबिया का प्राचीन शहर **गदामेस वर्ष 1986 में**, यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल हुआ, जिसे लीबिया में, टकराव, जंगल की आग और भारी बारिश के कारण वर्ष 2016 से खतरे की सूची में रखा गया था।

## फ्रांस और न्यू कैलेडोनिया के मध्य ऐतिहासिक समझौता

- फ्रांस ने 12 जुलाई, 2025 को न्यू कैलेडोनिया के साथ एक ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की है।
- इस समझौते का मुख्य उद्देश्य इस प्रशांत द्वीपसमूह को फ्रांसीसी गणराज्य के भीतर एक नया 'कैलेडोनिया राज्य' (State of Caledonia) का दर्जा देना है। इस नए दर्जे को फ्रांस के संविधान में भी शामिल किया जाएगा।

**समझौते के मुख्य बिंदुः**

- **दोहरी राष्ट्रीयताः** फ्रांसीसी राष्ट्रीयता के साथ-साथ एक अलग 'कैलेडोनियन राष्ट्रीयता' का भी निर्माण प्रस्तावित है।
- **आर्थिक सुधारः** समझौते में एक आर्थिक और वित्तीय सुधार का प्रावधान है, जिसमें क्षेत्र की निकल प्रसंस्करण क्षमताओं का नवीनीकरण शामिल है।
- **पृष्ठभूमिः**
    - यह समझौता 2021 में हुए स्वतंत्रता पर अंतिम जनमत संग्रह के बाद आया है और इसका लक्ष्य क्षेत्र के भविष्य को एक नई दिशा देना है।
- हालांकि, इस समझौते को अभी न्यू कैलेडोनिया में अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है।

## न्यूमबेओ सेफ्टी इंडेक्स 2025: अंडोरा सबसे सुरक्षित, भारत 66वें स्थान पर

- दुनिया के सबसे बड़े जीवन-यापन लागत डेटाबेस 'न्यूमबेओ' ने जुलाई 2025 में अपनी सेफ्टी इंडेक्स रिपोर्ट जारी की है।
- 147 देशों के इस सूचकांक में, यूरोप के छोटे से देश अंडोरा को दुनिया का सबसे सुरक्षित देश घोषित किया गया है।

**मुख्य बिंदुः**

- **शीर्ष 5 सुरक्षित देशः** अंडोरा (रैंक 1) के बाद यूएई (रैंक 2), कतर (रैंक 3), ताइवान (रैंक 4) और ओमान (रैंक 5) हैं।
- **सबसे असुरक्षित देशः** सूची में वेनेजुएला को सबसे असुरक्षित देश (रैंक 147) बताया गया है। इसके बाद पापुआ न्यू गिनी और हैती का स्थान है।
- **भारत की स्थितिः** भारत 55.7 के सुरक्षा स्कोर के साथ इस सूची में 66वें स्थान पर है।
- **पड़ोसी देशों की रैंकः** चीन (15वीं) भारत से काफी बेहतर स्थिति में है, जबकि पाकिस्तान (65वीं) और श्रीलंका (59वीं) भारत के आसपास हैं। बांग्लादेश सूची में 126वें स्थान पर है।

## यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में 26 नए स्थल शामिल, भारत के 'मराठा सैन्य परिदृश्य' को मिली वैश्विक मान्यता

- यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) की विश्व धरोहर समिति ने 6-16 जुलाई, 2025 को पेरिस में संपन्न हुए अपने 47वें सत्र में 26 नए स्थलों को अपनी प्रतिष्ठित विश्व धरोहर सूची में शामिल करने की घोषणा की।
- इस सूची में 20 सांस्कृतिक, 5 प्राकृतिक और 1 मिश्रित स्थल शामिल हैं, जिससे दुनिया भर में कुल यूनेस्को धरोहर स्थलों की संख्या बढ़कर 1223 हो गई है।

### भारत के लिए गौरव का क्षणः मराठा सैन्य परिदृश्य

- इस वर्ष भारत के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि 'मराठा सैन्य परिदृश्य' (Maratha Military Landscapes of India) का यूनेस्को की सूची में शामिल होना है। यह भारत का 44वाँ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है।
- **क्या है मराठा सैन्य परिदृश्य?**
  - यह 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा विकसित और बाद के मराठा शासकों द्वारा आगे बढ़ाई गई एक असाधारण सैन्य वास्तुकला और किलेबंदी प्रणाली है।
  - ये किले सिर्फ रक्षा संरचनाएँ नहीं, बल्कि मराठा साम्राज्य के सुशासन, सैन्य रणनीति और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक हैं।
- **कौन-कौन से किले शामिल हैं?**
  - इन 'मराठा सैन्य परिदृश्यों' में 12 भव्य किले शामिल हैं जिनमें से 11 महाराष्ट्र में और 1 तमिलनाडु में है।
  - इन किलों का चयन उनकी भौगोलिक विविधता और रणनीतिक महत्व के आधार पर किया गया हैः
    - **पहाड़ी किलेः** साल्हेर, शिवनेरी, लोहागढ़, रायगढ़, राजगढ़ (सभी महाराष्ट्र में) और जिंजी (तमिलनाडु में)।
    - **पठारी किलाः** पन्हाला (महाराष्ट्र)।
    - **पहाड़ी-वन्य किलाः** प्रतापगढ़ (महाराष्ट्र)।
    - **तटीय और द्वीपीय किलेः** विजयदुर्ग, खंडेरी, सुवर्णदुर्ग और सिंधुदुर्ग (सभी महाराष्ट्र के कोंकण तट पर)।

⌖ भारत अब विश्व धरोहर स्थलों की सबसे अधिक संख्या के मामले में विश्व स्तर पर छठे और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में दूसरे स्थान पर है।

## International News InShort

### एनडीबी

- शंघाई में मुख्यालय वाले 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' (एनडीबी) में कोलंबिया और उज्बेकिस्तान आधिकारिक तौर पर शामिल हो गए हैं।
- 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले लिए गए इस निर्णय से इस बहुपक्षीय ऋणदाता 'एनडीबी' की सदस्य संख्या बढ़कर 11 देशों तक पहुँच गई है।
- मूल ब्रिक्स देशों द्वारा 2015 में स्थापित 'एनडीबी' का उद्देश्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बुनियादी ढाँचे और सतत विकास को वित्तपोषित करना है।
- **एनडीबी के अन्य सदस्य** : भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र और अल्जीरिया।

### चीन बना रहा दुनिया का सबसे बड़ा बाँध

- चीन ने तिब्बत में **यारलुंग त्सांगपो** नदी पर दुनिया के सबसे बड़े जलविद्युत बांध, **'मोटुओ हाइड्रोपॉवर स्टेशन'**, का निर्माण शुरू कर दिया है।
- लगभग 167 अरब डॉलर की लागत वाली यह परियोजना पूरी होने पर चीन के ही थ्री गॉर्जेस डैम को पीछे छोड़ देगी और इसकी बिजली उत्पादन क्षमता उससे तीन गुना अधिक होगी।

☑ **चिंता का कारणः**

  - यह बाँध भारत और बांग्लादेश के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है, क्योंकि **यारलुंग त्सांगपो नदी** ही भारत में **ब्रह्मपुत्र नदी** बनती है।
  - विशेषज्ञों को आशंका है कि इस विशाल बाँध के निर्माण से नदी के बहाव पर असर पड़ सकता है, जिससे कृषि और जल आपूर्ति के लिए इस पर निर्भर करोड़ों लोगों का जीवन प्रभावित हो सकता है।
  - इसके अलावा, पर्यावरणविदों ने इस पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में अपरिवर्तनीय क्षति पहुँचने की भी चेतावनी दी है।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

☑ कौनसा देश अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है? **रूस**

☑ कोलंबो स्थित किस विश्वविद्यालय ने स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केन्द्र के साथ साझेदारी में एक हिंदी भाषा शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है? **जनरल सर जॉन कोटेलावाला रक्षा विश्वविद्यालय (केडीयू)**

☑ भारत का कौनसा पड़ोसी देश जुलाई 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अध्यक्ष बना है? **पाकिस्तान**

☑ यूरोपीय संघ ने जलवायु योजना के तहत वर्ष 2040 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को वर्ष 1990 के स्तर की तुलना में कितना घटाने का लक्ष्य रखा है? **90 प्रतिशत**

☑ यूरोपीय देश फ्रांस ने किस क्षेत्र को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की जुलाई 2025 में घोषणा की है? **फिलिस्तीन (औपचारिक घोषणा सितंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में की जाएगी)**

ooo



# राष्ट्रीय परिदृश्य

- पूर्वोत्तर क्षेत्र जिला SDG सूचकांक (2023-24) जारी, मिजोरम का हनाहथियाल जिला शीर्ष पर
- हरियाणा में विकसित होगी एशिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी
- भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह 2025ः भारत की नवीकरणीय क्षमता 227 गीगावाट पहुँची
- एकलव्य स्कूलों के छात्रों को कौशल और रोजगार देगी टाटा मोटर्स, NESTS के साथ किया समझौता
- WHO ने अपने तकनीकी विवरण में भारत के आयुष नवाचारों को दी प्रमुखता
- कर्नाटक में भारत के दूसरे सबसे लंबे केबल-पुल 'सिगंडूर ब्रिज' का उद्घाटन
- गुजरात ने शुरू किया देश का पहला 'जनजातीय जीनोम प्रोजेक्ट'
- ESIC ने पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए 'स्प्री 2025' योजना शुरू की
- रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 'रोजगार-लिंक्ड प्रोत्साहन' (ELI) योजना को मंजूरी
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'राष्ट्रीय खेल नीति 2025' को दी मंजूरी, 2036 ओलंपिक पर नजर
- महाराष्ट्र जन सुरक्षा विधेयक 2024 पारित
- भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का सफल परीक्षण
- राष्ट्रीय सहकारिता नीति - 2025 का अनावरण
- हुरुन इंडिया U30 लिस्ट 2025 जारी, जेप्टो के कैवल्य वोहरा और आदित पलीचा शीर्ष पर
- जगदीप धनखड़ के त्यागपत्र के बाद उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू
- देश का पहला सहकारी विश्वविद्यालय गुजरात के आणंद में बनेगा
- बिट्स पिलानी आंध्र प्रदेश में स्थापित करेगा देश का पहला 'AI प्लस' कैंपस
- बिट्स पिलानी आन्ध्र प्रदेश में स्थापित करेगा देश का पहला एआई प्लस परिसर
- 2025 की पहली छमाही में बर्नीहाट और दिल्ली देश के सबसे प्रदूषित शहर : CREA रिपोर्ट
- भारत के पहले 'मौसम डेरिवेटिव्स' के लिए NCDE और मौसम विभाग में समझौता

## पूर्वोत्तर क्षेत्र जिला SDG सूचकांक (2023-24) जारी, मिजोरम का हनाहथियाल जिला शीर्ष पर

- नीति आयोग और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने 7 जुलाई, 2025 को **'पूर्वोत्तर क्षेत्र जिला सतत विकास लक्ष्य (SDG) सूचकांक 2023-24'** का दूसरा संस्करण जारी किया। यह सूचकांक 8 पूर्वोत्तर राज्यों के 121 जिलों के प्रदर्शन को मापता है।

### सूचकांक के मुख्य बिंदुः

- **समग्र प्रदर्शनः**
  - **शीर्ष जिलाः** मिजोरम का **हनाहथियाल** (स्कोरः 81.43) पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला है।
  - **सबसे निचला जिलाः** अरुणाचल प्रदेश का **लोंगडिंग** (स्कोरः 58.71) सूची में सबसे निचले स्थान पर है।
- **राज्यों का प्रदर्शनः**
  - **अग्रणी राज्यः मिजोरम, सिक्किम और त्रिपुरा** के सभी जिलों ने **'फ्रंट रनर'** (Front Runner) का दर्जा हासिल किया है, जिसका अर्थ है कि वे लक्ष्यों को प्राप्त करने के करीब हैं।
  - **सबसे सुसंगत प्रदर्शनः सिक्किम** के जिलों के स्कोर में सबसे कम अंतर है, जो राज्य में समान विकास को दर्शाता है।
- **राज्यों में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले कुछ जिलेः**
  - **त्रिपुरा** का **गोमती जिला** (78.79)
  - **नगालैण्ड** का **मोकोकचुंग जिला** (78.43)
  - **सिक्किम** का **गंगटोक जिला** (76.64)
  - **असम** का **डिब्रूगढ़ जिला** (74.29)

## हरियाणा में विकसित होगी एशिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी

- हरियाणा सरकार ने अरावली की पहाड़ियों में एशिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी के निर्माण पर काम शुरू कर दिया है।
- यह परियोजना राज्य के 2025-26 के बजट में प्रस्तावित थी और गुजरात के जामनगर में स्थित 'वनतारा' मॉडल से प्रेरित है।

### मुख्य बिंदुः

- **स्थान और क्षेत्रफलः** यह सफारी गुरुग्राम और नूंह जिलों में लगभग 10,000 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैली होगी।
- **विशेष आकर्षणः** इस सफारी के भीतर 15 किलोमीटर के क्षेत्र में एक विशेष 'तेंदुआ पार्क' भी बनाया जाएगा।

- **क्रियान्वयन एजेंसी**: पहले यह परियोजना पर्यटन विभाग के पास थी, लेकिन अब इसका पूरा काम वन एवं वन्य प्राणी विभाग की देखरेख में किया जाएगा।
- इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र की विविध वनस्पतियों और जीव-जंतुओं का संरक्षण करना और इसे एक प्रमुख पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करना है।

## भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह 2025: भारत की नवीकरणीय क्षमता 227 गीगावाट पहुँची

- 11वाँ 'भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (IESW) 2025' अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी 8 से 11 जुलाई तक नई दिल्ली के यशोभूमि, द्वारका में आयोजित किया गया।
- यह आयोजन ऊर्जा भंडारण, ई-मोबिलिटी, बैटरी निर्माण और हरित हाइड्रोजन पर केन्द्रित था, जिसमें भारत के ऊर्जा परिवर्तन पर चर्चा करने के लिए दुनिया भर के विशेषज्ञ एकत्रित हुए।

**सम्मेलन के मुख्य बिंदु (केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा दी गई जानकारी):**

- देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अब **227 गीगावाट** तक पहुँच गई है, जिसमें स्थापित सौर क्षमता में **4,000 प्रतिशत** की भारी वृद्धि हुई है।
- भारत संभवतः पेरिस समझौते के तहत अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) को पूरा करने वाला **पहला G20 देश** है।
- जम्मू-कश्मीर का **पल्ली गाँव**, सौर ऊर्जा का उपयोग कर भारत की **पहली कार्बन-तटस्थ पंचायत** बन गया है।
- देश की सौर फोटोवोल्टिक (PV) मॉड्यूल और सेल निर्माण क्षमता में क्रमशः लगभग 38 गुना और 21 गुना की वृद्धि हुई है।

## एकलव्य स्कूलों के छात्रों को कौशल और रोजगार देगी टाटा मोटर्स, NESTS के साथ किया समझौता

- जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन '**राष्ट्रीय जनजातीय विद्यार्थी शिक्षा समिति**' (**NESTS**) ने **टाटा मोटर्स लिमिटेड** (**TML**) के साथ 9 जुलाई, 2025 को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस पाँच वर्षीय समझौते का उद्देश्य देश भर के **एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRs)** से 12वीं पास करने वाले जनजातीय विद्यार्थियों के लिए कौशल-आधारित शिक्षा और रोजगार के अवसर पैदा करना है। इससे 50,000 से अधिक छात्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

**समझौते के मुख्य पहलू:**

- 'कमाएँ और सीखें' मॉडलः चयनित छात्रों (18-23 वर्ष) को टाटा मोटर्स के 'कौशल्य' कार्यक्रम के तहत एक संरचित 'Earn and Learn' मॉडल में नामांकित किया जाएगा।
- **मिलने वाली सुविधाएँ**: कार्यक्रम के दौरान छात्रों को मासिक छात्रवृत्ति, रियायती भोजन, परिवहन और बीमा जैसी सुविधाएँ मिलेंगी।
- **रोजगार की गारंटी**: कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर 'एक प्रशिक्षु, एक नौकरी' नीति के तहत टाटा मोटर्स में प्लेसमेंट सहायता दी जाएगी।
- **उच्च शिक्षा का अवसर**: अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को BITS पिलानी जैसे संस्थानों के माध्यम से B.Tech जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त करने का भी मौका मिलेगा।

## WHO ने अपने तकनीकी विवरण में भारत के आयुष नवाचारों को दी प्रमुखता

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने '**पारंपरिक चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के अनुप्रयोग**' पर एक नया तकनीकी संक्षिप्त विवरण जारी किया है, जिसमें भारत के आयुष (AYUSH) नवाचारों को प्रमुखता से शामिल किया गया है। यह वैश्विक स्वास्थ्य सेवा में भारत के योगदान की एक महत्वपूर्ण मान्यता है।

**मुख्य बिंदु:**

- **AI आधारित नवाचार**: WHO के दस्तावेज़ में भारत के कई AI-संचालित नवाचारों पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें बीमारियों के पूर्वानुमान के लिए मशीन लर्निंग मॉडल और आयुर्वेद को आधुनिक जीनोमिक्स से जोड़ने वाली अभूतपूर्व '**आयुर्जेनोमिक्स**' (**Ayurgenomics**) परियोजना शामिल है।
- **डिजिटल आधारशिला**: इन सभी डिजिटल परिवर्तनों का आधार '**आयुष ग्रिड**' है, जो 2018 में शुरू किया गया एक व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म है। इसी पर SAHI और नमस्ते (NAMASTE) जैसे महत्वपूर्ण पोर्टल काम करते हैं।
- **वैश्विक मॉडल TKDL**: WHO ने भारत की '**पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी**' (**TKDL**) की भी सराहना की है, जिसे पारंपरिक चिकित्सा विरासत के संरक्षण के लिए एक वैश्विक मॉडल के रूप में देखा जाता है।
- यह भारत के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ एकीकृत कर, साक्ष्य-आधारित और विश्व स्तर पर सुलभ स्वास्थ्य सेवा को आकार देने में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करता है।

## कर्नाटक में भारत के दूसरे सबसे लंबे केबल-पुल 'सिगंडूर ब्रिज' का उद्घाटन

- केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 14 जुलाई, 2025 को कर्नाटक के शिवमोगा जिले में '**सिगंडूर पुल**' का उद्घाटन किया। यह गुजरात के द्वारका पुल के बाद **भारत का दूसरा सबसे लंबा केबल-स्टेड पुल** है।

**मुख्य बिंदु:**

- **स्थान**: यह 2.44 किलोमीटर लंबा पुल शरावती नदी के बैकवाटर पर बनाया गया है।

- **लागतः** इसके निर्माण में लगभग ₹470 करोड़ की लागत आई है।
- **उद्देश्यः** यह पुल सागर शहर को प्रसिद्ध चौदेश्वरी मंदिर वाले सिगंदूर से जोड़ेगा और 40 से अधिक गाँवों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करेगा।
- **महत्वः** यह कर्नाटक का सबसे लंबा केबल-स्टेड पुल है, जिसे आधुनिक **'एक्सट्राडोज्ड बैलेंस्ड कैंटिलीवर तकनीक'** से डिजाइन किया गया है।

## गुजरात ने शुरू किया देश का पहला 'जनजातीय जीनोम प्रोजेक्ट'

- गुजरात सरकार ने जनजातीय समुदायों में स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए देश की पहली 'जनजातीय जीनोम अनुक्रमण परियोजना' लॉन्च की है।
- 14 जुलाई, 2025 को प्रस्तुत इस पहल का उद्देश्य आदिवासी समूहों के बीच आनुवंशिक स्वास्थ्य जोखिमों को समझना और उनका एक डेटाबेस तैयार करना है।

### परियोजना के मुख्य बिंदुः

- **उद्देश्यः** इस परियोजना का लक्ष्य आदिवासियों में पाई जाने वाली विशेष बीमारियों जैसे सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया और कैंसर से जुड़ी आनुवंशिक प्रवृत्तियों के कारणों को पहचानना है।
- **क्रियान्वयनः** गांधीनगर स्थित गुजरात जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान केन्द्र (GBRC) इस परियोजना का क्रियान्वयन करेगा।
- **दायराः** इसके तहत गुजरात के 17 जिलों के विभिन्न जनजातीय समुदायों के 2,000 व्यक्तियों का जीनोम अनुक्रमण किया जाएगा।
- यह पहल आनुवंशिक रोगों के लिए बेहतर और लक्षित उपचार विकसित करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ESIC ने पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए 'स्प्री 2025' योजना शुरू की

- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने 2 जुलाई, 2025 को **'नियोक्ता और कर्मचारी पंजीकरण संवर्धन योजना 2025' (SPREE 2025)** नामक एक नई योजना को मंजूरी दी है।
- यह योजना उन नियोक्ताओं और कर्मचारियों को पंजीकरण का एक विशेष मौका देती है जो अब तक ईएसआई के तहत पंजीकृत नहीं हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस योजना के तहत **बिना किसी पिछली देनदारी या जुर्माने के डर के पंजीकरण** किया जा सकता है।

### योजना के मुख्य बिंदुः

- **अवधिः** यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसम्बर, 2025 तक लागू रहेगी।
- **उद्देश्यः** इसका लक्ष्य स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना है ताकि कॉन्ट्रैक्ट, अस्थायी और अनियमित श्रमिकों सहित सभी कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके।
- **लाभः** पंजीकृत कर्मचारियों और उनके परिवारों को चिकित्सा सेवाएँ, बीमारी-मातृत्व लाभ और पेंशन जैसे लाभ प्राप्त होंगे।
- **पात्रताः** यह योजना 10 या अधिक कर्मचारियों वाले कारखानों, दुकानों, होटलों और निजी स्कूलों जैसे प्रतिष्ठानों पर लागू होगी।

## रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 'रोजगार-लिंक्ड प्रोत्साहन' (ELI) योजना को मंजूरी

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 1 जुलाई, 2025 को 'रोजगार-लिंक्ड प्रोत्साहन' (ELI) योजना को मंजूरी दे दी है।
- इस योजना का लक्ष्य ₹99,446 करोड़ के परिव्यय के साथ, अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना है।
- यह योजना 1 अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगी।

### योजना के दो मुख्य भाग हैंः

- **कर्मचारियों के लिएः** पहली बार नौकरी करने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रोत्साहन के रूप में एक महीने का ईपीएफ वेतन (₹15,000 तक) मिलेगा। यह दो किस्तों में दिया जाएगा।
- **नियोक्ताओं के लिएः** नए कर्मचारियों को काम पर रखने वाले नियोक्ताओं को सरकार द्वारा दो साल तक प्रति अतिरिक्त कर्मचारी ₹3,000 प्रति माह तक का प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- इस पहल का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए देश में रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाना है।

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'राष्ट्रीय खेल नीति 2025' को दी मंजूरी, 2036 ओलम्पिक पर नजर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 1 जुलाई, 2025 को **'राष्ट्रीय खेल नीति 2025'** (National Sports Policy–NSP 2025) को अपनी स्वीकृति प्रदान की।
- यह नीति, 24 वर्ष पुरानी **'राष्ट्रीय खेल नीति, 2001'** का स्थान लेगी।

### नीति के प्रमुख उद्देश्य (Key Objectives)

- भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करना।
- **वर्ष 2036 ओलम्पिक खेलों** सहित अन्य प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिए एक मजबूत मेजबानी का रोडमैप तैयार करना।
- देश में खेल और फिटनेस की संस्कृति को एक जन आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना।
- खेलों को सामाजिक समावेशन, आर्थिक विकास और व्यक्तिगत सशक्तिकरण का माध्यम बनाना।
- जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक एक मजबूत और पारदर्शी खेल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना।

- नीति के **पाँच प्रमुख स्तंभ** (Five Pillars of the Policy): 'एनएसपी 2025' की पूरी संरचना निम्नलिखित **पाँच स्तंभों पर आधारित** हैः

1. **वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता (Excellence on the Global Stage):** इसका लक्ष्य अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रदर्शन सुधारना है।
2. **आर्थिक विकास के लिए खेल (Sports for Economic Growth):** यह स्तंभ खेल को एक उद्योग के रूप में विकसित करने पर केन्द्रित है।
3. **सामाजिक विकास के लिए खेल (Sports for Social Development):** इसका उद्देश्य खेल को सामाजिक बदलाव का एक शक्तिशाली उपकरण बनाना है।
4. **जन आंदोलन के रूप में खेल (Sports as a Mass Movement):** इसका लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को खेल और फिटनेस गतिविधियों से जोड़ना है।
5. **शिक्षा के साथ एकीकरण (Integration with Education):** यह स्तंभ राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के साथ तालमेल बिठाता है।

## महाराष्ट्र जन सुरक्षा विधेयक 2024 पारित

- 'महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक, 2024' महाराष्ट्र विधानसभा द्वारा 10 जुलाई, 2025 को पारित किया गया।
- **उद्देश्य** : इस विधेयक का उद्देश्य 'वामपंथी उग्रवादी संगठनों या इसी तरह के समूहों की गैर-कानूनी गतिविधियों' को रोकना है।
- इस बिल में महाराष्ट्र की पुलिस को शक्तिशाली बनाया गया है।
  - वह राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कड़े निर्णय ले सकती है, राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा होने पर किसी शख्स को बिना आरोप के तुरंत हिरासत में ले सकती है।
- विधेयक में सजा के रूप में 2-7 वर्ष तक की जेल और ₹ 2 - ₹ 5 लाख तक का जुर्माना शामिल है।
- इसके तहत राज्य सरकार किसी संगठन को गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल होने के कारण गैर-कानूनी घोषित कर सकती है।
  - विधेयक किसी संगठन को गैर-कानूनी घोषित करने के निर्णय की जाँच के लिए एक सलाहकार बोर्ड का गठन करेगा।

## गुजरात बना क्रूज भारत मिशन का समर्थन करने वाला पहला राज्य

- देश में सबसे लम्बे समुद्र तट वाला गुजरात 'क्रूज भारत मिशन' का नेतृत्व करने वाला पहला राज्य बन गया है।
- अपनी विशाल 2,340 किलोमीटर लम्बी तटरेखा और सावरमती तथा नर्मदा जैसी नौगम्य नदियों के सहारे, गुजरात अब स्वयं को वैश्विक क्रूज पर्यटन के केन्द्र में बदलने के लिए एक नया रास्ता तैयार कर रहा है।
- क्रूज भारत मिशन के हिस्से के रूप में गुजरात ने उसके पश्चिमी तट पर विभिन्न संभावित क्रूज सर्किट का प्रस्ताव किया है।
- गुजरात के संभावित क्रूज सर्किट में दीव, वेरावळ, पोरबंदर, द्वारका, जामनगर, ओखा तथा पडाला द्वीप जैसे मुख्य स्थल और घोघा-हजीरा रो-पैक्स सेवा शामिल है।
- पर्यटन को ध्यान में रखकर प्रस्तावित रूट को निम्न तीन क्लस्टर में विभाजित किया गया है-
  - पडाला द्वीप-कच्छ का रण
  - पोरबंदर-वेरावळ-दीव
  - द्वारका-ओखा-जामनगर

- 'क्रूज भारत मिशन' की शुरुआत 30 सितम्बर, 2024 को की गई थी।
- इस मिशन का उद्देश्य आगामी दशक में भारत को विश्व स्तरीय क्रूज पर्यटन केन्द्र बनाना और वर्ष 2029 तक समुद्री क्रूज पर्यटन को 10 गुना बढ़ाना है।

## भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का सफल परीक्षण

- भारतीय रेलवे ने हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन का सफल टेस्ट कर तकनीकी क्षमता विकास का नया आयाम स्थापित किया है।
- देश की इस पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन का सफल टेस्ट चेन्नई स्थित **इंटीग्रल कोच फैक्ट्री** (ICF) में जुलाई 2025 में किया गया है।
- आईसीएफ का चेन्नई में उपर्युक्त पहले हाइड्रोजन पॉवर्ड कोच/ड्राइविंग पॉवर कार (Driving Power Car) के सफल टेस्ट के बारे में जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा 25 जुलाई, 2025 को साझा की गई।
- इस सफलता के साथ भारत अब स्वीडन, जर्मनी, चीन और फ्रांस जैसे उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जहाँ हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाली ट्रेनों की तकनीक मौजूद है।
  - भारत अब 1200 हॉर्सपॉवर की हाइड्रोजन ट्रेन पर भी काम कर रहा है।

### पृष्ठभूमि

- भारतीय रेलवे 'विरासत के लिए हाइड्रोजन' पहल के तहत 35 हाइड्रोजन-संचालित ट्रेनें चलाने की योजना बना रहा है।
- उत्तर रेलवे के जींद-सोनीपत खंड पर चलने वाली एक डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (DEMU) को हाइड्रोजन ईंधन कोशिकाओं के साथ पुनर्निर्मित करने के लिए ₹ 111.83 करोड़ की एक पायलट परियोजना भी शुरू की गई है।

- हाइड्रोजन ट्रेनें अधिक पर्यावरण अनुकूल होती हैं क्योंकि इस ट्रेन में न तो धुआँ निकलता है और न ही कार्बन डाइऑक्साइड जैसी प्रदूषणकारी गैस निकलती है।
- यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर काम करती है, जिसमें हाइड्रोजन गैस और ऑक्सीजन की प्रतिक्रिया से एनर्जी पैदा होती है।

## राष्ट्रीय सहकारिता नीति - 2025 का अनावरण

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 24 जुलाई, 2025 को नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025' का अनावरण किया।
- यह नीति, 2002 में श्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में जारी की गई पहली सहकारिता नीति का स्थान लेगी।
- प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ **सुरेश प्रभु की अध्यक्षता वाली 48-सदस्यीय राष्ट्रीय समिति** द्वारा इस नीति का मसौदा तैयार किया गया है।

### दृष्टिकोण और उद्देश्य (Vision and Objectives):

- इस नीति का मुख्य दृष्टिकोण **'सहकार से समृद्धि'** के माध्यम से **वर्ष 2047 तक** एक विकसित भारत का निर्माण करना है।
- इसका प्राथमिक केन्द्र बिंदु देश के गाँव, कृषि, ग्रामीण महिलाएँ, दलित और आदिवासी समुदाय हैं, ताकि विकास का लाभ जमीनी स्तर तक पहुँच सके।
- **नीति के छह प्रमुख स्तंभ (The Six Pillars of the Policy):** नीति में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए छह स्तंभों पर आधारित एक व्यापक रणनीति अपनाई गई है:
  - i. **आधार को सुदृढ़ बनाना:** मौजूदा सहकारी समितियों की नींव को मजबूत करना।
  - ii. **जीवंतता को बढ़ावा देना:** सहकारी समितियों में नई ऊर्जा और गतिशीलता लाना।
  - iii. **भविष्य के लिए तैयार करना:** सहकारी समितियों को आधुनिक तकनीक और पेशेवर प्रबंधन से लैस करना।
  - iv. **समावेशिता और पहुँच का विस्तार:** समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को सहकारिता से जोड़ना।
  - v. **नए क्षेत्रों में विस्तार:** डेयरी और कृषि के अलावा 25 से अधिक नए क्षेत्रों में सहकारी समितियों को प्रोत्साहित करना।
  - vi. **युवा पीढ़ी को तैयार करना:** युवाओं को सहकारी विकास में भागीदार बनाना।

### प्रमुख लक्ष्य और प्रावधान:

- **GDP में योगदान:** वर्ष 2034 तक सहकारी क्षेत्र का देश की GDP में योगदान को तीन गुना बढ़ाना।
- **समितियों का विस्तार:** सहकारी समितियों की वर्तमान संख्या (8.30 लाख) में 30% की वृद्धि करना।
- **हर पंचायत में सहकारिता:** प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक प्राथमिक सहकारी इकाई (जैसे PACS, डेयरी, मत्स्य समिति) स्थापित करना।
- **बहुउद्देश्यीय PACS:** अगले पाँच वर्षों के भीतर 2 लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ (M-PACS) स्थापित करना।
- **मॉडल सहकारी गाँव:** प्रत्येक तहसील में 5-5 मॉडल सहकारी गाँव विकसित करना। इसकी शुरुआत NABARD की पहल के तहत **गांधीनगर** से हो चुकी है।
- **महिला सशक्तीकरण:** श्वेत क्रांति 2.0 के माध्यम से महिलाओं की सहभागिता को डेयरी और अन्य सहकारी क्षेत्रों से जोड़ना।
- **कानूनी सुधार:** हर 10 वर्ष में सहकारी कानूनों में आवश्यक बदलाव करने की व्यवस्था करना ताकि वे प्रासंगिक बने रहें।

### पृष्ठभूमि और महत्वपूर्ण तथ्य

- **सहकारिता मंत्रालय का गठन:** केन्द्र सरकार ने सहकारिता आंदोलन को नई गति देने के लिए वर्ष 2021 में एक अलग 'सहकारिता मंत्रालय' का गठन किया था।
- **अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष:** संयुक्त राष्ट्र (UN) ने वर्ष 2025 को 'अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष' घोषित किया है, जिसका विषय है **'सहकारिताएँ एक बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं'**। इसका शुभारंभ नवम्बर 2024 में भारत में ही हुआ था।

## हुरुन इंडिया U30 लिस्ट 2025 जारी, जेप्टो के कैवल्य वोहरा और आदित पलीचा शीर्ष पर

- हुरुन इंडिया ने 17 जुलाई, 2025 को **'एवेंडस वेल्थ-हुरुन इंडिया U30 लिस्ट 2025'** जारी की है।
- इस सूची में 30 वर्ष या उससे कम उम्र के 79 युवा उद्यमियों को शामिल किया गया है, जिनके उपक्रमों का मूल्यांकन 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है।

### सूची के मुख्य बिंदु:

- **शीर्ष स्थान:** ग्रोसरी-डिलीवरी प्लेटफॉर्म **जेप्टो (Zepto)** के 22 वर्षीय सह-संस्थापक **कैवल्य वोहरा और आदित पलीचा** को संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान मिला है।
- **शहरों में अव्वल:** सूची में सबसे अधिक 15 युवा उद्यमी **मुंबई** से हैं, इसके बाद क्रमशः बेंगलुरु (7) और दिल्ली व जयपुर (दोनों में 4-4) का स्थान है।
  - **जयपुर के उद्यमी** : अभिषेक अग्रवाल, राकेश यादव, संदीपकुमार सिंह और अंकित जयपुरिया।
- **सबसे युवा उद्यमी:** कैवल्य वोहरा, आदित पलीचा, एवीआर श्री स्मरण और अर्जुन देशपांडे (सभी 22 वर्ष) इस सूची में सबसे युवा उद्यमी हैं।
- **महिला उद्यमी:** इस लिस्ट में 6 महिला उद्यमियों को भी स्थान मिला है, जिनमें देविका घोलप (28 वर्ष) और देवांशी केजरीवाल (28 वर्ष) सबसे युवा हैं।

## जगदीप धनखड़ के त्यागपत्र के बाद उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू

- जगदीप धनखड़ द्वारा अप्रत्याशित रूप से उपराष्ट्रपति पद से त्यागपत्र देने के बाद रिक्त पद को भरने के लिए चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है।
  - जगदीप धनखड़ ने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई, 2025 को उपराष्ट्रपति पद से अपना त्यागपत्र (अनुच्छेद 67(ए) के तहत) राष्ट्रपति द्रौपदी

मुर्मू को सौंपा था, जिसे राष्ट्रपति ने 22 जुलाई को स्वीकार कर लिया।
  - जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अनुच्छेद 67(ए) के तहत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को त्यागपत्र सौंपा था।
  - धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 तक था।
  - धनखड़ के त्यागपत्र के बाद उपसभापति हरिवंश वर्तमान राज्यसभा की जिम्मेदारी सँभाल रहे हैं।
- जगदीप धनखड़ भारत के इतिहास में कार्यकाल पूरा होने से **पहले त्यागपत्र देने वाले तीसरे उपराष्ट्रपति** हैं।
  - इससे पहले **वीवी गिरि** और **आर वेंकटरमन** ने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए अपने पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद क्रमशः **गोपाल स्वरूप पाठक** और **शंकर दयाल शर्मा** उपराष्ट्रपति बने थे।
- गृह मंत्रालय ने 22 जुलाई, 2025 की राजपत्र अधिसूचना एसओ3354(ई) के माध्यम से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को अधिसूचित किया है।
- इस्तीफे को अधिसूचित किए जाने के बाद चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है।
- इस क्रम में चुनाव आयोग ने संसद के दोनों सदनों के सांसदों के निर्वाचक मंडल (वोटर लिस्ट) का गठन शुरू कर दिया है।
  - निर्वाचक मंडल की तैयारी में राज्यसभा और लोकसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं।
- निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारियों के नामों को अंतिम रूप देने और तैयारियाँ पूरी होने के बाद, यथाशीघ्र उपराष्ट्रपति चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

> भारत के निर्वाचन आयोग को अनुच्छेद 324 के अंतर्गत उपराष्ट्रपति के पद के लिए निर्वाचन कराने का अधिकार प्राप्त है।

- उपराष्ट्रपति के पद के लिए निर्वाचन राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों, अर्थात राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति निर्वाचन नियमावली, 1974 द्वारा नियंत्रित होता है।

## देश का पहला सहकारी विश्वविद्यालय गुजरात के आणंद में बनेगा

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 5 जुलाई, 2025 को गुजरात के आणंद में देश के पहले सहकारी विश्वविद्यालय 'त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी' की आधारशिला (भूमि पूजन) रखी।

**मुख्य बिंदुः**

- **परियोजनाः** यह विश्वविद्यालय 125 एकड़ भूमि पर ₹500 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा।
- **उद्देश्यः** इसका मुख्य लक्ष्य सहकारी शिक्षा और प्रशिक्षण को मानकीकृत करने के लिए एक राष्ट्रीय नेटवर्क बनाना है।
- **विशेषताएँः** विश्वविद्यालय में सहकारी क्षेत्र के लिए एक समर्पित अनुसंधान एवं विकास (R&D) परिषद होगी। यह योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए देश भर की प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) के साथ मिलकर काम करेगा।

## बिट्स पिलानी आन्ध्र प्रदेश में स्थापित करेगा देश का पहला 'AI प्लस' कैंपस

- राजस्थान के पिलानी स्थित प्रसिद्ध डीम्ड विश्वविद्यालय, **बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (BITS)**, आन्ध्र प्रदेश के अमरावती में **देश का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** (AI) प्लस कैंपस स्थापित करेगा।
- इस पहल की घोषणा 13 जुलाई, 2025 को बिट्स के चांसलर और आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने की।

**परियोजना के मुख्य बिंदुः**

- **फोकसः** यह देश में अपनी तरह का पहला परिसर होगा, जो पूरी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उभरती तकनीकों पर केन्द्रित होगा।
- **निवेश और क्षमताः** इस 'डिजिटल-फर्स्ट' कैंपस को अगले पाँच वर्षों में **₹1,000 करोड़** के निवेश से विकसित किया जाएगा, जहाँ प्रति वर्ष 7,000 से अधिक छात्र अध्ययन कर सकेंगे।
- **सरकारी सहयोगः** आन्ध्र प्रदेश सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए भूमि आवंटित कर दी है।

## 2025 की पहली छमाही में बर्नीहाट और दिल्ली देश के सबसे प्रदूषित शहर : CREA रिपोर्ट

- ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केन्द्र (Centre for Research on Energy and Clean Air–CREA) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही (जनवरी-जून) में असम-मेघालय सीमा पर स्थित **बर्नीहाट** भारत का सबसे प्रदूषित शहर रहा, जबकि **दिल्ली** दूसरे स्थान पर था।

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदुः**

- **प्रदूषण का स्तरः** बर्नीहाट में PM 2.5 का औसत स्तर 133 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय मानक (40 माइक्रोग्राम) से तीन गुना से भी अधिक है।
  - दिल्ली का PM 2.5 स्तर भी राष्ट्रीय मानक से दोगुना पाया गया।
- **शीर्ष प्रदूषित शहरः** देश के शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में बर्नीहाट और दिल्ली के बाद हाजीपुर (बिहार), गाजियाबाद और गुरुग्राम शामिल हैं।
- **सबसे स्वच्छ शहरः** इस सूची में मिजोरम का **आइजोल** देश का सबसे स्वच्छ शहर रहा।
- **समग्र विश्लेषणः** रिपोर्ट में विश्लेषण किए गए 239 शहरों में से आधे से अधिक (122 शहर) की वायु गुणवत्ता राष्ट्रीय मानकों से खराब पाई गई।

## भारत के पहले 'मौसम डेरिवेटिव्स' के लिए NCDEX और मौसम विभाग में समझौता

- 'नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड' (NCDEX) और 'भारत मौसम विज्ञान विभाग' (IMD) ने देश के पहले मौसम डेरिवेटिव्स (Weather Derivatives) लॉन्च करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसकी जानकारी 3 जुलाई, 2025 को दी गई।
- इस पहल का **मुख्य उद्देश्य** किसानों को बारिश की कमी, सूखा, लू और अन्य मौसमी आपदाओं से होने वाले वित्तीय नुकसान से बचाना है।
- इसकी **सबसे बड़ी विशेषता** यह है कि किसानों को मुआवजा पाने के लिए फसल के नुकसान का कोई प्रत्यक्ष प्रमाण देने की जरूरत नहीं होगी। मुआवजा सीधे तौर पर मौसम के पूर्वनिर्धारित मानकों (जैसे- बारिश में निश्चित कमी या तापमान में अत्यधिक वृद्धि) के आधार पर दिया जाएगा, जिससे किसानों के लिए दावा प्रक्रिया सरल और तेज हो जाएगी।

## National News InShort

### कुबेरपुर (आगरा)

- स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) के तहत आगरा (उत्तर प्रदेश) का कुबेरपुर **एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन शहर** बनकर उभरा है।
- कुबेरपुर की भूमि वर्ष 2007 में एक विशिष्ट लैंडफिल साइट के रूप में काम करती थी।
- इससे छुटकारा पाने के लिए यहाँ वर्ष 2019 में 300 टन प्रतिदिन (टीपीडी) क्षमता वाला कचरा-से-खाद बनाने का संयंत्र स्थापित किया गया।
- बायोरेमेडिएशन और बायोमाइनिंग का उपयोग करके दिसम्बर 2024 तक डंपसाइट से लगभग 1.9 मिलियन मीट्रिक टन कचरा हटाया गया, जिससे लगभग 47 एकड़ भूमि का पुनर्ग्रहण हुआ।
- इस पुनर्ग्रहण भूमि में से, 10 एकड़ भूमि पर मियावाकी वनरोपण तकनीक का उपयोग करके हरियाली विकसित की गई है।

### सृष्टि

- अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो 'सृष्टि' का शुभारम्भ नई दिल्ली में **भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (IIPA) मुख्यालय** में केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा 4 जुलाई, 2025 को किया गया।
- उन्होंने यहाँ नवनिर्मित चाय लाउंज 'सहकार' का भी शुभारम्भ किया।
- **विकास** : 'सृष्टि' को कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तत्वावधान में विकसित किया गया है।
- **उद्देश्य** : सरकारी अधिकारियों एवं विद्वानों के लिए डिजिटल कंटेंट निर्माण, क्षमता निर्माण और ज्ञान प्रसार को बढ़ावा देना।

### नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय बायोबैंक' का उद्घाटन

- नई दिल्ली स्थित सीएसआईआर-आईजीआईबी (CSIR-IGIB) में 6 जुलाई, 2025 को अत्याधुनिक 'राष्ट्रीय बायोबैंक' का उद्घाटन किया गया।
- यूके बायोबैंक मॉडल से प्रेरित इस पहल का उद्देश्य भारत की विविध आबादी के स्वास्थ्य को समझना है। इसके तहत, देश भर के 10,000 व्यक्तियों से व्यापक जीनोमिक, जीवनशैली और चिकित्सा संबंधी डेटा एकत्र किया जाएगा।
- यह बायोबैंक मधुमेह, कैंसर, हृदय रोग और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों जैसी जटिल बीमारियों के शीघ्र निदान और बेहतर लक्षित उपचार विकसित करने में मदद करेगा, जिससे इन बीमारियों के खिलाफ भारत की लड़ाई मजबूत होगी।

### हैंडबॉल को बढ़ावा देने के लिए प्रसार भारती और HAI में समझौता

- भारत में हैंडबॉल खेल को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से, प्रसार भारती और हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया (HAI) के बीच जुलाई 2025 में तीन साल का समझौता हुआ है।
- इस समझौते के तहत, प्रसार भारती अगले तीन वर्षों तक HAI द्वारा आयोजित सभी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का निर्माण और प्रसारण अपने टीवी (डीडी स्पोर्ट्स) और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर करेगा।

### गोवा में पहली 'रो-रो' फेरी सेवा शुरू

- गोवा सरकार ने 14 जुलाई, 2025 से चोराओ द्वीप को राजधानी पणजी से जोड़ने वाली पहली **रोल ऑन-रोल ऑफ (रो-रो) फेरी सेवा** शुरू की है।
- मंडोवी नदी पर शुरू हुई यह आधुनिक सेवा पारंपरिक नौकाओं की जगह लेगी और एक साथ कई वाहनों को ले जा सकेगी।
- यह सेवा यात्रियों और दोपहिया वाहनों के लिए निःशुल्क है, जबकि कारों के लिए ₹15 का शुल्क लिया जाएगा।

### NIPCCD का नाम बदलकर 'सावित्रीबाई फुले संस्थान' हुआ, रांची में नए केन्द्र का उद्घाटन

- 'राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान' (NIPCCD) का नाम आधिकारिक तौर पर बदलकर '**सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान**' कर दिया गया है।
- यह नामकरण आधुनिक भारत की पहली महिला शिक्षिका और समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले के सम्मान में किया गया है। यह परिवर्तन 19 जून, 2025 से प्रभावी हो गया है।
- इसके साथ ही, संस्थान के एक नए क्षेत्रीय केन्द्र का उद्घाटन **4 जुलाई, 2025 को झारखण्ड के रांची** में किया गया। यह नया केन्द्र झारखण्ड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में **मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और पोषण 2.0** जैसे प्रमुख महिला एवं बाल विकास कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान का कार्य करेगा।

### भारत का पहला अश्व रोग मुक्त कम्पार्टमेंट मेरठ में स्थापित, WOAH से मिली मान्यता

- भारत का पहला अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का '**अश्व रोग मुक्त कम्पार्टमेंट' (Equine Disease-Free Compartment - EDFC)** उत्तर प्रदेश के मेरठ छावनी में स्थित 'रिमाउंट वेटरनरी कॉर्प्स' (RVC) केन्द्र में स्थापित किया गया है।
- **विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन** (WOAH) ने 3 जुलाई, 2025 को इसे आधिकारिक तौर पर मान्यता दे दी है।
- यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि यह वैश्विक जैव-सुरक्षा और पशु स्वास्थ्य मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करता है। इस मान्यता के बाद, अब **भारतीय खेल घोड़ों (Indian Sports Horses) की अन्तर्राष्ट्रीय आवाजाही** संभव हो सकेगी और वे विदेशों में होने वाली प्रतियोगिताओं में आसानी से हिस्सा ले सकेंगे।
- यह सुविधा केन्द्र मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत स्थापित किया गया है।

### उन्नत कार्बन फाइबर आधारित कृत्रिम पैर

- स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित पहले मेक-इन-इंडिया लागत प्रभावी उन्नत कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस (कृत्रिम पैर) का अनावरण 14 जुलाई, 2025 को किया गया।
- इस प्रोस्थेसिस फुट को डीआरडीओ की 'रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला' (DRDL) और तेलंगाना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बीबीनगर द्वारा विकसित किया गया है।
- यह हल्का और मजबूत 'एडीआईडीओसी' 125 किलोग्राम तक का भार सहन करने में सक्षम है।
- अलग-अलग वजन के मरीजों के लिए इसके तीन संस्करण हैं। उत्पादन के दौरान इसकी लागत घटकर ₹ 20,000 से भी कम हो जाएगी, जबकि वर्तमान आयातित उत्पादों की लागत लगभग ₹ दो लाख है।

### साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हरियाणा के गुरुग्राम में ब्रिटेन के साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय के भारतीय परिसर का उद्घाटन 16 जुलाई, 2025 को किया।
- इसके साथ ही क्यूएस शीर्ष 100 वैश्विक संस्थान में शामिल यह विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (भारत में विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसरों की स्थापना और संचालन) नियमों के तहत भारत में एक परिसर का संचालन करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय बन गया है।

### एक्वा टेक पार्क

- भारत का पहला एक्वा टेक पार्क असम के बागीबाड़ी सोनापुर में स्थापित किया गया है। यह एक्वा टेक पार्क असम में अपनी तरह का पहला पार्क है।
- मछली उत्पादन को बढ़ावा देने और राज्य में रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से स्थापित इस एक्वा टेक पार्क का उद्घाटन असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा द्वारा 12 जुलाई, 2025 को किया गया।
- यह एक्वा टेक पार्क नाबार्ड, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR), केन्द्रीय मीठाजल जलीय कृषि संस्थान (CIFA), मत्स्य विभाग और सेल्को फाउंडेशन के सहयोग से **'कोलोंग-कपिली'** (Kolong-Kapili) **द्वारा स्थापित** किया गया है।

### माई डीड

- 'माई डीड' हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली (NGDRS) की पायलट परियोजना है।
- 'माई डीड' को शुरू करने का उद्देश्य भूमि पंजीकरण प्रणाली को सरल, पारदर्शी और नागरिक-केन्द्रित बनाना है।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
## वन लाइनर

In Oneliner

- ☑ महाराष्ट्र सरकार ने दक्षिण मुम्बई में पुनर्निर्मत कर्नाक रोड ओवर ब्रिज का नाम बदलकर क्या कर दिया है? **सिंदूर ब्रिज**
- ☑ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुणे में किस मेडिकल कॉलेज और रिसर्च सेंटर का भूमिपूजन 4 जुलाई, 2025 को किया? **पूना लाइफस्पेस इंटरनेशनल**
- ☑ 'जयराज स्पोर्ट्स एवं कन्वेंशन सेंटर' का उद्घाटन केन्द्रीय गृह अमित शाह द्वारा 4 जुलाई, 2025 को कहाँ किया गया? **पुणे**
- ☑ पंजाब के फाजिल्का में निर्मित भारत के पहले लकड़ी के गुरुद्वारे को क्या नाम दिया गया है? **श्री नानक निवास**
- ☑ किस राज्य की विधानसभा शीघ्र ही एआई-संचालित निगरानी प्रणाली लागू करने वाली पहली राज्य विधानसभा बन जाएगी? **उत्तर प्रदेश**






# अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी

### इसरो-नासा का संयुक्त मिशन 'निसार' सफलतापूर्वक लॉन्च

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (NASA) के **संयुक्त पृथ्वी-अवलोकन मिशन 'निसार'** (NISAR– NASA-ISRO Synthetic Aperture Radar) को 30 जुलाई, 2025 को शाम 5:40 बजे आन्ध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से **GSLV-F16 रॉकेट** द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया।

**मिशन का मुख्य उद्देश्य**

- यह मिशन हर 12 दिनों में पूरी पृथ्वी का हाई-रेजोल्यूशन नक्शा तैयार करेगा।
- **इसका मुख्य लक्ष्य** जलवायु परिवर्तन के प्रभावों (जैसे बर्फ का पिघलना, समुद्र स्तर में वृद्धि) और भूकंप, ज्वालामुखी तथा भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं की अभूतपूर्व सटीकता से निगरानी करना है।

**निसार उपग्रह की प्रमुख विशेषताएँ**

- **डुअल-फ्रीक्वेंसी रडारः** यह दुनिया का पहला उपग्रह है जो दो अलग-अलग रडार फ्रीक्वेंसी का उपयोग कर रहा है।
  - **L-बैंड रडारः** नासा द्वारा प्रदान किया गया, यह घने जंगलों के नीचे की जमीन और बर्फ की मोटी परतों के अंदर देख सकता है।
  - **S-बैंड रडारः** इसरो द्वारा प्रदान किया गया, यह सतह की नमी और कृषि निगरानी के लिए उत्तम है।
- **उच्च रेजोल्यूशन इमेजिंगः** यह दिन और रात, हर मौसम में (बादलों के पार भी) पृथ्वी की हाई-रेजोल्यूशन तस्वीरें लेने में सक्षम है। यह पृथ्वी की सतह पर एक सेंटीमीटर से भी कम के बदलाव को माप सकता है।
- **विशाल एंटीनाः** इसमें 12 मीटर (लगभग 40 फीट) व्यास का एक विशाल मेश रिफ्लेक्टर एंटीना लगा है।
- **कक्षा (Orbit)ः** इसे पृथ्वी से 747 किमी. ऊपर सूर्य-तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (Sun-Synchronous Polar Orbit) में स्थापित किया गया है।

### नासा ने पृथ्वी के चुंबकीय ढाल का अध्ययन करने के लिए 'ट्रेसर्स' मिशन लॉन्च किया

- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने पृथ्वी के चुंबकीय ढाल का अध्ययन करने के लिए 'ट्रेसर्स' (TRACERS) मिशन लॉन्च किया है।
- इस मिशन के तहत दो उपग्रहों को 23 जुलाई, 2025 को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया।

**मिशन के मुख्य बिंदुः**

- **उद्देश्यः** इस मिशन का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र सौर तूफानों और अंतरिक्ष के मौसम से हमारी रक्षा कैसे करता है। यह विशेष रूप से 'चुंबकीय पुनर्संयोजन' (Magnetic Reconnection) नामक प्रक्रिया का अध्ययन करेगा।
- **कार्यप्रणालीः** यह एक **जुड़वाँ-उपग्रह मिशन** है। दोनों उपग्रह एक-दूसरे के पीछे एक ही रास्ते पर उड़ते हुए एक वर्ष के दौरान रिकॉर्ड 3,000 माप लेंगे।
- **अतिरिक्त पेलोडः** इस लॉन्च में **'ट्रेसर्स'** के साथ नासा के तीन अन्य छोटे उपग्रह (एथेना ईपीआईसी, पीईएक्सटी और रियल) भी अंतरिक्ष में भेजे गए, जो नई तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे।

### इजराइल ने अपना पहला सरकारी संचार उपग्रह 'ड्रोर-1' सफलतापूर्वक लॉन्च किया

- इजराइल ने 13 जुलाई, 2025 को अमेरिका के केप कैनावेरल से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा अपने पहले सरकारी स्वामित्व वाले राष्ट्रीय संचार उपग्रह **'ड्रोर-1' (Dror-1)** का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।
- यह भूस्थिर उपग्रह अगले 15 वर्षों तक इजराइल की संचार जरूरतों को पूरा करेगा।

**उपग्रह की मुख्य विशेषताः**

- इसकी सबसे बड़ी खूबी इसका **'अंतरिक्ष में स्मार्टफोन'** (Smartphone in space) जैसा डिजाइन है।
  - इस तकनीक के कारण, उपग्रह को जमीन से ही उसकी बदलती जरूरतों के अनुसार बार-बार री-प्रोग्राम किया जा सकता है, जिससे यह अपने कवरेज क्षेत्र और सिग्नल के इस्तेमाल को समायोजित कर सकेगा।
- इस उन्नत उपग्रह का निर्माण **इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज** द्वारा किया गया है।

## इसरो ने गगनयान की प्रणोदन प्रणाली का सफल परीक्षण किया

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने **गगनयान सर्विस मॉड्यूल प्रणोदन प्रणाली (SMPS)** के दो महत्वपूर्ण 'हॉट टेस्ट' सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं।
- ये परीक्षण 3 जुलाई, 2025 को महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रणोदन परिसर में किए गए।
- परीक्षणों के दौरान, प्रणाली के इंजनों को 30 और 100 सेकण्ड की अवधि के लिए चलाकर उनकी क्षमता और विश्वसनीयता को परखा गया।
- यह प्रणोदन प्रणाली अंतरिक्ष यान को कक्षा में स्थापित करने, उसकी दिशा नियंत्रित करने और किसी भी आपात स्थिति में मिशन को सुरक्षित रूप से समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।
- **लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (LPSC)** द्वारा विकसित इस प्रणाली का सफल परीक्षण, भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारी में एक अहम कदम है।

## अंतरिक्ष स्टेशन में 18 दिन बिताकर पृथ्वी पर लौटे शुभांशु शुक्ला

- भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) मिशन के हिस्से के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) में 18 दिन बिताने के बाद 15 जुलाई, 2025 को पृथ्वी पर लौट आए हैं।
  - अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर लौटे स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने प्रशांत महासागर में कैलिफोर्निया तट के पास स्प्लैशडाउन किया।
- शुभांशु के साथ मिशन पर गए अन्य तीन अंतरिक्ष यात्री- कमांडर पेगी व्हिटसन, स्लावोस उजनान्स्की-विस्निव्स्की और टिबोर कापू की भी पृथ्वी पर वापसी हुई है।
  - एक्सिओम मिशन 4 का नेतृत्व प्रसिद्ध अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कमांडर पेगी व्हिटसन कर रही थीं, जबकि शुभांशु शुक्ला पायलट की भूमिका में थे। शेष अंतरिक्ष यात्री मिशन स्पेशलिस्ट के रूप में शामिल थे।

- एक्सिओम मिशन 4 के तहत उपर्युक्त चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में कैनेडी स्पेस सेंटर से 25 जून, 2025 को उड़ान भरी थी।
- सभी एस्ट्रोनॉट अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 26 जून, 2025 को पहुँचे थे।

### सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्य

- 'एक्सिओम मिशन 4' के तहत आईआईएस पर गए अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा 31 देशों के 60 प्रयोग किए गए।
  - इनमें से 7 प्रयोग विशेष रूप से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा डिजाइन किए गए थे।
  - इन प्रयोगों में जैव-चिकित्सकीय शोध, रक्त नमूनों का विश्लेषण, माइक्रोएल्गी का अध्ययन (जो भविष्य में अंतरिक्ष में भोजन और जीवन समर्थन प्रणाली के लिए उपयोगी हो सकता है) और नैनोमटेरियल्स पर शोध शामिल हैं।
- **शुभांशु शुक्ला द्वारा किए गए प्रयोग** : अंतरिक्ष की माइक्रोग्रैविटी में माँसपेशियों के नुकसान का अध्ययन (मायोजेनेसिस), 'टार्डिग्रेड्स' का अध्ययन, जो चरम परिस्थितियों में जीवित रह सकते हैं, 'साइनोबैक्टीरिया' की वृद्धि और गतिविधि का अध्ययन, माइक्रोएल्गे का परीक्षण किया (जो अंतरिक्ष में भोजन, ऑक्सीजन और बायोफ्यूल का स्रोत हो सकता है), 6 तरह के फसल बीजों पर शोध, वॉयेजर डिस्प्ले (अंतरिक्ष में डिजिटल सिस्टम के बेहतर इस्तेमाल के लिए)।
  - लखनऊ के शुभांशु ने आईआईएस पर मेथी और मूँग के बीजों को भी उगाया।
- इस मिशन के लिए इसरो ने लगभग ₹ 550 करोड़ खर्च किए हैं।

### न्यूज फैक्ट

- ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं।
- उनकी यह यात्रा अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा द्वारा 1984 में रूसी सोयुज पर उड़ान भरने के 41 वर्ष बाद हुई।
- शुभांशु शुक्ला की आईएसएस की यात्रा भारत के आगामी गगनयान मिशन और प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन सहित भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रक्षा प्रौद्योगिकी

## डीआरडीओ ने ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल 'ULPGM-V3' का सफल परीक्षण किया

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 25 जुलाई, 2025 को आन्ध्र प्रदेश के कुरनूल में ड्रोन से दागी जाने वाली एक उन्नत मिसाइल **'ULPGM-V3'** का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया।
- इस मिसाइल को एक भारतीय स्टार्टअप द्वारा विकसित स्वदेशी UAV (ड्रोन) से लॉन्च किया गया। यह परीक्षण विशेष रूप से इसके **एंटी-आर्मर (बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने वाले)** संस्करण के लिए किया गया था।

### मिसाइल की मुख्य विशेषताएंः

- **मॉड्यूलर वॉरहेडः** यह मिसाइल तीन तरह के वॉरहेड (विस्फोटक) ले जाने में सक्षम है, जिससे यह बख्तरबंद वाहनों, बंकरों और अन्य लक्ष्यों को भेद सकती है।
- **क्षमताः** यह दिन और रात दोनों समय काम कर सकती है और इसे मैदानी तथा ऊँचे पहाड़ी, दोनों क्षेत्रों से दागा जा सकता है।
- **आधुनिक तकनीकः** इसमें लॉन्च के बाद भी लक्ष्य को बदलने के लिए टू-वे डेटा लिंक की सुविधा है।
  - यह सफल परीक्षण डीआरडीओ, अडानी डिफेंस, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और कई स्टार्टअप्स के बीच एक सफल सहयोग का परिणाम है, जो स्वदेशी रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रचेत' का गोवा में जलावतरण

- भारतीय तटरक्षक बल के लिए निर्मित स्वदेशी डिजाइन वाले प्रदूषण नियंत्रण पोत (PCV) 'समुद्र प्रचेत' का 23 जुलाई, 2025 को गोवा में जलावतरण किया गया। इसका निर्माण **गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL)** द्वारा किया गया है।

मुख्य बिंदुः

- यह GSL द्वारा बनाए गए दो PCV में से अंतिम पोत है और इसमें **72% स्वदेशी सामग्री** का उपयोग किया गया है।
- **उद्देश्यः** यह जहाज भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (Exclusive Economic Zone) में किसी भी तेल रिसाव पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने में तटरक्षक बल की क्षमता को बढ़ाएगा।
- **क्षमताः** यह पोत तेल रिसाव का पता लगाने के लिए आधुनिक रडार, उसे नियंत्रित करने के लिए साइड-स्वीपिंग आर्म्स और तेल को संग्रहीत करने के लिए विशेष टैंकों से लैस है।
- यह इस श्रेणी का **दूसरा पोत** है; पहला पोत 'समुद्र प्रताप' अगस्त 2024 में लॉन्च किया गया था।

## नौसेना में शामिल हुआ स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल 'आईएनएस निस्तार'

- भारत के पहले स्वदेशी डिजाइन वाले **डाइविंग सपोर्ट वेसल (DSV) 'आईएनएस निस्तार'** को 18 जुलाई, 2025 को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना में शामिल कर लिया गया।
- इसका निर्माण **हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड** द्वारा किया गया है और इसमें लगभग 80% स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है।

जहाज की मुख्य विशेषताएँ

- **उद्देश्यः** इसका मुख्य कार्य **गहरे समुद्र में पनडुब्बियों के लिए बचाव अभियान** चलाना है।
- **क्षमताः** यह 300 मीटर की गहराई तक गोताखोरी करने में सक्षम है और डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू वेसल (DSRV) के लिए 'मदर शिप' के रूप में भी काम करेगा।
- **तकनीकः** यह 1000 मीटर की गहराई तक बचाव कार्यों के लिए रिमोट से चलने वाले वाहनों (ROVs) से लैस है।
- 'निस्तार' नाम का अर्थ 'मुक्ति' या 'बचाव' है, जो इसके गहरे समुद्र में बचाव कार्यों की भूमिका को दर्शाता है।

## भारत ने परमाणु-सक्षम पृथ्वी-2 और अग्नि-1 मिसाइलों का सफल परीक्षण किया

- भारत ने अपनी रणनीतिक निवारक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए, 17 जुलाई, 2025 को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से दो परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों - **पृथ्वी-2** और **अग्नि-1** - का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- यह महत्वपूर्ण परीक्षण **सामरिक बल कमान** (Strategic Forces Command) की देखरेख में किए गए, जो भारत के परमाणु शस्त्रागार का प्रबंधन करती है।

☑ पृथ्वी-2 की मुख्य विशेषताएँ

- ○ **प्रकारः** यह सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है।
- ○ **मारक क्षमताः** 350 किलोमीटर।
- ○ **आयुध क्षमताः** यह 500 से 1,000 किलोग्राम तक के हथियार ले जाने में सक्षम है।
- ○ **विकासः** इसे **डीआरडीओ** द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है और यह 2003 से सेना में सेवारत है।

☑ अग्नि-1 की मुख्य विशेषताएँ

- ○ **प्रकारः** यह एक एकल-चरण वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है।
- ○ **मारक क्षमताः** 700 से 900 किलोमीटर।
- ○ **आयुध क्षमताः** यह 1,000 किलोग्राम के परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है।
- ○ **विकासः** इसे डीआरडीओ और रिसर्च सेंटर इमरात (RCI) द्वारा विकसित किया गया है और यह 2004 से सेवा में है।

## भारतीय सेना को मिले पहले तीन अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर, जोधपुर में होंगे तैनात

- भारतीय सेना ने 22 जुलाई, 2025 को अमेरिका से खरीदे गए तीन अपाचे AH-64E v6 अटैक हेलीकॉप्टरों की पहली खेप को अपने बेड़े में शामिल कर लिया है।
- इन हेलीकॉप्टरों को जोधपुर, राजस्थान में तैनात किया जाएगा, जिससे पश्चिमी सीमा पर सेना की ताकत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

मुख्य बिंदु

- **पृष्ठभूमिः** यह फरवरी 2020 में अमेरिका के साथ हुए 800 मिलियन डॉलर के सौदे का हिस्सा है, जिसके तहत सेना को **कुल छह अपाचे हेलीकॉप्टर** मिलने हैं।
- **क्षमताः** AH-64E दुनिया के सबसे उन्नत अटैक हेलीकॉप्टरों में से एक है। यह हवा से जमीन पर मार करने वाली **'हेलफायर' मिसाइल**, हवा से हवा में मार करने वाली **'स्टिंगर' मिसाइल** और 30 मिमी चेन गन जैसे घातक हथियारों से लैस है।
- **आधुनिक तकनीकः** यह इसका सबसे आधुनिक संस्करण है, जो 360-डिग्री कवरेज वाले फायर कंट्रोल रडार और नाइट विजन सिस्टम जैसी सुविधाओं से युक्त है, जो इसे दिन और रात दोनों में प्रभावी बनाता है।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय वायु सेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलीकॉप्टर मौजूद हैं।

## आकाश प्राइम एयर डिफेंस सिस्टम का लद्दाख में सफल परीक्षण

- भारत ने 16 जुलाई, 2025 को लद्दाख में 15,000 फीट से अधिक की अत्यधिक ऊँचाई वाले क्षेत्र में 'आकाश प्राइम' एयर डिफेंस सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

- इस परीक्षण में सिस्टम ने दो तेज गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों को सटीकता से नष्ट कर दिया।
- यह परीक्षण '**फर्स्ट ऑफ प्रोडक्शन मॉडल**' के तहत किया गया, जिसका अर्थ है कि यह प्रणाली अब सेना को शीघ्र आपूर्ति के लिए तैयार है।

### मुख्य विशेषताएँ

- **उच्च ऊँचाई के लिए अनुकूलितः** इसे विशेष रूप से 4,500 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर प्रभावी ढंग से काम करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- **स्वदेशी सीकरः** यह स्वदेशी रूप से विकसित **रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) सीकर** से लैस है, जो लक्ष्य को खोजने की सटीकता को बढ़ाता है।
- **मारक क्षमताः** यह 30-35 किलोमीटर दूर और 18-20 किलोमीटर की ऊँचाई तक लड़ाकू विमानों, क्रूज मिसाइलों और ड्रोन जैसे हवाई खतरों से निपट सकता है।
- **विकास और प्रेरणः** डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित इस प्रणाली को अब भारतीय सेना की आकाश वायु रक्षा की तीसरी और चौथी रेजिमेंट में शामिल किया जाएगा।

## अनंत टेक्नोलॉजीज शुरू करेगी भारत की पहली निजी सैटेलाइट इंटरनेट सेवा

- भारतीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केन्द्र (IN-SPACe) ने हैदराबाद स्थित कम्पनी 'अनंत टेक्नोलॉजीज' को देश की पहली निजी सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यह सेवा वर्ष 2028 से शुरू होने की उम्मीद है।

### परियोजना के मुख्य बिंदुः

- **योजनाः** कम्पनी 35,000 किलोमीटर की ऊँचाई पर एक जियोस्टेशनरी (GEO) सैटेलाइट लॉन्च करेगी।
- **क्षमताः** यह अकेला सैटेलाइट पूरे भारत को कवर करते हुए 100 गीगाबिट प्रति सेकण्ड (Gbps) की हाई-स्पीड डेटा प्रदान करेगा।
- **निवेशः** इस प्रोजेक्ट के लिए कम्पनी ने ₹ 3,000 करोड़ के आरंभिक निवेश की योजना बनाई है।
- **फायदाः** स्टारलिंक जैसी कम्पनियों के LEO सैटेलाइट्स के विपरीत, जिन्हें पूरे कवरेज के लिए कई सैटेलाइट्स की जरूरत होती है, अनंत टेक्नोलॉजीज का एक ही GEO सैटेलाइट पूरे भारत को कवर करने में सक्षम होगा।

## भारत ने पनडुब्बी रोधी रॉकेट प्रणाली 'ERASR' का सफल परीक्षण किया

- भारतीय नौसेना और डीआरडीओ ने '**विस्तारित रेंज पनडुब्बी रोधी रॉकेट**' (**Extended Range Anti-Submarine Rocket-ERASR**) प्रणाली का सफलतापूर्वक उपयोगकर्ता परीक्षण किया है।
- यह परीक्षण INS कवरत्ती से 23 जून से 7 जुलाई, 2025 के बीच किए गए, जिससे नौसेना की पनडुब्बी रोधी मारक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### प्रणाली की मुख्य विशेषताएँ

- **विकासः** इसे डीआरडीओ की पुणे स्थित प्रयोगशाला **ARDE** द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।
- **मारक क्षमताः** यह रॉकेट प्रणाली लगभग **8 किलोमीटर की दूरी** तक दुश्मन की पनडुब्बियों को सटीकता से नष्ट कर सकती है, जो इसे मौजूदा रूसी मूल के रॉकेटों से बेहतर बनाती है।
- **तकनीकः** इसमें स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक टाइम फ्यूज लगा है, जो रॉकेट को पानी के भीतर सही गहराई पर विस्फोट करने में मदद करता है।
- इस सफल परीक्षण के बाद, इसका उत्पादन भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

## स्वदेशी 'अस्त्र' एयर-टू-एयर मिसाइल का सफल परीक्षण

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारतीय वायु सेना ने 11 जुलाई, 2025 को ओडिशा तट पर स्वदेश निर्मित '**अस्त्र**' बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (BVRAAM) का सफल परीक्षण किया।
- इस मिसाइल को **सुखोई-30 एमके-आई** लड़ाकू विमान से लॉन्च किया गया और इसने दो तेज गति वाले ड्रोन लक्ष्यों को अलग-अलग परिस्थितियों में उच्च सटीकता से मार गिराया।

### मिसाइल की मुख्य विशेषताएँ

- **स्वदेशी तकनीकः** परीक्षण में **स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) सीकर** से लैस मिसाइल का उपयोग किया गया, जो लक्ष्य पर लॉक करने और मार्गदर्शन में मदद करता है।
- **मारक क्षमताः** 'अस्त्र' मिसाइल की मारक क्षमता **100 किलोमीटर से अधिक** है।
- **विकासः** इस हथियार प्रणाली को डीआरडीओ ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) सहित 50 से अधिक सार्वजनिक और निजी उद्योगों के सहयोग से विकसित किया है।
- यह सफल परीक्षण हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट 'आईएनएस तमाल' नौसेना में शामिल

- भारतीय नौसेना ने 1 जुलाई, 2025 को रूस के कलिनिनग्राद स्थित यंतर शिपयार्ड में अपने नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट **'आईएनएस तमाल (F 71)'** को बेड़े में शामिल कर लिया है।
- यह **प्रोजेक्ट 1135.6 श्रृंखला** का 8वाँ बहु-भूमिका वाला स्टील्थ फ्रिगेट है।

### जहाज की मुख्य विशेषताएँः

- **हथियार प्रणालीः** यह जहाज भारत की लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल **'ब्रह्मोस'** और रूस की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल **'श्टिल-1'** जैसी शक्तिशाली हथियार प्रणालियों से लैस है।
- **स्वदेशी उपकरणः** इसमें 26% स्वदेशी घटक हैं, जिसमें 'हम्सा-एनजी सोनार प्रणाली' भी शामिल है।
- **अन्य क्षमताः** यह कामोव-28 (पनडुब्बी रोधी) और कामोव-31 (हवाई पूर्व चेतावनी) जैसे हेलीकॉप्टरों को ले जाने में सक्षम है।
- 'आईएनएस तमाल' को भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े, जिसे **'स्वॉर्ड आर्म'** भी कहा जाता है, में शामिल किया जाएगा, जिससे नौसेना की ताकत में और वृद्धि होगी।

## प्रोजेक्ट 17ए का दूसरा स्टेल्थ फ्रिगेट 'उदयगिरि' नौसेना को सौंपा गया

- प्रोजेक्ट 17ए के दूसरे स्टेल्थ फ्रिगेट, यार्ड 12652 (उदयगिरि), को 1 जुलाई, 2025 को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया।
- इसका निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDLS), मुंबई द्वारा किया गया है।

### जहाज की मुख्य विशेषताएँ

- यह शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) का एक उन्नत संस्करण है, जिसमें बेहतर रडाररोधी (Stealth) विशेषताएँ और आधुनिक हथियार तथा सेंसर लगे हैं।
- यह डीजल और गैस (CODAG) आधारित प्रणोदन प्रणाली से लैस है, जो इसे उच्च गति प्रदान करती है।
- इसके प्रमुख हथियारों में सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली और 76 मिमी की मुख्य गन शामिल है।
- **पृष्ठभूमिः** इस जहाज का नामकरण पूर्ववर्ती आईएनएस उदयगिरि के नाम पर किया गया है, जिसने 31 वर्षों तक राष्ट्र की सेवा करने के बाद 2007 में सेवानिवृत्त हुआ था।

## पनडुब्बीरोधी जहाज 'अजय' कोलकाता में लॉन्च, शृंखला का आठवाँ और अंतिम जहाज

- भारतीय नौसेना के लिए **एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW SWC)** शृंखला के आठवें और अंतिम जहाज, **'अजय' (यार्ड 3034)**, को 21 जुलाई, 2025 को कोलकाता में लॉन्च किया गया।

### जहाज के मुख्य बिंदुः

- **निर्माताः** इसका डिजाइन और निर्माण स्वदेशी रूप से **गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE)** द्वारा किया गया है, जिसमें 80% स्वदेशी सामग्री है।
- **उद्देश्यः** यह जहाज उथले पानी में पनडुब्बी रोधी युद्ध, पानी के नीचे की निगरानी और बारूदी सुरंग बिछाने की नौसेना की क्षमताओं को बढ़ाएगा।
- **उपकरणः** यह हल-माउंटेड सोनार, लो-फ्रीक्वेंसी वेरिएबल डेप्थ सोनार (LFVDS) जैसे सेंसर और टॉरपीडो तथा रॉकेट जैसे अत्याधुनिक हथियारों से लैस है।
- यह इस श्रेणी का अंतिम जहाज है, जिसका पहला जहाज 'अर्नाला' जून 2025 में कमीशन हुआ था।

## डीआरडीओ ने भारतीय नौसेना को सौंपे 6 स्वदेशी उत्पाद

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा भारतीय नौसेना को छह स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किए गए रणनीतिक प्रोडक्ट 15 जुलाई, 2025 को सौंपे गए।
- ये स्वदेशी प्रणालियाँ न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल और रेडियोलॉजिकल खतरों के विरुद्ध नौसेना की क्षमताओं को सशक्त बनाएँगे।
- **डीआरडीओ द्वारा सौंपे गए उत्पाद** : गामा रेडिएशन एरियल सर्विलांस सिस्टम, एनवायरनमेंटल सर्विलांस व्हीकल, व्हीकल रेडियोलॉजिकल कंटैमिनेशन मॉनिटरिंग सिस्टम, अंडरवॉटर गामा रेडिएशन मॉनिटरिंग सिस्टम, डर्ट एक्सट्रैक्टर एंड क्रॉस कंटैमिनेशन मॉनिटर व ऑर्गन रेडियोएक्टिविटी डिटेक्शन सिस्टम।

## National News InShort

### तेजस एमके-1ए के लिए दूसरा जीई-404 इंजन प्राप्त

- भारत को 14 जुलाई, 2025 को हल्के लड़ाकू विमान (LCA) तेजस मार्क 1अ के लिए अमेरिका से दूसरा जीई-404 इंजन प्राप्त हुआ।
- **पृष्ठभूमिः** यह इंजन 2021 में दिए गए 99 इंजनों के ऑर्डर का हिस्सा है।
- **महत्वः** इन इंजनों का उपयोग HAL द्वारा निर्मित तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमानों में किया जाएगा, जिन्हें भारतीय वायु सेना अपने पुराने मिग-सीरीज के बेड़े को बदलने के लिए शामिल कर रही है।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

☑ हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) एमके1ए के लिए निर्मित विंग असेंबली का पहला सेट हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 17 जुलाई, 2025 को किससे प्राप्त हुआ है?
**लार्सन एंड टुब्रो**

☑ भारत द्वारा बनाए जाने वाले पहले डुअल स्टेल्थ ड्रोन में किस नाम के विशेष स्वदेशी कोटिंग मटेरियल का उपयोग किया जाएगा?
**रामा**

ooo



# आर्थिक परिदृश्य

## विश्व बैंक ने भारत को विश्व के सर्वाधिक समानता वाले देशों में शामिल किया

- विश्व बैंक ने भारत को विश्व के सर्वाधिक समानता वाले देशों में शामिल किया है।
- विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारत का गिनी सूचकांक 25.5 है और यह भारत को विश्व में आर्थिक दृष्टि से **चौथा सर्वाधिक समतावादी देश** बनाता है।
- भारत से पहले तीन देश **स्लोवाक गणराज्य** (24.1), **स्लोवेनिया** (24.3) और **बेलारूस** (24.4) हैं।
- विश्व बैंक ने जिन 167 देशों के आँकड़े जारी किए हैं, उनमें से भारत **'मध्यम रूप से कम' असमानता श्रेणी** में आता है और यह 'कम असमानता' समूह में शामिल होने से बस एक अंश दूर है।
- उल्लेखनीय है कि गिनी सूचकांक से जाना जा सकता है कि किसी देश में किस प्रकार लोगों के बीच समान रूप से आय, सम्पत्ति और खपत का बँटवारा होता है।

## भारत ने पहली बार ई-ट्रक प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ किया

- भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय ने देश में पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रकों (ई-ट्रकों) के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु 'ई-ट्रक प्रोत्साहन योजना' का शुभारंभ किया है।
- इसका मुख्य उद्देश्य देश में स्वच्छ और टिकाऊ माल ढुलाई को बढ़ावा देना है।

**योजना के मुख्य बिंदुः**

- **प्रोत्साहनः** इस योजना के तहत, **N2** (3.5 से 12 टन भार) और **N3** (12 से 55 टन भार) श्रेणी के **इलेक्ट्रिक ट्रकों की खरीद पर सीधी वित्तीय सहायता (माँग प्रोत्साहन)** दी जाएगी।
- **अनिवार्य वारंटीः** निर्माताओं के लिए बैटरी पर 5 वर्ष या 5 लाख किलोमीटर और वाहन पर 5 वर्ष या 2.5 लाख किलोमीटर की **वारंटी देना अनिवार्य** होगा।
- **लक्ष्यः** इस योजना से देश भर में लगभग **5,600 ई-ट्रकों** को लाने में मदद मिलने की उम्मीद है।
- यह कदम परिवहन क्षेत्र से होने वाले प्रदूषण (जो डीजल ट्रकों से 42% तक होता है) को कम करने और 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## भारत की स्थापित विद्युत क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से

- भारत ने 2030 के लक्ष्य से 5 वर्ष पहले ही अपनी कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 50.08% हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधनों से हासिल कर लिया है।
- केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा जुलाई 2025 में प्रदत्त जानकारी के अनुसार **देश की कुल 484.82 गीगावॉट** बिजली क्षमता में से **242.78 गीगावॉट** अब सौर, पवन, जल और परमाणु ऊर्जा जैसे स्वच्छ स्रोतों से आती है।

**30 जून, 2025 तक स्रोत द्वारा स्थापित विद्युत क्षमता (नवीकरणीय ऊर्जा + बड़ी जलविद्युत सहित)**

| क्षेत्र | क्षमता (गीगावॉट में) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| तापीय विद्युत ऊर्जा | 242.04 | 49.92 |
| परमाणु ऊर्जा | 8.78 | 1.81 |
| नवीकरणीय ऊर्जा (बड़ी जलविद्युत परियोजना सहित) | 234.00 | 48.27 |
| **कुल योग** | **484.82** | **100** |

**30 जून, 2025 तक स्रोत द्वारा स्थापित विद्युत क्षमता**

| क्षेत्र | क्षमता (गीगावॉट में) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| तापीय विद्युत ऊर्जा | 242.04 | 49.92 |
| परमाणु ऊर्जा | 8.78 | 1.81 |
| बड़ी जलविद्युत परियोजना | 49.38 | 10.19 |
| नवीकरणीय ऊर्जा | 184.62 | 38.08 |
| **कुल योग** | **484.82** | **100** |

**30 जून, 2025 तक स्थापित क्षमता में जीवाश्म बनाम गैर-जीवाश्म ऊर्जा का हिस्सा**

| क्षेत्र | क्षमता (गीगावॉट में) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| तापीय विद्युत ऊर्जा | 242.04 | 49.92 |
| गैर-जीवाश्म ईंधन (नवीकरणीय ऊर्जा+ बड़ी जलविद्युत परि-योजना+परमाणु ऊर्जा) | 242.78 | 50.08 |
| **कुल योग** | 484.82 गीगावॉट | 100 |

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दी प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 16 जुलाई, 2025 को छह साल की अवधि के लिए '**प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना**' को मंजूरी दे दी है।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना और भंडारण तथा सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना है।

### योजना के मुख्य बिंदुः

- **दायराः** यह योजना 2025-26 से देश के **100 चयनित जिलों** में लागू होगी। इन जिलों का चयन कम उत्पादकता, कम फसल सघनता और कम ऋण वितरण जैसे संकेतकों के आधार पर किया जाएगा।
- **क्रियान्वयनः** नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम से प्रेरित यह योजना, 11 विभागों की **36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत** कर लागू की जाएगी।
- **निगरानीः** प्रत्येक चयनित जिले की प्रगति की निगरानी **117 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (KPIs)** के माध्यम से मासिक रूप से की जाएगी।
- **लक्ष्यः** इन 100 जिलों में लक्षित सुधार करके देश के समग्र कृषि औसत को ऊपर उठाना।
- यह कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर केन्द्रित पहली विशिष्ट योजना है, जिसमें प्रत्येक राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश से कम से कम एक जिले का चयन सुनिश्चित किया जाएगा।

## स्वच्छ ऊर्जा के लिए 'कॉपर और एल्युमीनियम विजन दस्तावेज' जारी

- केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने जुलाई 2025 में हैदराबाद में आयोजित एक सम्मेलन में भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किए।

1. **कॉपर विजन दस्तावेजः**
   - यह दस्तावेज इलेक्ट्रिक वाहनों (EVs) और सौर ऊर्जा जैसी हरित प्रौद्योगिकियों में कॉपर के महत्व पर जोर देता है।
   - इसमें **2047 तक ताँबे की माँग में छह गुना वृद्धि** की उम्मीद जताई गई है और **2030 तक गलाने और शोधन क्षमता को 5 मिलियन टन प्रति वर्ष** तक बढ़ाने की योजना है।
2. **एल्युमीनियम विजन दस्तावेजः**
   - इस दस्तावेज में **2047 तक एल्युमीनियम उत्पादन को छह गुना बढ़ाने** की रणनीतिक कार्ययोजना है।
   - इसके प्रमुख उद्देश्यों में **बॉक्साइट उत्पादन बढ़ाना**, रीसाइक्लिंग दर को दोगुना करना और कम कार्बन उत्सर्जन वाली तकनीकों को अपनाना शामिल है।

- इन दोनों दस्तावेजों का लक्ष्य भारत के ऊर्जा परिवर्तन और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है।

## रसायन उद्योग पर नीति आयोग की रिपोर्ट जारी, भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाने का रोडमैप प्रस्तुत

- नीति आयोग ने 3 जुलाई, 2025 को 'रसायन उद्योग' पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी की है, जिसमें भारत को इस क्षेत्र में एक वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनाने का रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।

### रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

- **वर्तमान स्थितिः** रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक रासायनिक मूल्य श्रृंखला में भारत की भागीदारी केवल 3.5% है। कम घरेलू उत्पादन क्षमता और अनुसंधान एवं विकास (R&D) में कम निवेश (वैश्विक औसत का एक-तिहाई से भी कम) इस क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियाँ हैं।
- **भविष्य के लक्ष्यः** रिपोर्ट में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत सुधारों के माध्यम सेः
  - **वर्ष 2030 तक** वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत की हिस्सेदारी को **5-6% तक** बढ़ाया जाएगा।
  - **वर्ष 2040 तक 12%** की हिस्सेदारी हासिल करने के साथ इस क्षेत्र में **1 ट्रिलियन डॉलर** का व्यापार करने की क्षमता है।
- इस रिपोर्ट का उद्देश्य लक्षित सुधारों के माध्यम से व्यापार घाटे को कम करना, घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना और भारत की वैश्विक भागीदारी को सशक्त बनाना है।

## भारत वैश्विक आर्थिक वृद्धि और प्रौद्योगिकी बाजार में बना प्रमुख शक्तिः रिपोर्ट्स

- हाल ही में जारी दो अलग-अलग रिपोर्टें- एसबीआई रिसर्च और कोलियर्स- ने वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती ताकत को उजागर किया है।

### एसबीआई रिपोर्टः आर्थिक योगदान

- एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की कुल वृद्धि में भारत का योगदान लगभग **6.7 प्रतिशत** रहा।
- विश्व अर्थव्यवस्था में हुई 4,118 बिलियन डॉलर की वृद्धि में भारत ने **297 बिलियन डॉलर** का योगदान दिया।
- अकेले भारतीय स्टेट बैंक (SBI) का योगदान वैश्विक वृद्धि में 1.1 प्रतिशत था, जो भारत के कुल योगदान का लगभग 16 प्रतिशत है।

**कोलियर्स रिपोर्टः प्रौद्योगिकी बाजार**

- कोलियर्स की रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2025 में दुनिया के **शीर्ष 10 प्रौद्योगिकी बाजारों** में शामिल होगा, जिसका मुख्य कारण यहाँ प्रतिभा की प्रचुर उपलब्धता है।
- वैश्विक तकनीकी केन्द्रों में भारत का **बेंगलुरू शहर, टोक्यो (जापान) और बीजिंग (चीन)** के साथ एशिया के शीर्ष तीन शहरों में शामिल है।
- भारत के प्रमुख तकनीकी शहर एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कुल तकनीकी प्रतिभा का **69 प्रतिशत हिस्सा** रखते हैं।

## भारत ने 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य निर्धारित समय से 5 वर्ष पहले हासिल किया

- भारत ने वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है, जो वर्ष 2030 के अपने मूल लक्ष्य से पाँच वर्ष पहले है।
- भारतीय चीनी एवं जैव ऊर्जा विनिमार्ता संघ (इस्मा) द्वारा 25 जुलाई, 2025 को साझा की जानकारी के अनुसार पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण वर्ष 2014 के मात्र 1.5% से बढ़कर 2025 में 20% हो गया है, जो 11 वर्षों में लगभग 13 गुना वृद्धि है।
  - इथेनॉल का उत्पादन 2014 के 38 करोड़ लीटर से बढ़कर जून 2025 तक 661.1 करोड़ लीटर हो गया है।
- इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल के बढ़ते उपयोग से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में 698 लाख टन की कमी आई है।

## एसबीआई 2025 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक घोषित

- भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 'भारतीय स्टेट बैंक' (SBI) को प्रतिष्ठित ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन द्वारा वर्ष 2025 का 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक' (World's Best Consumer Bank) घोषित किया गया है।
- यह पुरस्कार ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका (Global Finance magazine) द्वारा 18 अक्टूबर, 2025 को एसबीआई के अध्यक्ष सीएस शेट्टी को प्रदान किया जाएगा।
  - उक्त पुरस्कार वाशिंगटन डीसी में आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के दौरान 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ बैंक' नामक वार्षिक कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।

## कृषि उत्पाद बाजरे के लिए भारत के मानकों को मिली अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता

- कोडेक्स एलेमेंटेरियस आयोग की 88वीं कार्यकारी समिति की बैठक (CCEXEC 88) 2025 में खाद्यान्न श्रेणी में साबुत बाजरा के लिए समूह-मानक विकसित करने में भारत के नेतृत्व की सराहना की गई है।
- यह बैठक रोम (इटली) स्थित खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) मुख्यालय में 14-18 जुलाई, 2025 में आयोजित की गई थी।
- उल्लेखनीय है कि भारत ताजी हल्दी और ब्रोकली के लिए मानक विकसित करने हेतु नए कार्य प्रस्तावों में सह-अध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेगा।

## UPI बना दुनिया का टॉप रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम, वीजा को पीछे छोड़ा

- भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) अब वीजा को पीछे छोड़कर दुनिया का शीर्ष रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम बन गया है।
- केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा 14 जुलाई, 2025 को दी गई जानकारी के अनुसार, UPI ने **650.26 मिलियन दैनिक ट्रांजैक्शन** के साथ वीजा (639 मिलियन) को पछाड़ दिया है।

**मुख्य बिंदुः**

- **वैश्विक हिस्सेदारीः** अब दुनिया के सभी रियल-टाइम भुगतान में भारत के UPI की हिस्सेदारी **48.5%** हो गई है।
- **विकास दरः** RBI की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में UPI के माध्यम से **₹261 लाख करोड़** के **185.8 अरब ट्रांजैक्शन** हुए, जो पिछले साल की तुलना में **41% अधिक** है।
- **अन्तर्राष्ट्रीय उपस्थितिः** वर्तमान में UPI का उपयोग भारत के अलावा **7 अन्य देशों (सिंगापुर, UAE, फ्रांस, भूटान, नेपाल, श्रीलंका और मॉरीशस)** में भी हो रहा है।
- 2016 में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा शुरू किया गया UPI, अब प्रति माह 18 अरब से अधिक लेन-देन प्रोसेस करता है।

## भारत के निर्यात में तेज वृद्धिः इलेक्ट्रॉनिक्स और रेडीमेड गारमेंट्स (अप्रैल-जून 2025)

- वाणिज्य मंत्रालय द्वारा 20 जुलाई, 2025 को जारी आँकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2025) में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और रेडीमेड गारमेंट्स के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

☑ **इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात**

- **वृद्धि दरः** 47% की तीव्र वृद्धि।
- **कुल निर्यात मूल्यः** 12.41 अरब अमेरिकी डॉलर।
- **शीर्ष 3 निर्यात गंतव्य**
  1. संयुक्त राज्य अमेरिका
  2. संयुक्त अरब अमीरात
  3. चीन
- **अमेरिका की हिस्सेदारीः** कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी सर्वाधिक 60.17% रही।
- **महत्वपूर्ण संकेतः** यह वृद्धि भारत के एक वैश्विक विनिर्माण केन्द्र के रूप में उभरने का संकेत देती है।

☑ **रेडीमेड गारमेंट्स निर्यातः परीक्षोपयोगी तथ्य**

- **कुल निर्यात मूल्यः** 4.19 अरब डॉलर (पिछले वर्ष की इसी अवधि में 3.85 अरब डॉलर था)।

- **शीर्ष 3 निर्यात गंतव्य**
  1. संयुक्त राज्य अमेरिका
  2. ब्रिटेन
  3. संयुक्त अरब अमीरात
- **अमेरिका की हिस्सेदारी**ः कुल गारमेंट्स निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 34.11% रहा।

## प्रसंस्कृत आलू उत्पादन और निर्यात में गुजरात देश में शीर्ष पर

- भारत में प्रसंस्कृत आलू (Processed Potato) के उत्पादन और निर्यात में गुजरात देश का शीर्ष राज्य बन गया है। देश के कुल प्रसंस्कृत आलू उत्पादन का लगभग **80 प्रतिशत** हिस्सा अकेले गुजरात में होता है।
- इस मामले में **उत्तर प्रदेश दूसरे** और **पंजाब तीसरे स्थान** पर है।

**मुख्य बिंदुः**

- **उत्पादन में वृद्धिः** पिछले दो दशकों में राज्य में प्रसंस्कृत आलू का उत्पादन **10 गुना बढ़कर** 11.50 लाख टन तक पहुँच गया है।
- **प्रमुख जिलेः बनासकांठा, साबरकांठा और अरावली** आलू की खेती के लिए गुजरात के अग्रणी ज़िले हैं।
- **प्रमुख किस्मेंः** यहाँ उगाई जाने वाली प्रसंस्करण-योग्य प्रमुख किस्मों में **लेडी रोसेटा, कुफरी चिप्सोना और सैंटाना** शामिल हैं।
- **उपयोगः** प्रसंस्कृत उत्पादन का लगभग 60% वेफर (चिप्स) बनाने में और 40% फ्रेंच फ्राइज बनाने में उपयोग किया जाता है।

## NHAI ने जारी की सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट 2023-24

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अपनी दूसरी 'सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट' जारी की है। यह रिपोर्ट पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) सिद्धांतों के प्रति NHAI की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदुः**

- **उत्सर्जन में कमीः** राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में 20% की वृद्धि के बावजूद, NHAI ने अपने ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन की तीव्रता को सफलतापूर्वक **1.0 से घटाकर 0.8 tCO2e/किमी.** कर दिया है।
- **वृक्षारोपणः** 2015 की 'हरित राजमार्ग नीति' के बाद से अब तक कुल **4.69 करोड़** से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।
- **जल संरक्षणः** पानी की कमी वाले क्षेत्रों में जल उपयोग की तीव्रता में **74% की उल्लेखनीय कमी** आई है।
- **प्रौद्योगिकीः** दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए, AI-संचालित **'डेटा लेक 3.0'** प्लेटफॉर्म को सफलतापूर्वक लागू किया गया है।
- यह रिपोर्ट दर्शाती है कि NHAI विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

## News InShort

### खुदरा महँगाई दर

- सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा 14 जुलाई, 2025 को जारी आँकड़ों के अनुसार जून 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) पर आधारित मुद्रास्फीति दर 2.10% रही है।
- यह विगत छह वर्षों में सबसे कम है। इस प्रकार देश में खुदरा महँगाई दर पिछले छह वर्ष में सबसे निचले स्तर पर पहुँच गई है।
- इससे पहले जनवरी 2019 में मुद्रास्फीति का निचला स्तर 1.97 प्रतिशत था।

### एग्रीटेक इनोवेशन हब

- भारतीय कृषि के परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव लाने के कदम के रूप में **'सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ'** के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में **'एग्रीटेक इनोवेशन हब'** (Agritech Innovation Hub) का उद्घाटन 8 जुलाई, 2025 को किया गया।
  - यह हब **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़** द्वारा संचालित है।
- **उद्देश्यः** इस पहल का उद्देश्य कृषि के साथ प्रौद्योगिकी को जोड़ना, किसानों को सशक्त बनाना और भारत में अधिक सतत और प्रगतिशील कृषि के भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है।

### मशरेक

- यूएई स्थित ऋणदाता 'मशरेक' (Mashreq) को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) के भीतर एक नई अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र बैंकिंग इकाई (IBU) खोलने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है।
- इसके साथ यह (मशरेक) बैंक गिफ्ट सिटी (गुजरात) में शाखा की मंजूरी पाने वाला पहला यूएई-आधारित बैंक बन गया है।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- ☑ स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने मध्य पूर्व में अपने पहले अन्तर्राष्ट्रीय कार्यालय (प्रतिनिधि कार्यालय) का उद्घाटन जुलाई 2025 में कहाँ किया है? **दुबई**
- ☑ एशियन डेवलपमेंट बैंक ने एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट (23 जुलाई को जारी) में वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.7 प्रतिशत से घटाकर कितनी कर दी है? **6.5 प्रतिशत**
- ☑ किस अमेरिकी टेक कम्पनी ने 25 साल तक पाकिस्तान में काम करने के बाद वहाँ अपना ऑपरेशन बंद कर दिया है? **माइक्रोसॉफ्ट**
- ☑ किस अमेरिकी कम्पनी को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट का वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने हेतु अंतिम नियामक मंजूरी मिल गई है? **स्टारलिंक**

OOO



# प्रादेशिक परिदृश्य

## राजस्थान/Rajasthan

### न्यायमूर्ति के.आर. श्रीराम बने राजस्थान उच्च न्यायालय के 43वें मुख्य न्यायाधीश



जस्टिस के आर श्रीराम
मुख्य न्यायाधीश

- मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्रीराम कल्पाथी राजेंद्रन (के.आर. श्रीराम) ने राजस्थान उच्च न्यायालय के 43वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर 21 जुलाई, 2025 को शपथ ग्रहण की।
- राष्ट्रपति ने **14 जुलाई, 2025** को उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी।

**नियुक्ति के मुख्य बिंदुः**

- **कार्यकाल और नियुक्तिः** इस पद पर उन्होंने **न्यायमूर्ति मनीन्द्र मोहन श्रीवास्तव** का स्थान लिया।
  - न्यायमूर्ति श्रीराम का कार्यकाल लगभग दो महीने का होगा, क्योंकि वह **27 सितम्बर, 2025 को सेवानिवृत्त** हो जाएँगे।
  - यह नियुक्ति कॉलेजियम की सिफारिश के तहत हुई है, जिसमें राजस्थान और मद्रास के मुख्य न्यायाधीशों का पारस्परिक स्थानांतरण किया गया है।
- **अन्य न्यायाधीशों का स्थानांतरणः**
  - इस फेरबदल के तहत, **जस्टिस एस.पी. शर्मा** को पंजाब एंड हरियाणा से राजस्थान उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया गया है। वहीं, राजस्थान उच्च न्यायालय से **जस्टिस श्रीचंद्रशेखर** को मुंबई और **जस्टिस अरुण मोगा** को दिल्ली उच्च न्यायालय भेजा गया है।

### राजस्थान उच्च न्यायालय को मिले सात नए न्यायाधीश, कुल संख्या 43 हुई

- केंद्र सरकार ने 22 जुलाई, 2025 को एक अधिसूचना जारी कर राजस्थान उच्च न्यायालय में सात नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। यह नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के आधार पर की गई है।

**नियुक्तियों का विवरणः**

- इन सात न्यायाधीशों में से **छह वकील कोटे** से और **एक न्यायिक अधिकारी कोटे** से हैं।
- न्यायिक अधिकारी **संगीता शर्मा** (वर्तमान में अजमेर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश) को न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।
- वकील कोटे से, **संदीप तनेजा** को स्थायी न्यायाधीश और छह अन्य (बलजिंदर सिंह, बिपिन गुप्ता, संजीत पुरोहित, रवि चिरानिया, अनुरूप सिंघी) को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।
- **न्यायालय में न्यायाधीशों की स्थितिः** इन नई नियुक्तियों के बाद, राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल संख्या 50 की स्वीकृत संख्या के मुकाबले बढ़कर 43 हो गई है। यह दूसरी बार है जब न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 40 के पार पहुँची है।

### 76वाँ राज्य-स्तरीय वन महोत्सवः एक दिन में ढाई करोड़ पौधे लगाकर बना रिकॉर्ड, जयपुर रहा अव्वल

- 76वाँ राज्य-स्तरीय वन महोत्सव 27 जुलाई, 2025 को जयपुर के जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने समारोह में सिंदूर का पौधा लगाकर और ड्रोन से बीजारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**महोत्सव के प्रमुख बिंदु और उपलब्धियाँ**

- **नया रिकॉर्डः** हरियाली तीज के अवसर पर राज्य भर में एक ही दिन में **ढाई करोड़ पौधे** लगाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया।
- **'मिशन हरियालो राजस्थान'**: इस मिशन के तहत जयपुर जिले ने 42 लाख से अधिक पौधे लगाकर प्रदेश के 41 जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। (इस मिशन का लक्ष्य 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाना है)।
- **अमृता देवी बिश्नोई स्मृति पुरस्कारः**
  - **वन संरक्षण के लिए** लक्ष्मणगढ़ के अजीत सिंह छींछास को **'अमृता देवी बिश्नोई स्मृति पुरस्कार 2023'** से सम्मानित किया गया।
  - **वन्यजीव संरक्षण और उनके निःशुल्क इलाज के लिए** पावटा के **डॉ. गौरीशंकर शर्मा** और **गोविंद भारद्वाज** को भी यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

- **डॉ. गौरीशंकर शर्मा**, जो भांकरी (पावटा) निवासी हैं और ज्योतिष शास्त्र के विद्वान हैं, पिछले 20 वर्षों से वन्यजीवों की सेवा में लगे हैं। अब तक उन्होंने 180 नीलगाय के बच्चों का पालन-पोषण किया है।
- **गोविंद भारद्वाज**, जो पशुपालन विभाग में एलसीए के पद पर कार्यरत हैं, ने अब तक 3267 नीलगाय, 3000 मोर, 300 बंदर, 800 से अधिक छोटे पक्षी व अन्य कई पशु-पक्षियों की जान बचाई है।

**सरकार की प्रमुख घोषणाएँ एवं पहल**

- जोधपुर के खेजड़ली में '**अमृतादेवी इंडिजिनस प्लांट म्यूज़ियम**' का निर्माण किया जा रहा है।
- प्रदेश में **40 नगर वन** (City Forests) स्थापित किए जाएँगे (22 केंद्र द्वारा स्वीकृत और 18 राज्य द्वारा)।
- अरावली पर्वतमाला को हरा-भरा बनाने के लिए ₹ 250 करोड़ की हरित अरावली विकास परियोजना प्रारंभ की गई है।
- प्रदेश में 3,500 से अधिक स्थानीय व्यक्तियों को वन मित्र बनाया गया है।

## राजीविका ने स्वयं सहायता समूहों के लिए 'CRP प्लस' नीति को दी मंजूरी

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) ने राज्य के स्वयं सहायता समूहों (SHGs) और समुदाय आधारित संगठनों को सशक्त बनाने के लिए 'सीआरपी प्लस' (CRP Plus) नीति को आधिकारिक मंजूरी दे दी है।

**नीति के मुख्य बिंदुः**

- **उद्देश्यः** इस नीति का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को मजबूत करना और स्वयं सहायता समूहों का बेहतर सशक्तिकरण करना है।
- **बदलावः** इसके तहत, मौजूदा 'विलेज सपोर्ट टीम' की व्यवस्था को समाप्त कर 'कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (CRP प्लस)' की एक नई, अधिक प्रशिक्षित व्यवस्था लागू की जाएगी।
- **लाभः** चयनित सामुदायिक संसाधन दलों को बेहतर प्रशिक्षण और संसाधन दिए जाएँगे, जिससे वे स्थानीय स्तर पर विकास गतिविधियों का बेहतर नेतृत्व कर सकेंगे।
    - इस कदम से स्वयं सहायता समूहों (SHG), ग्राम संगठनों और क्लस्टर लेवल फेडरेशन (CLF) के सशक्तीकरण की गुणवत्ता और पहुँच में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

## राजस्थान फुटबॉल संघ का पुरस्कार समारोह

- राजस्थान फुटबॉल संघ द्वारा पहली बार एक्सीलेंस अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन जयपुर में 27 जुलाई, 2025 को किया गया।
- इस पुरस्कार समारोह में **मार्तंड रैना को प्रोफेशनल फुटबॉलर ऑफ द ईयर** के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है जबकि **अल्ताफ हुसैन को बेस्ट डोमेस्टिक फुटबॉलर ऑफ द ईयर** चुना गया।

**समारोह में प्रदत्त अन्य प्रमुख पुरस्कार**

- **सर्वश्रेष्ठ रेफरी अवॉर्ड** : कर्मवीर खीचड़ व जस्टिन जैस
- **इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर** : विशाल कलोसिया व धैर्य सनाढ्य
- **सर्वश्रेष्ठ जिला फुटबॉल संघ (पुरुष)** : हनुमानगढ़
- **सर्वश्रेष्ठ जिला फुटबॉल संघ (महिला)** : बीकानेर
- **सर्वश्रेष्ठ एकेडमी (पुरुष)** : जिंक फुटबॉल एकेडमी, उदयपुर
- **सर्वश्रेष्ठ एकेडमी (महिला)** : मगन सिंह राजवी एफसी, बीकानेर

## संपूर्णता अभियान सम्मान समारोहः करौली जिला स्वर्ण पदक से सम्मानित

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 28 जुलाई, 2025 को जयपुर में आयोजित 'राज्य-स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों और ब्लॉकों को सम्मानित किया।
- यह अभियान नीति आयोग द्वारा देश के पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए जुलाई से सितम्बर 2024 तक चलाया गया था।

☑ **पुरस्कारों के मुख्य बिंदुः**

- **सर्वश्रेष्ठ जिला (स्वर्ण पदक)ः** करौली जिले को नीति आयोग के सभी 6 प्रमुख संकेतकों में पूर्ण संतृप्ति (100% लक्ष्य प्राप्ति) हासिल करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।
- **अन्य सम्मानित जिले (कांस्य पदक)ः** बारां, धौलपुर, जैसलमेर और सिरोही को 4 संकेतकों में संतृप्ति के लिए कांस्य पदक मिला।
- **सर्वश्रेष्ठ ब्लॉक (स्वर्ण पदक)ः** जायल (नागौर), रानी (पाली) और खैरवाड़ा (उदयपुर) ब्लॉकों को सभी 6 संकेतकों में पूर्ण संतृप्ति के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इनके अलावा **20 अन्य ब्लॉकों** को भी रजत, कांस्य और ताम्र पदक दिए गए।

**अभियान की पृष्ठभूमिः**

- यह सम्मान समारोह नीति आयोग के 'आकांक्षी जिला और ब्लॉक कार्यक्रम' का हिस्सा था।
- यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन और बुनियादी ढाँचे जैसे क्षेत्रों में देश के सबसे पिछड़े जिलों और ब्लॉकों को तेजी से विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए 2018 से चलाया जा रहा है।

## झालावाड़ स्कूल हादसे के बाद सरकार का बड़ा फैसलाः भवनों की सुरक्षा समीक्षा के लिए स्थायी समितियाँ गठित

- झालावाड़ जिले के पीपलोदी गाँव में 25 जुलाई, 2025 को एक राजकीय स्कूल की छत गिरने से सात बच्चों की मौत के बाद, राज्य सरकार ने प्रदेश के सरकारी भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

मुख्य निर्णयः

- **स्थायी समितियों का गठनः** राजकीय स्कूलों, छात्रावासों, कॉलेजों और अन्य भवनों की सुरक्षा समीक्षा के लिए **राज्य और जिला स्तर पर स्थायी समितियों** का गठन किया गया है।
  - ये समितियाँ हर साल 15 जून से पहले असुरक्षित भवनों और पुलों की मरम्मत का काम पूरा करना सुनिश्चित करेंगी।
  - राज्य स्तरीय समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य सचिव (PWD) और जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर होंगे।
- **अन्य संबंधित निर्णयः**
  - **क्षेत्रीय विकास योजनाओं में बदलावः** डांग, मगरा और मेवात विकास योजनाओं में अब सरकारी भवनों की मरम्मत के लिए अनुमत राशि को 15% से बढ़ाकर **20%** कर दिया गया है।
- **विधायक कोष का दायरा बढ़ाः** अब विधायक भी अपने **स्थानीय क्षेत्र विकास कोष (MLALAD)** की 20% राशि से किसी भी सरकारी स्कूल या आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत की अनुशंसा कर सकेंगे, जबकि पहले यह केवल विधायक कोष से बने भवनों तक ही सीमित था।

## दुनिया की सर्वश्रेष्ठ पर्यटन नगरों की सूची में जयपुर 5वें स्थान पर

- राजस्थान की पिंकसिटी जयपुर को प्रतिष्ठित ट्रेवल एंड लेजर पत्रिका के रीडर्स सर्वे और वोटिंग में दुनिया के घूमने-देखने लायक टॉप-5 शहरों में शामिल कर 5वाँ स्थान दिया गया है।
- यह सम्मान जयपुर को उसकी राजस्थानी संस्कृति, गुलाबी बाजारों, आलीशान होटलों और शाही किलों के कारण मिला है।
- जयपुर को आइकॉनिक ग्लोबल डेस्टिनेशन की श्रेणी में स्थान दिया गया है।
  - जयपुर को रीडर्स सर्वे में 91.33 अंक प्राप्त हुए।
- इस सूची में शीर्ष स्थान मैक्सिको के सैन मिगुएल डी अलेंदे को मिला, जिसे उसकी सांस्कृतिक जीवंतता, बजट-अनुकूल माहौल और रचनात्मक आयोजनों के लिए सराहा गया है।

## मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के साथ राजस्थान देश में पहले पायदान पर

- राजस्थान, देश में मेजर मिनरल (प्रधान खनिज) ब्लॉकों की नीलामी करने में पहले स्थान पर पहुँच गया है।
- प्रदेश ने अब तक कुल 103 मेजर मिनरल ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की है, जो 2016 से अब तक देश में नीलाम हुए कुल 500 ब्लॉकों का 20 प्रतिशत से भी अधिक है।

मुख्य बिंदुः

- **हालिया प्रगतिः** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार के पिछले 18 महीनों के कार्यकाल में ही 64 ब्लॉकों का ऑक्शन किया गया है।
- **प्रमुख खनिजः** नीलाम हुए ब्लॉकों में मुख्य रूप से **75 लाइमस्टोन (चूना पत्थर)** के अलावा आयरन ओर, बेसमेटल, मैंगनीज और सोने के ब्लॉक शामिल हैं।
- **राष्ट्रीय सम्मानः** खनिज ब्लॉकों की नीलामी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार के खान मंत्रालय द्वारा इसी वर्ष जनवरी में राजस्थान को **प्रथम पुरस्कार** से भी सम्मानित किया जा चुका है।
- यह उपलब्धि राज्य को खनिज क्षेत्र में एक अग्रणी निवेशक गंतव्य के रूप में स्थापित करती है।

## डिजिटल हेल्थ कोर्स शुरू करने के लिए RUHS और कोइटा फाउंडेशन में समझौता

- राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS), जयपुर ने मुंबई स्थित **कोइटा फाउंडेशन** के साथ 24 जुलाई, 2025 को एक महत्वपूर्ण **समझौता ज्ञापन** (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- समझौते का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा छात्रों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए **'डिजिटल हेल्थ फाउंडेशन कोर्स'** (DHFC) शुरू करना है, ताकि उन्हें डिजिटल स्वास्थ्य उपकरणों की जानकारी और उनके प्रभावी उपयोग के लिए प्रशिक्षित किया जा सके।

कोर्स की विशेषताएँ

- इस ऑनलाइन कोर्स में इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड (EMRs), टेलीमेडिसिन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जैसे आधुनिक विषयों को शामिल किया गया है।
- इसमें वर्चुअल लैब के माध्यम से प्रायोगिक अनुभव भी प्रदान किया जाएगा।
- यह एमओयू, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के अनुरूप, प्रदेश में स्वास्थ्यकर्मियों को भविष्य की डिजिटल चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में डूँगरपुर और जयपुर को मिला पुरस्कार

- केन्द्रीय आवासन व शहरी मंत्रालय के स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में **डूँगरपुर** शहर को **20,000 से 50,000 की आबादी वाले शहरों की श्रेणी** में **'सुपर स्वच्छ लीग सिटी' पुरस्कार** प्रदान किया गया है।
  - डूँगरपुर राजस्थान का एकमात्र शहर है जिसे देश के **23 सुपर स्वच्छ लीग सिटीज** में शामिल किया गया है।

- इस वर्ष सुपर स्वच्छता लीग (एसएसएल) नामक एक विशेष श्रेणी की शुरुआत की गई है।
- सुपर स्वच्छ लीग में वे शहर शामिल हैं जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में स्थान पा चुके हैं और चालू वर्ष में अपनी संबंधित जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 20 प्रतिशत में बने हुए हैं।

- राजधानी जयपुर ने बड़ी छलांग लगाई है, जिसमें **10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में जयपुर ग्रेटर** ने **देश में 16वाँ** और **जयपुर हेरिटेज** ने **20वाँ स्थान** हासिल किया है।
  - पिछले सर्वेक्षण में ग्रेटर नगर निगम 173वें और हैरिटेज निगम 171वें स्थान पर था।
- **उदयपुर** ने **3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों** में देश में **13वाँ स्थान** हासिल किया।
  - इस प्रकार राजस्थान के **तीन शहर उदयपुर, जयपुर ग्रेटर और जयपुर हेरिटेज शीर्ष 20 स्वच्छ शहरों में** शामिल हुए हैं।
- उपर्युक्त पुरस्कार नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 17 जुलाई, 2025 को प्रदान किए गए।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 : अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु

- **जयपुर ग्रेटर** को '**प्रोमिसिंग स्वच्छ शहर**' श्रेणी में स्वच्छता की दिशा में प्रेरणादायक कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया है।
  - निगम को रैंकिंग में 16वें स्थान के साथ वाटर प्लस में भी सर्टिफिकेट मिला है। यह पहला मौका है, जब ग्रेटर निगम को वाटर प्लस सर्टिफिकेट मिला है।
- राजस्थान के **12 शहर** उदयपुर, जयपुर ग्रेटर और जयपुर हेरिटेज, बीकानेर, भीलवाड़ा, अलवर, जोधपुर उत्तर और दक्षिण, कोटा उत्तर, अजमेर, कोटा दक्षिण और सीकर देश के **शीर्ष 100 स्वच्छ शहरों में** शामिल हुए हैं।
- राजस्थान में **ओडीएफ++ शहरों की संख्या 17 से बढ़कर 38** हो गई है।
- राजस्थान के चार शहरों- **उदयपुर, राजाखेड़ा, जयपुर ग्रेटर और जयपुर हेरिटेज को जीएफसी (कचरा मुक्त शहर) थ्री स्टार रेटिंग और एक शहर सीकर को वन स्टार रेटिंग** भी मिली है।
- अमृत योजना के अंतर्गत **ढेलावास (जयपुर) एसटीपी** को **शहरी मिनिस्टीरियल क्रॉफ्रेंस के तहत बेस्ट प्रैक्टिस** चुना गया है।
- उल्लेखनीय है कि पहली बार राजस्थान के सभी शहरों की रैंक में पिछले वर्ष की तुलना में सुधार हुआ है, किसी भी शहर की रैंक पिछले वर्ष से नीचे नहीं हुई है।

**अन्य श्रेणियों में शीर्ष 100 राष्ट्रीय रैंक में शामिल राजस्थान के शहर**

- ☑ **10 लाख से अधिक आबादी श्रेणी :**
  - ग्रेटर नगर निगम जयपुरः 16
  - हैरिटेज नगर निगम जयपुरः 20
- ☑ **मीडियम सिटी (50 हजार-3 लाख) श्रेणी :**
  - सीकरः 95
- ☑ **छावनी बोर्ड (20-50 हजार आबादी) श्रेणी :**
  - नसीराबादः 51
  - अजमेर कैंटः 54
- ☑ **नगर निगम (3-10 लाख की आबादी)**
  - उदयपुरः 13, बीकानेर. 48, भीलवाड़ा : 53, अलवर : 54, जोधपुर उत्तरः 56, जोधपुर दक्षिण : 63, कोटा उत्तर : 68, अजमेरः 69 और कोटा दक्षिण : 74

- यह डूँगरपुर को लगातार पाँचवीं बार मिला राष्ट्रीय पुरस्कार है।
- **डूँगरपुर को अब तक स्वच्छता के क्षेत्र में कुल आठ राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं।**
- **वर्ष 2016** : राजस्थान की पहली खुले में शौच से मुक्त नगर परिषद बना।
- **वर्ष 2017** : प्रदेश का पहला ओडीएफ प्लस निकाय घोषित
- **वर्ष 2018** : यह निर्धारित श्रेणी में राज्य में तीसरे स्थान पर
- **वर्ष 2019** : प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया और वेस्ट जोन में सिटीजन फीडबैक में प्रथम रहा।
- **वर्ष 2020** : वेस्ट जोन में क्लीन सिटी अवॉर्ड मिला। प्रदेश में प्रथम।
- **वर्ष 2021** : थ्री स्टार रेटिंग के साथ प्रथम गार्बेज फ्री सिटी इन राजस्थान
- **वर्ष 2023** : राजस्थान में प्रथम रहते हुए वेस्ट जोन का सबसे स्वच्छ शहर घोषित।
- **वर्ष 2024** : सुपर स्वच्छ लीग सिटी का सम्मान

## काजरी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. धीरज सिंह को राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक पुरस्कार 2025

- जोधपुर स्थित केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. धीरज सिंह को राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया है।
- उन्हें यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के नई दिल्ली में आयोजित 97वें स्थापना दिवस समारोह में 16 जुलाई, 2025 को प्रदान किया गया।
- **योगदान** : डॉ. सिंह को यह पुरस्कार शुष्क क्षेत्र के किसानों के साथ समन्वय स्थापित कर अर्द्ध-शुष्क परिस्थितियों में कृषि की आर्थिक व्यवहार्यता को बेहतर बनाने के लिए दिया गया है।
- उल्लेखनीय है कि डॉ. धीरज सिंह केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) के एकीकृत कृषि प्रणाली प्रभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रधान वैज्ञानिक हैं।

## राजस्थान मंत्रिमंडल ने टाउनशिप, मेडिकल टूरिज्म और सिटी गैस पर तीन नई नीतियों को दी मंजूरी

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल ने 14 जुलाई, 2025 को प्रदेश के विकास को गति देने के लिए तीन महत्वपूर्ण नई नीतियों 'टाउनशिप पॉलिसी 2024', 'राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी 2025' और 'मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पॉलिसी 2025' को मंजूरी दी है।

## मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पॉलिसी

- राज्य सरकार ने राजस्थान को एक प्रमुख मेडिकल टूरिज्म (चिकित्सा पर्यटन) हब बनाने के उद्देश्य से 'मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पॉलिसी' (हील इन राजस्थान नीति-2025) के प्रारूप को मंजूरी दे दी है।
- इस नीति का लक्ष्य प्रदेश को एक सुलभ, किफायती और भरोसेमंद चिकित्सा पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करना है।

**नीति के प्रमुख प्रावधानः**

- एक समर्पित **'एमवीटी सेल'** की स्थापना की जाएगी और मरीजों तथा सेवा प्रदाताओं के लिए एक 'एमवीटी पोर्टल' व मोबाइल एप विकसित किया जाएगा।
- मरीजों की सुविधा के लिए **टेली-परामर्श** (Teleconsultation) और बहुभाषी हेल्पलाइन सेवाएँ स्थापित की जाएंगी।
- निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए, निवेशकों को राजस्थान निवेश संवर्धन योजना (RIPS) और अन्य नीतियों के तहत **विशेष प्रोत्साहन** दिए जाएँगे।
- आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ **आयुर्वेद, योग और यूनानी** जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को भी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा दिया जाएगा।

## टाउनशिप पॉलिसी-2024

- राज्य सरकार ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में सुविधाओं से युक्त नियोजित विकास को बढ़ावा देने के लिए **'टाउनशिप पॉलिसी-2024'** को मंजूरी दी है।
- इसका उद्देश्य आवासीय और औद्योगिक योजनाओं को अधिक व्यवस्थित और जनोपयोगी बनाना है।

**नीति के प्रमुख प्रावधानः**

- **समान प्रावधानः** अब सभी आवासीय योजनाओं में एकरूपता लाते हुए **7% भूमि पार्क व खेल मैदान** और **8% भूमि सुविधा क्षेत्र** के लिए रखना अनिवार्य होगा।
- **श्रमिकों के लिए आवासः** औद्योगिक योजनाओं में **न्यूनतम 5% क्षेत्रफल** श्रमिकों के निवास हेतु आरक्षित रखना होगा।
- **EWS/LIG आरक्षणः** आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) एवं अल्प आय वर्ग (LIG) के लिए आरक्षित भूखंडों का आवंटन अब सीधे स्थानीय निकायों के माध्यम से होगा।
- **पर्यावरणीय अनिवार्यताः** सभी योजनाओं में वर्षा जल संचयन (Rainwater Harvesting) और अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण (Wastewater Recycling) के प्रावधान अनिवार्य किए गए हैं।
- इसके अतिरिक्त, नीति में ग्रुप हाउसिंग, फ्लैट्स और वाणिज्यिक उपयोग के लिए भी नए प्रावधान शामिल किए गए हैं तथा योजनाओं की निगरानी के लिए एक राज्य स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा।

## राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नीति, 2025

- राज्य सरकार ने प्रदेश में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नेटवर्क के विस्तार में तेजी लाने के लिए 'राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति, 2025' को मंजूरी दी है।
- इस नीति का मुख्य उद्देश्य गैस वितरण कंपनियों के लिए अनुमति, भूमि आवंटन और अनुमोदन की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाना है।
- इस प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए एक सीजीडी पोर्टल भी विकसित किया जाएगा।
- यह नीति 31 मार्च, 2029 तक प्रभावी रहेगी।

# आरपीएससी में सदस्यों की संख्या 7 से बढ़ाकर 10 की जाएगी

- राज्य सरकार ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) में कार्य की अधिकता को देखते हुए तीन नए सदस्य पद सृजित करने का निर्णय लिया है।
- इस प्रकार आयोग में सदस्यों की संख्या अब 7 से बढ़कर 10 हो जाएगी।
- इसके लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग (सेवा की शर्तें) विनियम, 1974 के विनियम-3 (1) में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई।
- आरपीएससी में सदस्य संख्या बढ़ाने की स्वीकृति राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 14 जुलाई, 2025 को दी गई।

☆ **क्या होगी प्रक्रिया?** : मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद, अब 'राजस्थान लोक सेवा आयोग (सेवा की शर्तें) नियम, 1963' में संशोधन के लिए एक विधेयक राजस्थान विधानसभा में पेश किया जाएगा। विधानसभा से विधेयक के पारित होने और राज्यपाल की मंजूरी के बाद यह निर्णय लागू हो जाएगा।

# राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के प्रमुख निर्णय (14 जुलाई, 2025)

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

**1. तीन संयुक्त उद्यम (JV) कंपनियों के गठन को मंजूरी**

- राज्य में अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने और बिजली उत्पादन में वित्तीय भार कम करने के लिए 3 केंद्रीय PSUs के साथ तीन जॉइंट वेंचर (JV) कंपनियों के गठन को मंजूरी दी गईः
  - **इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड और RVUNL का JV: 500 मेगावाट की सौर परियोजना** स्थापित होगी, जिसमें ₹2,000 करोड़ का निवेश होगा।
  - **ऑयल इंडिया लिमिटेड और RVUNL का JV: 1000 मेगावाट सौर** और **200 मेगावाट पवन ऊर्जा** परियोजनाएँ स्थापित होंगी, जिसमें ₹5,000 करोड़ का निवेश होगा।

- ○ **गेल (इंडिया) लिमिटेड और RVUNL का JV**: धौलपुर और रामगढ़ के मौजूदा गैस पॉवर प्लांट इस JV को हस्तांतरित होंगे। साथ ही, **750 मेगावाट सौर** और **250 मेगावाट पवन ऊर्जा** परियोजना स्थापित की जाएगी, जिसमें ₹4200 करोड़ का निवेश होगा।

☑ **राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 में संशोधन**

- 'राइजिंग राजस्थान समिट' के तहत MOU करने वाले बड़े निवेशकों को राहत देने के लिए नीति में संशोधन किया गया है।
  - ○ अब ऐसे निवेशक जिनके पास PPA या कनेक्टिविटी नहीं है, वे भी भूमि हेतु पंजीयन और शुल्क जमा कराकर राजस्व विभाग से भूमि सेट-अपार्ट की अनुशंसा प्राप्त कर सकेंगे।

☑ **राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर के प्रबंधन में बदलाव**

- RIC, जयपुर का प्रबंधन अब एक **'गवर्निंग बोर्ड'** के माध्यम से किया जाएगा, जिसके अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। इस 15-सदस्यीय बोर्ड में सरकारी और नामित सदस्य शामिल होंगे।

☑ **महाविद्यालयों का नाम परिवर्तन**

- ○ **राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओसियाँ**, जोधपुर का नाम **'शहीद गोरख राम 'वीरचक्र'** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय' होगा।
- ○ **राजकीय कन्या महाविद्यालय, बुड्ढा जोहड**, रायसिंह नगर का नाम **'राजकीय श्री गुरु जम्भेश्वर कन्या महाविद्यालय'** होगा।
- ○ **राजकीय महाविद्यालय, फतेहपुर** का नाम **'मोदीसन राजकीय महाविद्यालय, फतेहपुर'** होगा।

## राजफेड का एनसीईएल के साथ एमओयू

- राज्य में सहकार से समृद्धि कार्यक्रम की बेहतर क्रियान्विति के क्रम में राजस्थान राज्य क्रय-विक्रय सहकारी संघ लि. (राजफेड) एवं राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. (NCEL) के मध्य महत्वपूर्ण एमओयू 14 जुलाई, 2025 को किया गया।

### एमओयू के लाभ

- सहकारी समितियों के माध्यम से जुडे सदस्यों को प्रत्यक्ष रूप से इस एमओयू का लाभ मिलेगा।
- सहकारी समितियों को निर्यात के क्षेत्र में कार्य करने का अवसर मिलेगा। इससे प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी तथा सहकारी समितियों की आय में वृद्धि होगी।

- सहकारी समितियों की आय में वृद्धि के दृष्टिगत केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर तीन बहु राज्यीय सहकारी समितियों का गठन किया गया है।
- राजफेड को राज्य सरकार द्वारा इन तीनों समितियों हेतु नोडल एजेंसी नामित किया गया है।
- पूर्व में राजफेड का भारतीय बीज सहकारी समिति लि. और राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लि. के साथ एमओयू हो चुका है।

## राज्य स्तरीय जूनियर तैराकी प्रतियोगिता

- राज्य तैराकी संघ की ओर से आयोजित 36वीं राजस्थान स्टेट जूनियर तैराकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ कोटा के श्रीनाथपुरम स्टेडियम स्थित विजयाराजे सिंधिया तरणताल में 12 जुलाई, 2025 को हुआ।
- इस प्रतियोगिता में 150 से अधिक तैराकों ने हिस्सा लिया।

### रिकॉर्ड

- प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर कई नए रिकॉर्ड बने। इसमें उदयपुर की **विधि सनाढ्य** ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक 3 मिनट 1 सेकण्ड 7 माइक्रो सेकण्ड में पूरा कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया।
- टोंक की **दक्षिणा जोशी** ने 100 मीटर बटरफ्लाई इवेंट को 1 मिनट 9 सेकण्ड 18 माइक्रो सेकण्ड में पूरा कर रिकॉर्ड बनाया।
  - ○ 200 मीटर बैक स्ट्रोक में भी रिकॉर्ड बनाया।
- **परिणीति सिंह चौधरी** ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल को 9 मिनट 50 सेकण्ड 51 माइक्रो सेकण्ड में पूरा कर नया रिकॉर्ड बनाया।
- जयपुर के स्टार स्विमर **कृष्णादित्य** पाँच और **सेरेना** चार गोल्ड मेडल जीत कर सबसे सफल तैराक बने।

## टाटा पॉवर ने राजस्थान में शुरू किया 'घर-घर सोलर अभियान'

- टाटा पॉवर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (TPREL) ने 14 जुलाई, 2025 को जयपुर से 'घर-घर सोलर अभियान' की औपचारिक शुरुआत की।
- इस पहल का उद्देश्य आवासीय छतों पर सोलर पैनल लगाने को बढ़ावा देने के लिए किफायती और सुलभ समाधान प्रदान करना है।

### अभियान की मुख्य विशेषताएँ

- **आसान भुगतान**: उपभोक्ता एक निश्चित अग्रिम राशि जमा कराकर शेष राशि का भुगतान आसान किस्तों में कर सकेंगे।
- **सरकारी सब्सिडी**: उपभोक्ता 'प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना' के तहत मिलने वाली सब्सिडी का लाभ भी उठा सकेंगे।
- **डिस्कॉम के साथ समझौता**: अभियान को गति देने के लिए, टाटा पॉवर ने राज्य की तीनों विद्युत वितरण निगमों (जयपुर, अजमेर और जोधपुर डिस्कॉम) के साथ समझौता किया है।
- **लक्ष्य**: प्रारंभ में यह अभियान जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा और बीकानेर पर केन्द्रित होगा। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 में राज्य में 125 मेगावाट की अतिरिक्त सौर क्षमता स्थापित करना है।
- टाटा पॉवर राजस्थान में अब तक 180 मेगावाट क्षमता वाले 7,600 रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित कर चुका है।

## विश्व जनसंख्या दिवसः परिवार कल्याण में बाँसवाड़ा जिला अव्वल

- विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई, 2025) के अवसर पर जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राज्य-स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
- इस वर्ष की थीम **'माँ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही'** रखी गई थी।
- समारोह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों को सम्मानित किया, जिसमें **बाँसवाड़ा जिले ने प्रथम स्थान** प्राप्त किया। **भीलवाड़ा को दूसरा** और **प्रतापगढ़ को तीसरा स्थान** मिला।

**अन्य प्रमुख पुरस्कारः**

- **सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाले निजी चिकित्सालयः** हरिओम अस्पताल (उदयपुर), महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज और गीतांजलि मेडिकल कॉलेज (उदयपुर)।
- **आशान्वित ब्लॉक श्रेणीः** निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) को प्रथम स्थान।
- **गैर सरकारी संगठन (NGO) श्रेणीः** एफआरएचएस इंडिया को प्रथम स्थान।
- **सर्वाधिक नसबंदीः** डॉ. मनोज अरोड़ा को सर्वश्रेष्ठ सर्जन का पुरस्कार।
- इस अवसर पर, परिवार कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश भर में 11 जुलाई से **'जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा'** का भी शुभारंभ किया गया।

## देश के पहले राजकीय कन्या सैनिक विद्यालय का लोकार्पण

- देश का पहला राजकीय बालिका सैनिक कन्या विद्यालय जयमलसर (बीकानेर) में स्थापित किया गया है।
- बीकानेर जिले के जयमलसर में देश के इस पहले राजकीय बालिका सैनिक कन्या विद्यालय, '**पूज्या रामीदेवी रामनारायण राठी बालिका सैनिक विद्यालय**' का लोकार्पण केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने 11 जुलाई, 2025 को किया।
- राज्य के वर्ष 2024-25 के परिवर्तित बजट में प्रदेश के सभी संभाग मुख्यालय पर सैनिक विद्यालय स्थापित करने की घोषणा की, जिसकी सर्वप्रथम क्रियान्विति बीकानेर से हुई है।
- यह विद्यालय पूर्णतया आवासीय होंगे और इनमें कक्षा छह से बारहवीं तक की बालिकाओं को प्रवेश दिया जाएगा। प्रथम चरण में 6 से 8वीं तक की बालिकाओं का प्रवेश होगा।
- **उद्देश्य** : इसका उद्देश्य बालिकाओं के आत्म सम्मान में वृद्धि,आत्मरक्षा के लिए तैयार करने के साथ, देश के प्रति सम्मान और सेवा का जज्बा पैदा करना है।

## इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

- 7वीं 'इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप' (7th Indian Open Para Athletics Championship) का आयोजन बेंगलुरू के प्रतिष्ठित कांतीरवा स्टेडियम में 11-12 जुलाई, 2025 को किया गया।

### चैम्पियनशिप में राजस्थान का प्रदर्शन

- चैम्पियनशिप में महेन्द्र गुर्जर ने भाला फेंक में अपना ही वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने दूसरे थ्रो में 63.89 मीटर के साथ नया रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता।
- 23 मई को महेन्द्र गुर्जर ने स्विट्जरलैण्ड में 61.17 मीटर के साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। महेन्द्र ने दिल्ली में होने वाली वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है।

☑ **स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी**

- सुंदर गुर्जर (एफ-46 भाला फेंक), महेन्द्र गुर्जर (एफ-42 भाला फेंक), प्रवीण (एफ-46 गोला फेंक) और खुशबू गिल (एफ-20 गोला फेंक), जगवीर सिंह (व्हीलचेयर रेस)

☑ **रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी**

- संदीप चौधरी (एफ-44 भाला फेंक), सुनील साहू (टी-38 400 मीटर) और अर्जुन जांगिड़ (टी-46 लम्बी कूद)

☑ **कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी**

- बंटी जांगिड़ (टी-44 ऊँची कूद), जगवीर सिंह (टी-53 400 मी. व्हीलचेयर) और विक्रम मीणा (टी-46 1500 मी.), जगवीर सिंह (व्हीलचेयर रेस), जनक सिंह हरषाना (एफ11, डिस्कस थ्रो), दुर्गा गहलोत (एफ32, थ्रो), जीवनी (एफ42, गोला फेंक), ठाकाराम मेघवाल (टी42, 100 मीटर दौड़)

- भरतपुर के **डॉ. जगबीर सिंह** ने व्हीलचेयर रेस में भाग लेते हुए **एक गोल्ड मेडल के अलावा दो कांस्य पदक** जीते।

## आपराधिक मामलों में पीड़ितों के पुनर्वास हेतु जयपुर पुलिस और फोर्टी के बीच एमओयू

- आपराधिक मामलों में गंभीर स्थिति के पीड़ितों के पुनर्वास के लिए जयपुर पुलिस और 'राजस्थान व्यापार एवं उद्योग महासंघ' (फोर्टी) के मध्य 8 जुलाई, 2025 को एमओयू हुआ है।
  - समझौता पत्र पर पुलिस की तरफ से कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ और फोर्टी की तरफ से अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने हस्ताक्षर किए हैं।
- इस एमओयू के तहत 'फोर्टी' कमजोर परिस्थितियों में अपराध पीड़ितों के लिए सहयोगात्मक पुनर्वास सहायता करेगा।

- इसमें शैक्षणिक सहायता (विशेषकर बच्चे, युवा या ड्रॉपआउट पीड़ितों के लिए), कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण, आर्थिक सुरक्षा उपाय जैसे माइक्रो-ग्रांट, रोजगार संबंध या अन्य सहायता शामिल है।
  - इसका लाभ बच्चे, महिलाएँ, बुजुर्ग नागरिक व बीमार ले सकेंगे।
- जयपुर पुलिस की इस पहल को 50 उद्योगपतियों ने सहमति दे दी है।
- **प्रक्रिया** : फोर्टी इस समझौते के आधार पर पुनर्वास के मामलों के लिए एक विंग स्थापित करेगी, जो कमिश्नर ऑफिस से आने वाले मामलों की जाँच करने के बाद कमेटी के पदाधिकारियों के समक्ष प्रस्ताव रखेगी। इसके बाद कोई एक व्यवसायी उस परिवार की जिम्मेदारी लेगा।

⌖ 1 जनवरी, 2011 को जयपुर शहर में पुलिस आयुक्तालय प्रणाली लागू होने के बाद से यहाँ एक पुलिस आयुक्त, दो अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एवं आठ पुलिस उपायुक्त भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

## राष्ट्रीय ऊँट दौड़ चैम्पियनशिप 2025

- राजस्थान की समृद्ध लोक परंपराओं और ग्रामीण खेल विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के तहत '**राष्ट्रीय ऊँट दौड़ चैम्पियनशिप 2025**' का **प्रथम संस्करण** 6 जुलाई, 2025 को **पुष्कर मैदान** में सम्पन्न हुआ।
- **प्रतिभागी** : इस अनोखे आयोजन में देशभर के 8 राज्यों से 50 प्रतिभागियों (महिलाओं एवं पुरुषों) ने भाग लिया।
- **आयोजक** : कार्यक्रम का आयोजन कैमलिड्स स्पोर्ट्स इंडिया फेडरेशन एवं राजस्थान ऊँट दौड़ संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।
- यह आयोजन विश्वविख्यात पुष्कर ऊँट मेले के भावी आयोजनों की भूमिका भी तय करता है।

## साइबर सुरक्षा में पेशेवर विकास कार्यक्रम हेतु CERT-In और बिट्स पिलानी में समझौता

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली **'भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम'** (CERT-In) और **बिट्स पिलानी** ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस समझौते का मुख्य उद्देश्य सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र (PSU) और उद्योग जगत के कामकाजी पेशेवरों के लिए **साइबर सुरक्षा में एक पेशेवर विकास कार्यक्रम** शुरू करना है।

**कार्यक्रम के मुख्य बिंदुः**

- इसके तहत, 19 जुलाई, 2025 को **8-सप्ताह** का एक ऑनलाइन पेशेवर विकास कार्यक्रम लॉन्च किया गया।
- इस कार्यक्रम का संचालन बिट्स पिलानी का हैदराबाद परिसर, अपने प्रौद्योगिकी साझेदार **'रैपिफज'** के साथ मिलकर CERT-In के मार्गदर्शन में करेगा।
- यह पहल देश में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की संख्या बढ़ाने और मौजूदा कार्यबल को उन्नत कौशल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में राजस्थान पुलिस का प्रदर्शन

- वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम्स 2025 का आयोजन 27 जून-7 जुलाई, 2025 को अमेरिका के अल्बामा स्टेट के बर्मिंघम शहर में हुआ।
- इन खेलों में भारतीय दल के ऐतिहासिक प्रदर्शन में राजस्थान के खिलाड़ियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।
- राजस्थान पुलिस के हेड कांस्टेबल छगन लाल मीणा ने 'वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025' में कुश्ती की 77 किग्रा. भार वर्ग स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता है।
  - वह उत्तराखण्ड में आयोजित नेशनल गेम्स में भी राजस्थान के लिए पदक जीत चुके हैं।

**अन्य पदक विजेता**

- **कचनार चौधरी** :'वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025' में राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर कचनार चौधरी ने रोमानिया की टीम को हराकर **शॉट पुट थ्रो में गोल्ड मेडल** हासिल किया है।
- **दिलीप कुमार** : केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) में कार्यरत झालावाड़ के दिलीप कुमार मालव ने इस टूर्नामेंट की **कराटे स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक** जीता है।
- **कृष्णा शर्मा:** राजस्थान पुलिस के सब इंस्पेक्टर चौमू (जयपुर) निवासी कृष्णा शर्मा ने अमेरिका में आयोजित **बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक** जीता। उन्होंने फाइनल मुकाबले में मंगोलिया के मुक्केबाज को हराया।
- **उमा चौधरी** : सीआईएसएफ में हेड कांस्टेबल राजस्थान की उमा चौधरी ने 'वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025' में जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीता है।
  - उमा चौधरी विगत तीन वर्ष से जोधपुर एयरपोर्ट पर हेड कांस्टेबल के रूप में कार्यरत हैं।

## जयपुर जिला प्रशासन ने शुरू किया नरेगा आखर अभियान

- साक्षरता से सशक्तिकरण के उद्देश्य से 'नरेगा आखर' अभियान जयपुर जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया है।
- इस अभियान का शुभारम्भ इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ 10 जुलाई, 2025 (गुरु पूर्णिमा) को किया गया।
- अभियान के तहत् ग्रामीण क्षेत्रों में महिला मेटों के माध्यम से नरेगा श्रमिकों को साक्षर किया जाएगा।

- अभियान में बुनियादी साक्षरता, हस्ताक्षर ज्ञान, वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शामिल है।
- **प्रमुख उद्देश्य :** ग्रामीण क्षेत्र के निवासरत निरक्षर ग्रामीणों एवं नरेगा श्रमिकों को साक्षर, दक्ष, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सक्रिय कर कार्यात्मक, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता के माध्यम से सशक्त बनाना।
- **संचालन :** इस अभियान का सफल संचालन महात्मा गांधी नरेगा, प्रारंभिक शिक्षा, शिक्षा साक्षरता एवं सतत शिक्षा, जिला अग्रणी प्रबंधक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभागों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा।

## राजफेड ने किया बीबीएसएसएल एवं एनसीओएल के साथ एमओयू

- राजस्थान राज्य क्रय-विक्रय सहकारी संघ (राजफेड) ने भारतीय बीज सहकारी समिति लि. (BBSSL) एवं राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लि. (NCOL) के साथ 9 जुलाई, 2025 को एमओयू किया है।
- इन एमओयू से सहकारिता के क्षेत्र में जैविक उत्पादों के विपणन, किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज एवं आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने तथा बाजार तक कृषक समूहों की पहुँच बढ़ाने में सहायता मिलेगी।
- 'एनसीओएल' के साथ एमओयू से बासमती चावल, धान, गेहूँ, दालें, शहद, मिलेट्स एवं औषधीय उत्पादों आदि के लिए विपणन के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में जैविक उत्पादों का विपणन एनसीओएल के माध्यम से एवं उच्च गुणवत्ता के बीज बीबीएसएसएल के माध्यम से उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा राजफेड को नोडल एजेंसी नामित किया गया है।
- राज्य में अब तक 2,700 से अधिक सहकारी समितियों द्वारा भारतीय बीज सहकारी समिति लि. एवं लगभग 217 सहकारी समितियों द्वारा राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लि. की सदस्यता ली जा चुकी है।

## हनुमानगढ़ में आयोजित हुआ पहला राजस्थान स्टेट ओपन तीरंदाजी टूर्नामेंट

- प्रदेश का पहला 'राजस्थान स्टेट ओपन तीरंदाजी टूर्नामेंट' 10 से 12 जुलाई, 2025 तक **हनुमानगढ़ के श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय** में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।
- इस टूर्नामेंट में राज्य भर के तीरंदाजों ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया।

**टूर्नामेंट के मुख्य बिंदुः**

- **श्रेणियाँः** इसमें अंडर-10 से लेकर सीनियर वर्ग तक की 6 विभिन्न आयु श्रेणियों में रिकर्व, कंपाउंड और इंडियन राउंड की प्रतियोगिताएँ हुईं।
- पुरस्कार राशिः विजेताओं को कुल ₹2,46,000 की पुरस्कार राशि वितरित की गई।

☑ **सीनियर वर्ग के प्रमुख परिणाम (स्वर्ण पदक विजेता)**

- **रिकर्व सीनियर महिलाः** अमनदीप कौर (श्रीगंगानगर)
- **रिकर्व सीनियर पुरुषः** मनीष यादव (धौलपुर)
- **कंपाउंड सीनियर महिलाः** स्वाति दूधवाल (सीकर)
- **कंपाउंड सीनियर पुरुषः** पुलकित काजला (श्रीगंगानगर)

- टूर्नामेंट में राज्य भर के तीरंदाजों ने विभिन्न जूनियर और सब-जूनियर श्रेणियों में भी पदक जीते, जिससे प्रदेश में तीरंदाजी प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ।

## राजस्थान में शुरू होंगे 'राज्य पर्यटन पुरस्कार', पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने की घोषणा

- राजस्थान में पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के लिए, पर्यटन विभाग द्वारा 'राज्य पर्यटन पुरस्कार' शुरू किए जाएँगे।
- यह घोषणा **उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी** ने 11 जुलाई, 2025 को जयपुर में आयोजित '**आउटलुक इंडियन रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म स्टेट अवॉर्ड 2025**' समारोह में की।
- इस अवसर पर आयोजित पुरस्कार समारोह में, **शाहपुरा हवेली को विरासत संरक्षण श्रेणी में गोल्ड विजेता** घोषित किया गया।

**समारोह में साझा की गई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ**

- **पर्यटकों की संख्याः** वर्ष 2024 में 23 करोड़ से अधिक घरेलू और 21 लाख विदेशी पर्यटक राजस्थान आए, जिससे यह **देश का 5वाँ सबसे अधिक भ्रमण किया जाने वाला राज्य** बन गया है।
- **बजट घोषणाः** इस वर्ष के बजट में पर्यटन के विकास के लिए ₹5,000 करोड़ के '**पर्यटन अवसंरचना और क्षमता निर्माण कोष**' (**TICF**) की व्यवस्था की गई है।
- **नई नीतिः** राज्य में एक नई '**रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म पॉलिसी**' बनाने की संभावनाओं पर भी काम किया जाएगा।

## आईआईटी जोधपुर में बनेगा उत्तर भारत का पहला ग्रीन हाइड्रोजन हब

- आईआईटी जोधपुर में '**ग्रीन हाइड्रोजन वैली इनोवेशन क्लस्टर**' (**GHVIC**) स्थापित किया जाएगा।
- यह **उत्तर भारत का पहला** और देश का चौथा ऐसा क्लस्टर होगा। अन्य तीन क्लस्टर भुवनेश्वर (पूर्व), पुणे (पश्चिम) और केरल (दक्षिण) में स्थापित किए जा रहे हैं।

**परियोजना के मुख्य बिंदुः**

- **लागत और मॉडलः** यह क्लस्टर **₹205 करोड़** की लागत से **सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP)** के तहत आईआईटी जोधपुर की अगुवाई में स्थापित होगा।

- **उत्पादन क्षमताः** यह क्लस्टर सौर ऊर्जा, अपशिष्ट जल और बायोमास का उपयोग करके सालाना लगभग **350 टन ग्रीन हाइड्रोजन** का उत्पादन करेगा, जिसकी लागत मात्र **1-3 डॉलर प्रति किलोग्राम** होगी।
- **उपयोगः** उत्पादित हाइड्रोजन का उपयोग परिवहन, उद्योगों के लिए अमोनिया उत्पादन और सिटी गैस वितरण नेटवर्क में किया जाएगा।
- **भागीदारीः** इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में आईआईटी दिल्ली, एनटीपीसी, अशोक लीलैंड और राजस्थान सरकार सहित कई प्रमुख शैक्षणिक, औद्योगिक और सरकारी भागीदार शामिल हैं।
- यह क्लस्टर भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ट्विंकल बनी मिस राजस्थान 2025

- राजस्थान के सबसे प्रतिष्ठित ब्यूटी कॉन्टेस्ट 'मिस राजस्थान' का 27वाँ ग्रैंड फिनाले बिड़ला ऑडिटोरियम में 12 जुलाई, 2025 को आयोजित किया गया।
- इस ब्यूटी कॉन्टेस्ट में 'मिस राजस्थान 2025' का ताज ट्विंकल पुरोहित ने जीता।
  - इस कॉन्टेस्ट में मीनाक्षी छापोला फर्स्ट रनरअप, रिशिता काशीवा सेकण्ड रनरअप, तृषा चौधरी थर्ड रनरअप, दिशा भट्ट फोर्थ रनरअप, अदिति ब्रह्मभट्ट फिफ्थ रनरअप और खुशी प्रधनानी सिक्स्थ रनरअप रहीं।
- यहाँ विनर कैटेगरी के अलावा बेस्ट वॉक, बेस्ट स्किन, बेस्ट स्माइल, मिस पॉपुलर, मिस फैशन डिवा जैसे टाइटल्स सहित 28 टाइटल्स भी दिए गए।
- उल्लेखनीय है कि उक्त ब्यूटी कॉन्टेस्ट शो का आयोजन फ्यूजन ग्रुप ने रूवी डिजिटल के सहयोग से किया था।

## 'कृषक उपहार योजना': ई-नाम पर उपज बेचने वाले किसानों को मिले लाखों के नकद पुरस्कार

- किसानों को ई-नाम (e-NAM) और ई-पेमेंट के लिए प्रोत्साहित करने वाली राज्य सरकार की **'कृषक उपहार योजना'** के तहत 4 जुलाई, 2025 को राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित किए गए।
- ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से चयनित किसानों में, **कोटा मंडी के गोलू (मनजीत सिंह)** ने ₹2.50 लाख का प्रथम पुरस्कार जीता। **हनुमानगढ़ मंडी के ओम प्रकाश** को ₹1.50 लाख का द्वितीय और **कोटा के ही रामभरोस** को ₹1 लाख का तृतीय पुरस्कार मिला।
- **योजना का उद्देश्यः** इस योजना का लक्ष्य किसानों को अपनी उपज का ऑनलाइन विक्रय करने और डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि कृषि विपणन में पारदर्शिता लाई जा सके।
  - राज्य स्तर के अलावा, यह योजना हर छह महीने में मंडी स्तर (₹25 हजार तक) और खंड स्तर (₹50 हजार तक) पर भी किसानों को पुरस्कृत करती है।

## प्रोजेक्ट 'सदा आगे': सेना ने पोखरण में किया स्वदेशी गोला-बारूद का सफल परीक्षण

- भारतीय सेना ने **प्रोजेक्ट 'सदा आगे'** के तहत जुलाई 2025 में जैसलमेर स्थित **पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज** में स्वदेशी रूप से विकसित गोला-बारूद का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।
- रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई यह परियोजना, भारतीय सेना और रक्षा अनुसंधान संगठनों की एक संयुक्त पहल है।
- इसका **मुख्य लक्ष्य** गोला-बारूद और अन्य रक्षा सामग्री के निर्माण में स्वदेशीकरण को प्रोत्साहित करना है। इस परियोजना के माध्यम से रक्षा उत्पादन में सार्वजनिक क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी भागीदार बनाया जा रहा है।

## अंडर-18 यूथ नेशनल कबड्डी में राजस्थान टीम रही उपविजेता

- पहले अंडर-18 यूथ नेशनल कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन हरिद्वार (उत्तराखण्ड) में 28 जून-1 जुलाई, 2025 तक किया गया।
- इस चैम्पियनशिप में राजस्थान की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है।
- राजस्थान और हरियाणा के मध्य खेले गए फाइनल मैच में राजस्थान को 35-39 से हार का सामना करते हुए रजत पदक से संतोष करना पड़ा।
- **राजस्थान टीम की खिलाड़ी** : निकिता, लक्षिता, अक्षिता, पलक, कृष्णा, ज्योति, आईना, मोनिका, खुशुबू, मनीषा, मोना, टीना, निर्मला और ज्योति रावत।

## भारत गौरव अलंकरण समारोह में राजस्थान के पाँच व्यक्ति सम्मानित

- संस्कृति युवा संस्था की ओर से 12वाँ भारत गौरव अवॉर्ड समारोह लंदन की ब्रिटिश संसद हाउस ऑफ कॉमन्स में 3 जुलाई, 2025 को आयोजित किया गया।
- समारोह में राजस्थान के पाँच व्यक्तियों सहित 25 हस्तियों को ब्रिटिश संसद में भारत गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया।

### सम्मानित होने वाली राजस्थान की 5 हस्तियाँ

- **किरण अग्रवाल** : शेखावाटी की प्रवासी और लंदन में रह रही हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन और वेदांता ग्रुप की निदेशक।
- **पद्मश्री गुलाबो सपेरा (जयपुर)** : अन्तर्राष्ट्रीय लोक कलाकार।
- **राजेंद्र कुमार सेतिया (जयपुर)** : एसके फाइनेंस लि. के एमडी व सीईओ।
- **सुनील खेतपालिया** : ब्यावर के मूल निवासी और वर्तमान में चेन्नई में उद्योगपति व समाजसेवी।
- **संजना करनानी** : बीकानेर की प्रवासी लंदन में रह रहीं सामाजिक कार्यकर्ता।

## वरिष्ठ IPS अधिकारी राजीव कुमार शर्मा बने राजस्थान के नए पुलिस महानिदेशक (DGP)

- वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार शर्मा को राजस्थान का नया पुलिस महानिदेशक (DGP) नियुक्त किया गया है।
- उन्होंने 3 जुलाई, 2025 को औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया।

**मुख्य बिंदुः**

- **कार्यकालः** उनकी नियुक्ति प्रारंभिक रूप से दो वर्ष के लिए की गई है।
- **उत्तराधिकारीः** उन्होंने रवि प्रकाश मेहरड़ा का स्थान लिया है, जो 30 जून को सेवानिवृत्त हुए।
- **पृष्ठभूमिः** राजीव शर्मा 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इस नियुक्ति से पहले वह दिल्ली में ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (BPR&D) के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे।
- **अनुभवः** वह पूर्व में राजस्थान में डीजी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो), डीजी (कानून-व्यवस्था) और भरतपुर व बीकानेर में रेंज आईजी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी अपनी सेवाएँ दे चुके हैं।
- **सम्मानः** उन्हें 2014 में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

## सीमावर्ती चार जिलों के दुग्ध उत्पादकों के लिए विशेष योजना

- प्रदेश के डेयरी विभाग ने गुजरात सीमा से सटे चार जिलों - उदयपुर, बाँसवाड़ा, बाड़मेर और रानीवाड़ा (जालौर) - के 20,000 से अधिक पंजीकृत दुग्ध उत्पादक पशुपालकों के लिए एक विशेष कल्याणकारी कार्ययोजना को मंजूरी दी है।

**योजना के तहत मिलने वाले प्रमुख लाभः**

- **अतिरिक्त बोनसः** 'मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना' के तहत मिल रहे ₹5 प्रति लीटर अनुदान के अलावा ₹2 प्रति लीटर का अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा, जिससे कुल अनुदान ₹7 प्रति लीटर हो जाएगा।
- **स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमाः** मात्र ₹370 के प्रीमियम पर ₹2.5 लाख का स्वास्थ्य बीमा और मात्र ₹14 में ₹5 लाख का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया जाएगा।
- **सरस लाडो मायरा योजनाः** पंजीकृत पशुपालकों की बेटियों के विवाह के अवसर पर ₹21,000 का मायरा दिया जाएगा।
- **फ्लेक्सी बायोगैस प्लांटः** किसानों के घरों में बायोगैस प्लांट लगाने पर ₹29,000 का अनुदान दिया जाएगा, जिससे उन्हें हर महीने लगभग दो LPG सिलेंडर के बराबर गैस मिलेगी।
- इसके अतिरिक्त, इन चारों दुग्ध संघों के प्रोसेसिंग प्लांट को अपग्रेड किया जाएगा और दूध का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाएगा।

## जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता : राजस्थान ओवरऑल टीम चैम्पियनशिप में तीसरे स्थान पर

- भारतीय वुशु फैडरेशन के तत्वावधान में '24वीं जूनियर राष्ट्रीय (बालक/बालिका) वुशु प्रतियोगिता' [24th Junior National Wushu (Boys & Girls) Championships] का आयोजन **गाचीबौली स्टेडियम, हैदराबाद** में 1-6 जुलाई, 2025 को किया गया।
- इस चैम्पियनशिप में राजस्थान वुशू टीम ने ओवरऑल टीम चैम्पियनशिप में तृतीय स्थान की ट्रॉफी अपने नाम की।
- राजस्थान के खिलाड़ियों ने इस चैम्पियनशिप में 7 स्वर्ण, 9 रजत व 4 कांस्य पदकों सहित कुल 20 पदक जीते।

**चैम्पियनशिप में राजस्थान का प्रदर्शन**

- शानशु बालक वर्ग टीम चैम्पियनशिप में 2 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान की ट्रॉफी जीती।
- शानशु बालिका वर्ग टीम चैम्पियनशिप में 2 स्वर्ण, 4 रजत व 1 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान की ट्रॉफी जीती।
- तालू बालक वर्ग टीम चैम्पियनशिप में 1 स्वर्ण, 1 रजत व 1 कांस्य पदक के साथ तृतीय स्थान पर रहे।
- **स्वर्ण पदक विजेता** : आशु (48 किलोग्राम), तुषार जाट (80 किलोग्राम), प्रियांशी गौतम (56 किलोग्राम), शगुन सिंह (65 किलोग्राम), रिधी पारीक ताईचीशान, पायल भाटी ट्रेडिशनल नानकवाल व (रोनित पारीक, हितार्थ गोरवाल, नितेश प्रजापत)- ड्यूल इवेंट ने स्वर्ण पदक जीता है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गाँव योजनाः पहले चरण में 5000 गाँवों का चयन

- राज्य के गाँवों को गरीबी मुक्त बनाने की महत्वाकांक्षी '**पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गाँव योजना**' के प्रथम चरण में **5,000 गाँवों** का चयन किया गया है।
- इसका मुख्य उद्देश्य BPL जनगणना 2002 में चिन्हित परिवारों को आत्मनिर्भर बनाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

**योजना के मुख्य प्रावधानः**

- **आर्थिक सहायताः** चयनित BPL परिवारों को स्वरोजगार और आजीविका से जुड़ी गतिविधियों के लिए ₹1 लाख तक की सहायता दी जाएगी।
- **महिला सशक्तीकरणः** स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रति परिवार **₹15,000 तक की कार्यशील पूँजी** प्रदान की जाएगी।
- **प्रोत्साहन राशिः** अपने प्रयासों से गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके परिवारों को सम्मान स्वरूप **₹21,000 की प्रोत्साहन राशि** दी जाएगी।

- **बजट और क्रियान्वयनः**
    - प्रथम चरण के लिए **₹ 300 करोड़ का प्रावधान** किया गया है। सर्वे के आधार पर प्रत्येक गाँव के लिए एक 'गरीबी मुक्त गाँव कार्य-योजना' बनाई जा रही है, जिसे अन्य सरकारी योजनाओं के साथ समन्वित कर गाँवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

## आँगनबाड़ी केंद्रों में 'बायोफोर्टिफाइड मिलेट न्यूट्री बार' का पायलट वितरण शुरू

- उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने 15 जुलाई, 2025 को **'बायोफोर्टिफाइड मिलेट न्यूट्री बार'** के पायलट वितरण का शुभारंभ किया।
- केंद्र की 'श्री अन्न योजना' से प्रेरित इस पहल के तहत **जयपुर** और **उदयपुर** जिलों के चयनित आँगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को यह न्यूट्री बार दी जाएगी।

### योजना के मुख्य बिंदुः

- **उद्देश्यः** इस पहल का उद्देश्य बच्चों में पोषण स्तर को बेहतर बनाना और आँगनबाड़ी केंद्रों पर उनका ठहराव सुनिश्चित करना है।
- **उत्पादः** यह न्यूट्री बार बायो-फोर्टिफाइड बाजरा (श्री अन्न), गुड़ और शहद जैसे पौष्टिक तत्वों से बनी है, जिसमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और जिंक की भरपूर मात्रा है।
- **पायलट प्रोजेक्ट का विवरणः** इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत **जयपुर और उदयपुर के 544 आँगनबाड़ी केन्द्रों** के लगभग 10,000 बच्चों को कवर किया जाएगा।
- प्रत्येक बच्चे को सप्ताह में 5 दिन, 6 महीने तक 20 ग्राम की एक न्यूट्री बार दी जाएगी।
- **भविष्य की योजनाः** छह महीने के इस पायलट प्रोजेक्ट के सफल होने पर, इसे सीएसआर (CSR) के सहयोग से पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

## कारगिल शौर्य वाटिका का उद्घाटन

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर राजस्थान विधानसभा परिसर में 'कारगिल शौर्य वाटिका' का निर्माण किया गया है।
- इसका उद्घाटन राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगाँठ के अवसर पर 26 जुलाई, 2025 को सिंदूर पौधे का रोपण किया गया।
- इस अवसर पर 21 वीरांगनाओं द्वारा भी विधानसभा की कारगिल शौर्य वाटिका में पौधारोपण किया गया।
- 'कारगिल शौर्य वाटिका' के उद्घाटन समारोह में ऑपरेशन विजय (कारगिल युद्ध 1999) में प्रोणोत्सर्ग करने वाले शूरवीरों (बैटल कैजुएलिटी- फेटल) की 21 वीरांगनाओं का सम्मान किया गया।
    - सम्मानित होने वाली वीरांगनाएँ सीकर, झुंझुनू, चूरू, जयपुर और कोटपुतली-बहरोड जिले की निवासी हैं।
- 'कारगिल शौर्य वाटिका' में पाँच प्रजातियों- सिंदूर, एरिका पाम, सांग ऑफ इण्डिया, किसना फाइकस और क्रोटोन प्रजाति के पौधे लगाए जाएँगे।

## News InShort

### ललित कलाल

- राजस्थान खेल अधिनियम 2005 के तहत 'राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ' के 27 जुलाई, 2025 को सम्पन्न चुनाव में बाँसवाड़ा के ललित कलाल को 'राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ' का अध्यक्ष चुना गया है।
- जयपुर के डॉ. मनीष अग्रवाल को संघ का वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया है।

### तीज महोत्सव-2025

- **पर्यटन विभाग** की ओर से दो दिवसीय तीज महोत्सव-2025 का आयोजन जयपुर में 27-28 जुलाई, 2025 को किया गया।
- महोत्सव के पहले दिन पारम्परिक तीज माता की सवारी निकाली गई, जबकि दूसरे दिन **'बूढ़ी तीज'** की सवारी निकाली गई।

### 'सृजन की सुरक्षा' अभियान

- राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर ने **'सृजन की सुरक्षा' अभियान** शुरू किया, जिसका उद्देश्य बालिका जन्म को प्रोत्साहन और पर्यावरण संरक्षण है।
- इसके तहत प्रत्येक जिले की एक ग्राम पंचायत में नवजन्मी बालिकाओं के परिजनों द्वारा 11 पौधे लगाए जाएँगे।
- 21 जुलाई, 2025 को जयपुर के बूज, जमवारामगढ़ में विधिक जागरूकता व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहाँ 2025 में जन्मी 14 बालिकाओं के लिए वृक्षारोपण किया गया, पौधों पर राखी बाँधी गई, और उन्हें **'हरित बालिका विशिष्ट पहचान पत्र'** दिए गए।

### स्वदेशी आर्टिलरी गोला-बारूद का सफल परीक्षण

- जुलाई 2025 में भारतीय सेना ने जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज, एशिया की सबसे बड़ी फायरिंग रेंज, में स्वदेशी 155 मिमी आर्टिलरी गोला-बारूद का सफल परीक्षण किया।
- कोणार्क कॉर्प्स के जवानों ने इन देश में निर्मित तोपों से सटीक निशाने लगाए। इस अभ्यास का ध्येय वाक्य 'जोरदार, घातक और बेजोड़' (Loud, Lethal & Unmatched) रखा गया।

### जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा

- राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश केआर श्रीराम से परामर्श के बाद हाईकोर्ट के सीनियर जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को रालसा (Rajasthan State Legal Services Authority) का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है।

- जस्टिस शर्मा की इस पद पर नियुक्ति उनकी सेवानिवृत्ति होने तक के लिए की गई है।

### उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन

- उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन को भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय और एफएसएसएआई द्वारा 'ईट राइट स्टेशन सर्टिफिकेट' से सम्मानित किया गया है।
- खाद्य गुणवत्ता और मानकों के कड़े मानदंडों को पूरा करने के बाद प्रदान किया जाने वाला ईट राइट सर्टिफिकेट की वैधता दो वर्ष के लिए होगी।
- यह प्रमाण-पत्र 30 जून, 2025 से 29 जून, 2027 तक वैध रहेगा।

### आशी और नंदिनी

- जयपुर की आशी उपाध्याय और नंदिनी शर्मा ने 'अंडर-19 ऑल इंडिया आईपीएससी शतरंज प्रतियोगिता' में पदक जीतने में कामायाबी हासिल की है।
- इंदौर में सम्पन्न उक्त शतरंज प्रतियोगिता में आशी ने स्वर्ण और नंदिनी ने रजत पदक जीता है।
- इन दोनों के बेहतरीन खेल से अंडर-19 टीम स्पर्द्धा में भी रजत पदक मिला।
- उल्लेखनीय है कि आशी की अन्तर्राष्ट्रीय रेटिंग 1784 है जबकि नंदिनी की रेटिंग 1474 है।

### ओडीओपी अवॉर्ड में राजस्थान को कांस्य पदक

- राष्ट्रीय 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) 2024 पुरस्कार समारोह नई दिल्ली के भारत मंडपम में 14 जुलाई, 2025 को आयोजित किया गया।
- इस समारोह में राजस्थान को राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश (श्रेणी ए) में कांस्य पदक प्रदान किया गया।
- इस श्रेणी में राजस्थान के साथ गुजरात और पश्चिम बंगाल को भी कांस्य पदक प्रदान किया गया है।

### तन्नू गोलाड़ा

- नैरोबी (केन्या) में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय रोलबॉल चैम्पियनशिप में कोटपुतली खड़ब नारेड़ा निवासी तन्नू गोलाड़ा ने स्वर्ण पदक जीता है।
- तन्नू को टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच और बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब भी मिला है।
- **सपना और आयुषः** इससे पहले नैरोबी (केन्या) में 22-29 जून, 2025 को आयोजित जूनियर रोलबॉल वर्ल्ड कप 2025 में सीकर के दो खिलाडियों- काछवा की सपना और चंदपुरा के आयुष ने स्वर्ण पदक जीते थे।

### प्रो. जनक सिंह मीना

- गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत और आदिवासी साहित्य की राष्ट्रीय पत्रिका 'अरावली उद्घोष' के प्रधान संपादक, प्रोफेसर जनक सिंह मीना को अखिल भारतीय कबीर मठ द्वारा प्रतिष्ठित **'कबीर कोहिनूर सम्मान 2025'** से सम्मानित किया गया है।

### सुखमन सिंह

- देहरादून में आयोजित इंडिया ओपन शूटिंग चैम्पियनशिप में जयपुर के सुखमन सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल (बधिर वर्ग) में रजत पदक जीता है।

### गोल्डन नोट्स ऑफ मोहन एंड सात्विक वीणा

- स्विट्जरलैण्ड के जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय में 'गोल्डन नोट्स ऑफ मोहन एंड सात्विक वीणा' नामक एक विशेष संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- यह आयोजन 'वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गेनाइजेशन' (WIPO), भारतीय दूतावास और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) द्वारा WIPO और भारत के बीच सहयोग के **50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य** में किया गया था।
- इस कार्यक्रम में ग्रैमी अवॉर्ड विजेता **पद्मभूषण पंडित विश्वमोहन भट्ट** और उनके पुत्र तंत्री सम्राट पंडित सलिल भट्ट ने अपनी शानदार वीणा प्रस्तुति दी। उनका साथ प्रसिद्ध राजस्थानी कलाकार कटले खान मांगणियार और तबला वादक पंडित हिमांशु महंत ने दिया।

### शाहनूर अली

- मिनी जूनियर (अंडर-12) राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता नासिक (महाराष्ट्र) में 5-7 जुलाई, 2025 को आयोजित की गई।
- इस प्रतियोगिता में अलवर की शाहनूर ने सेबर खेल में केरल की सरली सागर लागू को 10-7 से पराजित कर पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता है।

### फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिराज

- चूरू जिले में रतनगढ़ के भानुदा गाँव के पास राजलदेसर में भारतीय वायुसेना का **जगुआर फाइटर जेट** 9 जुलाई, 2025 को क्रैश हो गया था। यह विमान रूटीन ट्रेनिंग मिशन पर श्रीगंगानगर के पास सूरतगढ़ एयरबेस से उड़ा था।
- इस दुर्घटना में खिवांदी, सुमेरपुर (पाली) निवासी फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिराज सिंह देवड़ा (23) शहीद हो गए।
- इस हादसे में शहीद होने वाले दूसरे पायलट स्क्वॉड्रन लीडर लोकेन्द्र सिंह सिंधु (44) रोहतक (हरियाणा) से थे।

### पत्रिका इग्निाइटर्स 2025

- राजस्थान पत्रिका की ओर से 'पत्रिका इग्निाइटर्स 2025' का आयोजन जयपुर में 11-12 जुलाई, 2025 को किया गया।
- इस समारोह में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### ज्वैलर्स एसोसिएशन शो-2025

- ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय'19वीं जेम्स एंड ज्वैलरी प्रदर्शनी' सीतापुरा स्थित जयपुर कन्वेंशन सेंटर में 4-6 जुलाई, 2025 को आयोजित की गई।

## प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल

- राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल को महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय का कुलगुरु 22 जुलाई, 2025 को नियुक्त किया है।
- यह नियुक्ति प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल के कार्यभार सँभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक (इनमें से जो भी पहले हो), के लिए की गई है।

## स्टॉप डायरिया अभियान

- प्रदेशभर में दस्त रोग की रोकथाम और उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'स्टॉप डायरिया अभियान' (Stop Diarrhoea Campaign) 1 जुलाई से 15 अगस्त, 2025 तक संचालित किया ज रहा है।
- **अभियान की थीमः** 'डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान'

## सुपोषित माँ अभियान

- सुपोषित माँ अभियान का शुभारम्भ सांगोद (कोटा) में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व लोकसभा स्पीकर ओम बिरला द्वारा 7 जुलाई, 2025 को किया गया।
- 'सुपोषित माँ अभियान' मातृशक्ति के सशक्तीकरण और गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण को समर्पित है।

## श्याम सुंदर स्वामी

- बीजिंग में आयोजित एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में **भारतीय कंपाउंड टीम** ने **रजत पदक** जीता है।
- यह पदक बीकानेर (राजस्थान) के श्याम सुंदर स्वामी और राकेश कुमार की युगल जोड़ी ने जीता है।
- भारतीय कंपाउंड टीम को फाइनल में मेजबान चीन से 156-157 अंकों के बेहद करीबी अंतर से हार कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## केरल आयुर्वेद वेलनेस ट्रीटमेंट सेंटर

- कैराली आयुर्वेदिक ग्रुप  द्वारा अपना **पहला प्रामाणिक केरल आयुर्वेद वेलनेस ट्रीटमेंट सेंटर** जयपुर के वैशाली नगर में खोला गया है।
- यह ट्रीटमेंट सेंटर कैराली का 11वाँ राष्ट्रीय और 17वाँ अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र है।
- इसमें पारम्परिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से उपचार होगा।

## आस्था माथुर

- आस्था माथुर बीसीसीआई के मैच रेफरी पैनल में शामिल होने वाली **राजस्थान की दूसरी महिला** बन गई हैं।
- बीसीसीआई द्वारा जून 2025 में आयोजित मैच रेफरी परीक्षा में आस्था ने 5वाँ स्थान हासिल किया।
- इससे पहले राजस्थान की पूर्व क्रिकेटर **मीनाक्षी बंसल** भी बीसीसीआई के मैच रेफरी पैनल में जगह बना चुकी हैं। वह 2018 से इस पैनल में शामिल हैं।

## जस्टिस मदन गोपाल व्यास

- राजस्थान सरकार ने **जस्टिस मदन गोपाल व्यास** को नगरीय विकास विभाग के अंतर्गत **'रियल एस्टेट अपीलीय अधिकरण'** ((Rajasthan Real Estate Appellate Tribunal) का अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- 1 जुलाई, 2025 को जारी आदेश के अनुसार उनकी नियुक्ति पाँच वर्ष या 67 वर्ष (जो भी पहले हो) के लिए की गई है।

## अश्विनी बिश्नोई की स्वर्ण पदक जीत

- भीलवाड़ा, राजस्थान की 17 वर्षीय अश्विनी बिश्नोई ने वियतनाम में 18-26 जून, 2025 को आयोजित **सब-जूनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप** में **62 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग** में स्वर्ण पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।
- फाइनल में उन्होंने चीन की शीर्ष खिलाड़ी **जियाओ** को हराया।
- यह उनकी लगातार तीसरी स्वर्ण पदक जीत है, इससे पहले उन्होंने 2023 (अंडर-15) और 2024 (अंडर-17) में जॉर्डन में आयोजित चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीते।
- अश्विनी ने अब तक 14 राष्ट्रीय और 14 अन्तर्राष्ट्रीय पदक अपने नाम किए हैं।

## लेफ्टिनेंट कर्नल दीपिका

- राजस्थान के डीडवाना जिले के छोटे से गाँव भवादीया की बेटी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपिका राठौड़ ने तंजानिया में स्थित अफ्रीका की सबसे ऊँची चोटी 'माउंट किलिमंजारो' (5,895 मीटर) को जून 2025 में फतह कर इतिहास रचा है।
- इसके साथ ही वह इस चोटी को फतह करने वाली राजस्थान की पहली महिला बन गई हैं।
- दीपिका इससे पहले दो बार माउंट एवरेस्ट (2012 और 2016), रूस की माउंट एल्ब्रुस (2025) और अर्जेंटीना की माउंट एकांकागुआ (2025) को भी फतह कर चुकी हैं।

## वनस्पति प्रजाति एवं उपज संरक्षण व संवर्धन अभियान

- जयपुर जिला प्रशासन द्वारा जिले के पंच गौरव के प्रोत्साहन एवं संवर्धन के लिए 'वनस्पति प्रजाति एवं उपज संरक्षण व संवर्धन अभियान' का शुभारम्भ 21 जुलाई, 2025 को किया गया।
- अभियान का शुभारम्भ जयपुर जिले के पंच गौरव में शामिल एक वनस्पति प्रजाति- लिसोड़ा एवं एक उपज- आंवले का जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण कर किया गया।

## गौरवी अजमेरा

- जयपुर की स्क्वैश खिलाड़ी गौरवी अजमेरा ने हाल ही में कोलकाता में आयोजित 'ईस्टर्न चैलेंजर 2025 चैम्पियनशिप' में गर्ल्स अंडर-11 का खिताब जीता है।
- 9 वर्ष की गौरवी ने फाइनल मुकाबले में अंशिका कुमारी को 11-6,11-8,12-10 से पराजित किया।
- इस चैम्पियनशिप में जयपुर के ही युवान वर्मा बॉयज अंडर-11 में चतुर्थ स्थान पर रहे।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
## वन लाइनर

In Oneliner

☑ राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहाँ पर स्थित राजस्थान यूनाईटेड फुटबॉल क्लब में नवनिर्मित आवासीय फुटबॉल अकादमी का उद्घाटन 28 जुलाई, 2025 को किया? **रेनवाल मांझी रोड, जयपुर**

☑ बृज स्मृति प्रन्यास द्वारा 27 जुलाई को कहाँ पर आयोजित 'माधव सेवा सम्मान-2025' में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आपातकाल के लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया? **झुंझुनूं**

☑ केन्द्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जिम्बॉब्वे में आयोजित रामसर कॉप-15 में राज्य की किस झील को रामसर साइट घोषित किए जाने का प्रस्ताव रखा है? **सिलीसेढ़ झील, अलवर**

☑ मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना की क्रियान्वित में कौनसी प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे हैं? **बिलाड़ा और चित्तौड़गढ़**

☑ ख्वाब फाउंडेशन द्वारा किस पर्यावरणविद् को 'अन्तर्राष्ट्रीय डॉ. कलाम लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 2025' प्रदान किया गया है? **डॉ. नरेन्द्र भूषण सिंह**

☑ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का कौनसा स्थापना दिवस समारोह राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 15 जुलाई, 2025 को आयोजित किया गया? **68वाँ**

☑ राजस्थान कोर्फ बॉल-संघ का अध्यक्ष जुलाई 2025 में कौन चुने गए हैं? **नरेश कुमार शर्मा**

☑ छह दिवसीय नटराज महोत्सव का शुभारम्भ 11 जुलाई, 2025 को कहाँ हुआ? **जयपुर कला केन्द्र**

☑ हेरिटेज निगम जयपुर द्वारा स्वच्छता से सम्बन्धित किस अभियान की शुरुआत 12 जुलाई, 2025 को की गई है? **सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान**

☑ केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने धौलपुर के सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय परिसर स्थित सूचना केन्द्र में किसके सहयोग से स्थापित धौलपुर विज्ञान केन्द्र का उद्घाटन 8 जुलाई, 2025 को किया? **राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान**

☑ भारतीय खान ब्यूरो द्वारा 7 एवं 5 स्टार रेटिंग वाली खदानों का सम्मान समारोह 7 जुलाई, 2025 को कहाँ आयोजित किया गया? **राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर**

☑ सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के किस स्थापना दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 6 जुलाई, 2025 को राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान (राइसेम) में आयोजित किया गया? **चतुर्थ**

☑ देशव्यापी अभियान के तहत प्रदेश में वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को और अधिक सुदृढ़ करने का अभियान किस अवधि में संचालित किया जा रहा है? **1 जुलाई-30 सितम्बर, 2025**

○○○


1600+
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का
Topic-wise
संकलन
विशेषांक
अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी
की प्रस्तुति
जनवरी 2025 से
14 जुलाई 2025 तक
बिक्री हेतु उपलब्ध



PMC-40042
मूल्य : ₹ 114/-

करेंट अफेयर्स
ऑब्जेक्टिव
राष्ट्रीय | अन्तर्राष्ट्रीय | राजस्थान
राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय एवं राजस्थान परिदृश्य
अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रक्षा प्रौद्योगिकी,
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण एवं पारिस्थतिकी,
खेलकूद, पुरस्कार एवं सम्मान
राजस्थान बजट 2025-26 एवं आर्थिक समीक्षा 2024-25
केन्द्रीय बजट 2025-26



# पुरस्कार एवं सम्मान

## नितिन गडकरी को मिला लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार

- केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- यह पुरस्कार उन्हें राष्ट्र निर्माण, विशेष रूप से देश भर में बुनियादी ढाँचे और सड़क नेटवर्क के विकास में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जा रहा है।
- यह पुरस्कार समारोह 1 अगस्त, 2025 को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की 105वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित किया जाएगा।

### लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार के बारे में

- **स्थापना:** इस पुरस्कार की स्थापना 1983 में तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई थी।
- **उद्देश्य:** यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य किया हो।
- **पुरस्कार राशि:** इसमें एक स्मृति चिह्न, प्रशस्ति-पत्र और ₹1 लाख का नकद पुरस्कार शामिल है।
- पिछले वर्षों में यह पुरस्कार सुधा मूर्ति (लेखिका एवं समाजसेवी, 2024 की विजेता), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (2023) सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों को दिया जा चुका है।

### चिंतामणराव देशमुख राष्ट्रीय पुरस्कार

- केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री **नितिन गडकरी** को सार्वजनिक सेवा में उनके योगदान के लिए चिंतामणराव देशमुख राष्ट्रीय पुरस्कार से 29 जुलाई, 2025 को सम्मानित किया गया।
- राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार ने पुणे स्थित गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) **सरहद** द्वारा स्थापित यह पुरस्कार उन्हें प्रदान किया।

## इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन 2025 के जी.पी. बिड़ला मेमोरियल अवॉर्ड से सम्मानित

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन को वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित जी.पी. बिड़ला मेमोरियल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।
- यह सम्मान उन्हें 25 जुलाई, 2025 को हैदराबाद में आयोजित एक समारोह में निर्मला बिरला ने प्रदान किया।
- यह सम्मान उन्हें **भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए** दिया गया है, विशेषकर क्रायोजेनिक प्रणोदन (cryogenic propulsion) तकनीक के क्षेत्र में। उनके नेतृत्व में चंद्रयान-3, गगनयान और आदित्य-एल1 जैसे महत्वपूर्ण मिशनों को सफलता मिली है।
- जी.पी. बिड़ला मेमोरियल अवॉर्ड भारत के प्रमुख वैज्ञानिक सम्मानों में से एक है। इससे पहले यह पुरस्कार **डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, डॉ. कस्तूरीरंगन** और कई नोबेल पुरस्कार विजेताओं को भी प्रदान किया जा चुका है।

- G. P. Birla Memorial Award का आयोजन G. P. Birla Archaeological, Astronomical and Scientific Institute द्वारा किया जाता है और यह शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।

## 'मेरी पंचायत' एप को WSIS प्राइज 2025 चैम्पियन सम्मान

- भारत के विशेष मोबाइल एप्लिकेशन 'मेरी पंचायत' को वर्ल्ड समिट ऑन द इंफॉर्मेशन सोसाइटी (WSIS) 2025 में **'एक्शन लाइनः सांस्कृतिक और भाषाई विविधता तथा स्थानीय कंटेंट' श्रेणी** में चैम्पियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (ITU) द्वारा WSIS+20 हाई लेवल इवेंट 2025 के दौरान प्रदान किया गया।
- यह एप देश की **2.65 लाख ग्राम पंचायतों** को डिजिटल रूप से जोड़ता है। यह ग्रामीण नागरिकों को उनकी पंचायत के बजट, विकास योजनाओं और भुगतानों के बारे में रियल-टाइम जानकारी प्रदान कर शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देता है।
- **12 भारतीय भाषाओं** में उपलब्ध यह एप, जमीनी स्तर पर भारत के डिजिटल शासन मॉडल और सहभागी लोकतंत्र को मजबूत करने के प्रयासों को एक महत्वपूर्ण वैश्विक मान्यता है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25: नए बदलावों के साथ देश के सबसे स्वच्छ शहरों को किया गया सम्मानित

- 17 जुलाई, 2025 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के पुरस्कार प्रदान किए।
- आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण का यह 9वाँ संस्करण था, जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन-शहरी को आगे बढ़ाने वाले शहरों को सम्मानित करना है।

- इस वर्ष सुपर स्वच्छ लीग शहर (23), 5 जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष, स्वच्छ शहर, विशेष श्रेणीः गंगा शहर, छावनी बोर्ड, सफाई मित्र सुरक्षा, महाकुंभ, राज्य स्तरीय पुरस्कार - राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश का होनहार स्वच्छ शहर आदि चार श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए।

### सर्वेक्षण की थीम और पैमानाः

- इस वर्ष के सर्वेक्षण की थीम 'रिड्यूस, रियूज, रीसायकल' (3R) थी।
- यह सर्वेक्षण 4,500 से अधिक शहरों तक पहुँच गया और इसमें 14 करोड़ से अधिक नागरिकों की भागीदारी देखी गई, जो इसे एक विशाल जन आंदोलन बनाता है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के मुख्य बिन्दु और नए बदलाव

- इस वर्ष के सर्वेक्षण में दो महत्वपूर्ण नए बदलाव किए गए ताकि प्रतिस्पर्द्धा को और अधिक निष्पक्ष और प्रेरक बनाया जा सकेः

**1. सुपर स्वच्छ लीग (SSL) की शुरुआतः**

- ○ यह एक नई श्रेणी है जिसे लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित करने के लिए शुरू किया गया है।
- ○ इसमें वे शहर शामिल हैं जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में रहे हैं और चालू वर्ष में भी अपनी जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 20% में हैं।
- ○ इसका उद्देश्य शीर्ष शहरों को स्वच्छता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है।

**सुपर स्वच्छ लीग सीटीज 2024-25**

**10 लाख से अधिक**
- इंदौर (मध्य प्रदेश)
- सूरत (गुजरात)
- नवी मुम्बई (महाराष्ट्र)
- विजयवाड़ा (आन्ध्र प्रदेश)

**50,000-3 लाख**
- नई दिल्ली (एनडीएमसी)
- तिरुपति (आन्ध्र प्रदेश)
- अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)
- लोनावला (महाराष्ट्र)

**3-10 लाख**
- नोएडा (उत्तर प्रदेश)
- चंडीगढ़ (चंडीगढ़)
- मैसूर (कर्नाटक)
- उज्जैन (मध्य प्रदेश)
- गांधीनगर (गुजरात)
- गुंटूर (आन्ध्र प्रदेश)

**20,000-50,000**
- विटा (महाराष्ट्र)
- सासवड (महाराष्ट्र)
- देवलाई प्रवरा (महाराष्ट्र)
- डूंगरपुर (राजस्थान)

**20,000 से कम**
- पंचगनी (महाराष्ट्र)
- पाटन (छत्तीसगढ़)
- पन्हाला (महाराष्ट्र)
- विश्रामपुर (छत्तीसगढ़)
- बुधनी (मध्य प्रदेश)

**2. पाँच नई जनसंख्या श्रेणियाँः**

- ○ शहरों के बीच उचित प्रतिस्पर्द्धा सुनिश्चित करने के लिए, पहली बार जनसंख्या के आधार पर पाँच नई श्रेणियाँ बनाई गई हैं। यह छोटे शहरों को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर देता है।
- ○ **ये श्रेणियाँ हैंः**
  - 20,000 से कम (बहुत छोटे शहर)
  - 20,000 - 50,000 (छोटे शहर)
  - 50,000 - 3 लाख (मध्यम शहर)
  - 3 - 10 लाख (बड़े शहर)
  - 10 लाख से अधिक (दस लाख से अधिक आबादी वाले शहर)

**स्वच्छ शहर (जनसंख्या श्रेणी के अनुसार)**

| | रैंक 01 | रैंक 02 | रैंक 03 |
|---|---|---|---|
| 10 लाख से अधिक | अहमदाबाद (गुजरात) | भोपाल (मध्य प्रदेश) | लखनऊ (उत्तर प्रदेश) |
| 3 लाख-10 लाख | मीरा-भायंदर (महाराष्ट्र) | बिलासपुर (छत्तीसगढ़) | जमशेदपुर (झारखण्ड) |
| 50,000-3 लाख | देवास (मध्य प्रदेश) | कराड (महाराष्ट्र) | करनाल (हरियाणा) |
| 20,000-50,000 | पणजी (गोवा) | अस्का (ओडिशा) | कुम्हारी (छत्तीसगढ़) |
| 20,000 से कम | बिल्हा (छत्तीसगढ़) | चिकीटी (ओडिशा) | शाहगंज (मध्य प्रदेश) |

### अन्य श्रेणियों में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार

- **स्वच्छ महाकुंभ 2025 की विशेष पहल को मान्यता :** प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)
- **सर्वश्रेष्ठ सफाई मित्र सुरक्षित शहर :**
  - i. ग्रेटर विशाखापत्तनम नगर निगम (GVMC), विशाखापत्तनम
  - ii. जबलपुर (मध्य प्रदेश)
  - iii. गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)
- **सर्वश्रेष्ठ गंगा शहर** : प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)
- **सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ छावनी बोर्ड** : सिकंदराबाद छावनी (तेलंगाना)

## दीपिका पादुकोण को मिलेगा 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' में स्टार, बनीं पहली भारतीय अभिनेत्री

- बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को 2026 के लिए प्रतिष्ठित 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' में शामिल किया जाएगा।
- हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा 3 जुलाई, 2025 को की गई इस घोषणा के साथ ही, वह मोशन पिक्चर (फिल्म) श्रेणी में यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं।

**मुख्य बिंदुः**

- **ऐतिहासिक उपलब्धिः** कुल मिलाकर, वह हॉलीवुड के स्वर्ण युग के अभिनेता साबू दस्तगीर के बाद यह सम्मान पाने वाली दूसरी भारतीय शख्सियत हैं।
    - **साबू दस्तगीर** भारतीय अभिनेता थे, बाद में उन्होंने अमेरिका की नागरिकता ग्रहण कर ली।
- **'क्लास ऑफ 2026'**: 2026 में हॉलीवुड बुलेवार्ड की प्रसिद्ध सड़क पर उनके नाम का एक सितारा स्थापित किया जाएगा।
- **अन्य सितारेः** इस सूची में उनके साथ एमिली ब्लंट, टिमोथी शैलामे और डेमी मूर जैसे हॉलीवुड के बड़े सितारों को भी शामिल किया गया है।
- इससे पहले भी दीपिका को वैश्विक स्तर पर कई सम्मान मिल चुके हैं, जिसमें TIME मैगज़ीन द्वारा **दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों** में शामिल होना और **2022 में फीफा विश्व कप ट्रॉफी** का अनावरण करना शामिल है।

## बुकर अवॉर्ड विजेता गीतांजलि श्री 'पेन ट्रांसलेट अवॉर्ड' से सम्मानित

- अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता हिंदी लेखिका गीतांजलि श्री को उनके लघु कथाओं के संग्रह 'Once Elephants Lived Here' (हिंदी से, डेज़ी रॉकवेल द्वारा अंग्रेज़ी में अनुवादित) के लिए PEN Translates Award 2025 से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार English PEN द्वारा PEN Translates x SALT सहयोग कार्यक्रम के तहत प्रदान किया गया है, जो दक्षिण एशियाई साहित्य के अंग्रेज़ी अनुवाद को यूके में प्रकाशित करने हेतु उत्कृष्ट प्रकाशन प्रयासों को पहचानता है।
- PEN Translates x SALT के तहत हिंदी और उर्दू की दो प्रमुख पुस्तकें चुनी गईं–
    - **गीतांजलि श्री** (भारत) की पुस्तक **'Once Elephants Lived Here'** (**हिंदी से अनुवाद** डेजी रॉकवेल द्वारा) और दूसरी **सारा शगुफ्ता** (पाकिस्तान) की पुस्तक **'Eyes, Eyes, Eyes'** (**उर्दू से अनुवाद** जवेरिया हसनैन द्वारा), जिन्हें प्रतिष्ठित SALT परियोजना (University of Chicago) के सहयोग से समर्थित प्रकाशन प्रयासों के लिए चुना गया।
- 'वंस एलिफेंट्स लिव्ड हियर' स्मृति, विस्थापन और सामाजिक परिवर्तनों जैसे विषयों पर आधारित लघु कथाओं का एक संग्रह है।

## हथकरघा पुरस्कार 2024 : हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्टता का सम्मान

- भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत को सम्मानित करने के लिए कपड़ा मंत्रालय ने हथकरघा पुरस्कार 2024 के विजेताओं की घोषणा 21 जुलाई, 2025 को की है।
- यह पुरस्कार 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर 7 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किए जाएँगे।
- इन पुरस्कारों का उद्देश्य हथकरघा बुनकरों, कारीगरों और डिजाइनरों के उत्कृष्ट कौशल, नवाचार और भारतीय विरासत के संरक्षण में उनके योगदान को मान्यता देना है।

**पुरस्कारों के मुख्य बिन्दुः**

- **कुल पुरस्कारः** इस वर्ष कुल 24 पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे, जिनमें हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बुनकरों, डिजाइनरों और उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा।

☑ **दो मुख्य श्रेणियाँः**

- **संत कबीर पुरस्कार (5 विजेता)**: यह हथकरघा बुनकरों के लिए सर्वोच्च सम्मान है। यह उन सिद्धहस्त कारीगरों को दिया जाता है जिन्होंने पारंपरिक कौशल को संरक्षित करने और आगे बढ़ाने में जीवन भर का योगदान दिया हो।
    - संत कबीर पुरस्कार के विजेता को ₹ 3.5 लाख नकद, एक सोने का सिक्का, ताम्रपत्र और एक शॉल प्रदान किया जाता है।
- **राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार (19 विजेता)**: यह पुरस्कार असाधारण शिल्प कौशल, समर्पण और नवाचार के लिए बुनकरों को दिया जाता है ताकि उन्हें अपना उत्कृष्ट कार्य जारी रखने के लिए प्रोत्साहन मिले।
    - राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के विजेता को ₹ 2.00 लाख नकद, एक ताम्रपत्र और एक शॉल प्रदान किया जाता है।

**संत कबीर पुरस्कार 2024**

| विजेता का नाम | राज्य | विशेषज्ञता/उत्पाद |
|---|---|---|
| अरिन्दर मेहर | ओडिशा | टाई और डाई सिल्क साड़ी |
| लक्का श्रीनिवासुलु | आन्ध्र प्रदेश | वेंकटगिरी जामदानी साड़ी |
| राजेंद्र सुदर्शन अंकम | महाराष्ट्र | अनूठी बुनाई कला |
| सुश्री अनुराधा कुली | असम | साड़ी (मुलबेरी, एरी स्पम, मूगा) |
| मोहम्मद हनीफ अंसारी | उत्तर प्रदेश | जामदानी रंगकट साड़ी |

**राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार**

| विजेता का नाम | स्थान | श्रेणी |
|---|---|---|
| श्रीमती गीतांजलि मेहर | भुवनेश्वर, ओडिशा | महिला श्रेणी |
| अंगोम अनीता देवी | इंफाल, मणिपुर | महिला श्रेणी |
| राजसेकर गोविंथराज | कांचीपुरम, तमिलनाडु | बुनाई श्रेणी |
| गोलेखा मेहर | भुवनेश्वर, ओडिशा | बुनाई श्रेणी |
| कमलेश कुमार | भागलपुर, बिहार | बुनाई श्रेणी |
| कर्णाटी मुरली | विजयवाड़ा, आन्ध्र प्रदेश | बुनाई श्रेणी |
| आकाश कुमार देवांगन | रायगढ़, छत्तीसगढ़ | बुनाई श्रेणी |
| डूंगर राम | जयपुर, राजस्थान | बुनाई श्रेणी |
| बशीर अहमद गनी | श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर | बुनाई श्रेणी |
| श्रीमती दीनाबेन रमेश खरेट | अहमदाबाद, गुजरात | बुनाई श्रेणी |

| विजेता का नाम | स्थान | श्रेणी |
|---|---|---|
| गुडा पवन | हैदराबाद, तेलंगाना | युवा बुनकर श्रेणी |
| धौरिया भोजराज दामजी | अहमदाबाद, गुजरात | दिव्यांग बुनकर श्रेणी |
| समत तेजसिंह | अहदाबाद, गुजरात | लुप्तप्राय शिल्प |
| शिमला देबबर्मा | अगरतला, त्रिपुरा | आदिवासी बुनाई श्रेणी |
| नरेन्द्र हैण्डलूम | हैदराबाद, तेलंगाना | डिजाइन एवं बुनकर श्रेणी |
| श्रीमती चिन्नीमलाई इंडस्ट्रियल वीवर्स सोसाइटी | चेन्नई, तमिलनाडु | विपणन |
| श्री जुझारे नागराजू | विजयवाड़ा, आन्ध्र प्रदेश | डिजायन |
| श्रीमती गुंजन जैन | भुवनेश्वर, ओडिशा | डिज़ाइन |
| सुश्री अमौनी हैंडलूम वेंचर प्रा. लि. | अहमदाबाद, गुजरात | स्टार्टअप कम्पनी/ निर्माता कम्पनी |

## वर्षा देशपांडे को मिला संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार 2025

- महाराष्ट्र के सतारा की प्रसिद्ध महिला अधिकार कार्यकर्ता और अधिवक्ता **वर्षा देशपांडे** को 2025 के प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार के **व्यक्तिगत श्रेणी** में सम्मानित किया गया है।
- विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई, 2025 को न्यूयॉर्क में आयोजित एक विशेष समारोह में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार उन्हें भारत में लिंग-आधारित भेदभाव, विशेषकर कन्या भ्रूण हत्या (Female Foeticide) के खिलाफ तीन दशकों से अधिक समय से चलाए जा रहे उनके अथक अभियान और जमीनी स्तर पर महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है।
- **संस्थागत श्रेणी** में यह पुरस्कार **'जनसंख्या के वैज्ञानिक अध्ययन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संघ'** (International Union for the Scientific Study of Population—IUSSP) को दिया गया है।

### संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार के बारे में

- इस पुरस्कार की स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1981 में की गई थी और यह पहली बार 1983 में दिया गया।
- **उद्देश्यः** यह पुरस्कार उन व्यक्तियों और संस्थाओं को दिया जाता है जिन्होंने जनसंख्या, प्रजनन स्वास्थ्य और लैंगिक समानता के मुद्दों के समाधान में असाधारण योगदान दिया हो।
- **श्रेणियाँः** यह हर साल एक व्यक्तिगत और एक संस्थागत श्रेणी में दिया जाता है।
- **पूर्व भारतीय विजेताः** वर्षा देशपांडे यह सम्मान पाने वाली तीसरी भारतीय हैं। उनसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी (1983) और उद्योगपति जे.आर.डी. टाटा (1992) को यह पुरस्कार मिल चुका है।

# News InShort

### कलिंग रत्न पुरस्कार-2024

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 16 जुलाई, 2025 को कटक (ओडिशा) में कवि सरला दास की 600वीं जयंती समारोह के दौरान **केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान** को कलिंग रत्न पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया।
- यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण सुधारों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के कार्यान्वयन और भारतीय भाषाओं, विशेषकर मातृभाषा में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उनके अथक प्रयासों के लिए दिया गया है।

#### कलिंग रत्न पुरस्कार के बारे में

- यह पुरस्कार सरला साहित्य संसद द्वारा स्थापित किया गया है।
- यह प्रतिवर्ष शिक्षा, साहित्य, संस्कृति या सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय योगदान देने वाले व्यक्ति को प्रदान किया जाता है।

### भारत ने IChO 2025 में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर छठा स्थान हासिल किया

- भारत ने 5-14 जुलाई, 2025 को दुबई में आयोजित हुए 57वें अन्तर्राष्ट्रीय रसायन ओलम्पियाड (IChO) 2025 में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर वैश्विक स्तर पर छठा स्थान प्राप्त किया।
- इसमें 90 देशों के 354 छात्रों ने भाग लिया और भारत की चार सदस्यीय टीम ने होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र (HBCSE) की कठोर चयन और प्रशिक्षण प्रक्रिया के बाद यह उपलब्धि हासिल की।
- यह प्रदर्शन भारत की वैज्ञानिक शिक्षा और प्रशिक्षण तंत्र की उत्कृष्टता को दर्शाता है, जिसमें IISER पुणे, दिल्ली विश्वविद्यालय और TIFR के विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन किया।
- यह सफलता परमाणु ऊर्जा विभाग, विज्ञान मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के समर्थन को भी रेखांकित करती है।

### प्रो. सी. आर. राव राष्ट्रीय सांख्यिकी पुरस्कार-2025

- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर 29 जून, 2025 को प्रो. सी. आर. राव राष्ट्रीय सांख्यिकी पुरस्कार-2025 की घोषणा की।
- इस वर्ष यह प्रतिष्ठित पुरस्कार आईआईएम कलकत्ता के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रजामित्र भुयान को प्रदान किया गया है।
- उन्हें यह सम्मान सांख्यिकीय डेटा विज्ञान (Statistical Data Science), विशेष रूप से सार्वजनिक नीति और आधिकारिक आँकड़ों में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया है।
- यह पुरस्कार सांख्यिकी के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

शेष पृष्ठ 65 पर ..........



# खेल परिदृश्य

## टेनिस / Tennis

### विम्बलडन चैम्पियनशिप-2025

- टेनिस के वर्ष 2025 के तीसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट (138वें) विम्बलडन टूर्नामेंट का आयोजन 30 जून-13 जुलाई, 2025 को लंदन में हुआ।
- ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में टेनिस की दुनिया ने नए चैम्पियनों का उदय देखा।
- पुरुष एकल का खिताब इटली के **यानिक सिनर** ने अपने नाम किया, वहीं महिला एकल में पोलैण्ड की **इगा स्वियातेक** ने बाजी मारी। दोनों ही खिलाड़ियों के लिए यह उनकी पहली विम्बलडन ट्रॉफी है।

**पुरुष एकल**

- 13 जुलाई को खेले गए फाइनल मुकाबले में, विश्व नंबर एक यानिक सिनर ने स्पेन के कार्लोस अल्काराज को एक कड़े मुकाबले में 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से पराजित किया।
  - **विजेताः** यानिक सिनर (इटली)
  - **उपविजेताः** कार्लोस अल्काराज (स्पेन)
- इस जीत के साथ यानिक सिनर ने अपने कॅरियर का कुल चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।
  - उनके अन्य ग्रैंड स्लैम खिताब में ऑस्ट्रेलिया ओपन (2024, 2025) और अमेरिकी ओपन (2024) शामिल हैं।

☆ **स्मरणीय बिन्दु** : इस टूर्नामेंट में सात बार के पूर्व चैम्पियन सर्बिया के **नोवाक जोकोविच** बिम्बलडन में **100 मैच जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी** बने। नोवाक से आगे रोजर फेडरर (105) हैं।

**महिला एकल**

- महिला एकल के लिए 13 जुलाई, 2025 को खेले गए खिताबी मुकाबले में, पोलैण्ड की शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में 6-0, 6-0 से हराया।
- स्वियातेक का यह छठा ग्रैंड स्लैम खिताब है, लेकिन विम्बलडन में उनकी यह पहली जीत है।
  - **विजेताः** इगा स्वियातेक (पोलैण्ड)
  - **उपविजेताः** अमांडा अनिसिमोवा (संयुक्त राज्य अमेरिका)

**विम्बलडन टेनिस 2025 : विजेता एवं उपविजेता**
30 जून-13 जुलाई, 2025 (लंदन)

| | | |
|---|---|---|
| **पुरुष एकल** | **विजेता** | यानिक सिनर (इटली) |
| | **उपविजेता** | कार्लोस अल्काराज (स्पेन) |
| **महिला एकल** | **विजेता** | इगा स्वियातेक (पोलैण्ड) |
| | **उपविजेता** | अमांडा अनिसिमोवा (यूएसए) |
| **पुरुष युगल** | **विजेता** | जूलियन कैश और लॉयड ग्लास्पूल (ग्रेट ब्रिटेन) |
| | **उपविजेता** | रिंकी हिजिकाता (ऑस्ट्रेलिया) और डेविड पेल (नीदरलैण्ड) |
| **महिला युगल** | **विजेता** | वेरोनिका कुदेरमेतोवा (रूस) और एलिस मेर्टेंस (बेल्जियम) |
| | **उपविजेता** | हसीह सु-वेई (ताइवान) और येलेना ओस्टापेंको (लातविया) |
| **मिश्रित युगल** | **विजेता** | सैम वर्बीक (नीदरलैण्ड) और कतेरीना सिनियाकोवा (चेक गण.) |
| | **उपविजेता** | जो सैलिसबरी (ग्रेट ब्रिटेन) और लुइसा स्टेफनी (ब्राजील) |

**टेनिस टूर्नामेंट (InShort)**

☑ **बैड हैम्बर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट : जून के अंत में** अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पोलैण्ड की इगा स्वियातेक को हराकर खिताब अपने नाम किया।

## शतरंज / Chess

### हरिकृष्णा बने भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर

- चेन्नई के 23 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी हरिकृष्णन ए. रा. 11 जुलाई, 2025 को फ्रांस के ला प्लाग्ने इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल में अपना तीसरा और अन्तिम जीएम नॉर्म हासिल करके भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर बन गए।
- हरिकृष्णन ने 2018 में IM का खिताब जीता था और इससे पहले दो जीएम नॉर्म हासिल कर चुके थे।
- उन्होंने अंतिम राउंड में भारत के ही जीएम पी. इनियन के साथ ड्रॉ खेलकर यह उपलब्धि हासिल की।

- इस नॉर्म को हासिल करने के लिए उन्हें आठवें राउंड में फ्रांस के जूल्स मौसार्ड पर मिली जीत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
  - **पहला जीएम नॉर्मः** जुलाई 2023, बील अन्तर्राष्ट्रीय शतरंज महोत्सव (स्विट्जरलैण्ड)
  - **दूसरा जीएम नॉर्मः** जून 2025, लिंस एंडुजर ओपन (स्पेन)।

☆ तमिलनाडु राज्य से आने वाले वे 32वें ग्रैंडमास्टर हैं, जो इसे भारत का 'शतरंज शक्ति केन्द्र' के रूप में स्थापित करता है।

## फिडे शतरंज वर्ल्ड कप 2025 : दिव्या देशमुख ने जीता खिताब

- भारतीय शतरंज के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, 19 वर्षीय दिव्या देशमुख ने फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 का खिताब जीत लिया है।
- उन्होंने 28 जुलाई, 2025 को बातूमी (जॉर्जिया) में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत की ही दिग्गज खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त कोनेरू हम्पी को टाई-ब्रेकर में हराकर यह उपलब्धि हासिल की।
  - यह पहली बार था जब इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का फाइनल दो भारतीय खिलाड़ियों के बीच खेला गया।
- चीन की टैंग झोंग्यी को इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान मिला।
- **दिव्या देशमुख की उपलब्धियाँ**
  - इस जीत के साथ, दिव्या देशमुख FIDE महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं।
  - यह खिताब जीतने पर उन्हें सीधे ग्रैंडमास्टर (GM) का खिताब भी प्रदान किया गया।
    - वह भारत की 88वीं ग्रांड मास्टर बन गई हैं।
  - **अन्य उपलब्धियाँः**
  - उन्होंने 2013 में विमेंस फिडे मास्टर, 2018 में विमेंस इंटरनेशनल मास्टर, 2021 में विमेंस ग्रैंडमास्टर और 2023 में इंटरनेशलन मास्टर के खिताब जीते।
- 2024 में जूनियर अंडर 20 चैम्पियन, शतरंज ओलम्पियाड में भारत के लिए स्वर्ण पदक में योगदान।

### शतरंज (InShort)

☑ **फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लेम :** आर्मेनियाई शतरंज ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लेम के फाइनल में हांस नीमन को 1.5-0.5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में भारत के **अर्जुन एरिगैसी** सेमीफाइनल तक **पहुँचने वाले पहले भारतीय** बने थे। लेकिन इस टूर्नामेंट के अंत में वह छठवें स्थान पर रहे।

☑ **फिडे वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन भारत में :** भारत 30 अक्टूबर से 27 नवम्बर, 2025 तक फिडे वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन करेगा। इस संस्करण में 206 शीर्ष खिलाड़ी नॉक आउट प्रारूप में प्रतिस्पर्द्धा करेंगे। भारत ने इससे पहले **2002 में हैदराबाद** में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी।

# बैडमिंटन / Badminton

## यूएस ओपन 2025

- **आयोजनः** यूएस ओपन 2025, (BWF सुपर 300 टूर्नामेंट)
- **स्थानः** काउंसिल ब्लफ्स, आयोवा, संयुक्त राज्य अमेरिका।
- **तिथिः** 24-30 जून, 2025।

- 30 जून, 2025 को आयुष शेट्टी ने कनाडा के **ब्रायन यांग को 21-18, 21-13 से हराकर** यूएस ओपन 2025 का पुरुष एकल खिताब जीता।
  - भारत के लिए इस सीजन का पहला वर्ल्ड टूर खिताब है।
  - 20 वर्षीय आयुष शेट्टी के कॅरियर का पहला **BWF वर्ल्ड टूर खिताब** है।
  - इससे पहले वह 2023 में **विश्व जूनियर चैम्पियनशिप** में **कांस्य पदक** जीत चुके हैं।
- **सेमीफाइनल में बड़ा उलटफेरः** फाइनल में पहुँचने से पहले, आयुष ने सेमीफाइनल मुकाबले में दुनिया के छठवें नंबर के खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त **चाउ टिएन चेन** (चीनी ताइपे) को हराकर एक बड़ा उलटफेर किया था।

### महिला एकल में भारतीय प्रदर्शन

- इस टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में भारत की 16 वर्षीय **तन्वी शर्मा** भी पहुँची थीं, लेकिन फाइनल में वह अमेरिका की शीर्ष वरीय बेइवेन झेंग से 21-11, 16-21, 21-10 से पराजित हो गईं और उपविजेता रहीं।
- वह **BWF वर्ल्ड टूर फाइनल** में पहुँचने वाली **सबसे कम उम्र की भारतीय** बनीं।

# कुश्ती / Wrestling

## पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती टूर्नामेंट

- **प्रतियोगिताः** पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल (चौथी और अंतिम कुश्ती रैंकिंग सीरीज 2025)
- **स्थानः** बुडापेस्ट, हंगरी
- **भारत का कुल प्रदर्शनः** 10 पदक (3 स्वर्ण, 3 रजत, 4 कांस्य)

### भारत के पदक विजेता

☑ **स्वर्ण पदक विजेता**
  - **सुजीत कलकल** : पुरुष फ्रीस्टाइल (65 किग्रा)
  - **अंतिम पंघाल** : महिला फ्रीस्टाइल (53 किग्रा)
  - **हर्षिता** : महिला फ्रीस्टाइल (72 किग्रा)

☑ रजत पदक विजेता

- **नेहा सांगवान** : महिला फ्रीस्टाइल (57 किग्रा)
- **प्रिया मलिक** : महिला फ्रीस्टाइल (76 किग्रा)
- **सुमित** : पुरुष ग्रीको-रोमन (60 किग्रा)

☑ कांस्य पदक विजेता

- **राहुल** : पुरुष फ्रीस्टाइल (57 किग्रा)
- **नीलम** : महिला फ्रीस्टाइल (50 किग्रा)
- **मनीषा** : महिला फ्रीस्टाइल (62 किग्रा)
- **अनिल मोर** : पुरुष ग्रीको-रोमन (55 किग्रा)

## फुटबॉल / Football

### फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025

- **मेजबान देशः** संयुक्त राज्य अमेरिका (USA)
- **आयोजन तिथियाँः** 15 जून से 13 जुलाई, 2025
- **प्रतिभागी टीमें:** 32 (8 ग्रुप में)
  - यह पहली बार था जब टूर्नामेंट को 32 टीमों के एक नए और विस्तारित प्रारूप में आयोजित किया गया।
- **कुल मैचः** 63
- **फाइनल का स्थानः** मेटलाइफ स्टेडियम, न्यू जर्सी, अमेरिका।
- **विजेताः** चेल्सी (इंग्लैण्ड)
- **उपविजेताः** पेरिस सेंट-जर्मेन (PSG) (फ्रांस)
- **फाइनल स्कोरः** 3-0
- **बेस्ट प्लेयरः** कोल पामर (चेल्सी)
- **बेस्ट यंग प्लेयरः** डेजायर डूए (पेरिस सेंट-जर्मेन)
- **बेस्ट गोलकीपरः** रॉबर्ट सांचेज (चेल्सी)

**फुटबॉल (InShort)**

☑ **अंडर-21 यूरो कप : इंग्लैण्ड** की अंडर-21 टीम ने यूरो 2025 खिताब **जर्मनी** को एक्स्ट्रा टाइम में 3-2 से हराकर लगातार **दूसरी बार** जीत लिया।

☑ **कॉनकाकैफ गोल्ड कप : मैक्सिको** की फुटबॉल टीम ने अमेरिका को 2-1 से हराकर **रिकॉर्ड 10वीं बार** कॉनकाकैफ गोल्ड कप जीत लिया।

## तीरंदाजी / Archery

### हुंडई तीरंदाजी विश्व कप 2025: चरण 4 (मैड्रिड)

- **आयोजनः** हुंडई तीरंदाजी विश्व कप, 2025 का चौथा चरण।
- **आयोजन स्थलः** मैड्रिड, स्पेन
- **आयोजन तिथियाँः** 8-13 जुलाई, 2025
- **प्रतिभागी** : 49 देश, 336 तीरंदाज
- **प्रमुख फोकस** : रिकर्व, कंपाउंड, मिश्रित टीम इवेंट्स

**भारत का प्रदर्शन (विशेष रूप से महत्वपूर्ण)**



ज्योति सुरेखा वेन्नम

- भारत ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 3 पदक जीते। सभी पदक कंपाउंड स्पर्द्धाओं में प्राप्त हुए तथा भारतीय तीरंदाज **ज्योति सुरेखा वेन्नम** ने तीनों पदकों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

1. **महिला कंपाउंड टीम - रजत पदक**
   - भारतीय टीम (ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पृथिका प्रदीप) फाइनल में चीनी ताइपे से 225-227 से हार गई और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।
2. **महिला कंपाउंड व्यक्तिगत - रजत पदक**
   - एशियाई खेलों की चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने व्यक्तिगत स्पर्द्धा में रजत पदक जीता। वह फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन की एला गिब्सन से मात्र एक अंक (147-148) से पीछे रहीं।
3. **मिश्रित कंपाउंड टीम - कांस्य पदक**
   - ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव की जोड़ी ने कांस्य पदक के मुकाबले में अल सल्वाडोर को 156-153 से हराकर भारत के लिए तीसरा पदक जीता।

- **अतिरिक्त उपलब्धिः**
  - **ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव** ने मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन राउंड में **1431 के स्कोर** के साथ एक नया **विश्व रिकॉर्ड** भी स्थापित किया।

☆ दक्षिण कोरिया कुल 9 पदकों (3 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य) के साथ शीर्ष स्थान पर रहा।

## मुक्केबाजी / Boxing

### विश्व मुक्केबाजी कप 2025 के दूसरे चरण में भारत ने 3 स्वर्ण सहित 11 पदक जीते

- **प्रतियोगिताः** बॉक्सिंग वर्ल्ड कप (द्वितीय चरण)
- **आयोजन तिथिः** 30 जून-7 जुलाई, 2025
- **आयोजन स्थलः** अस्ताना (कजाखस्तान)
- इस आयोजन में भारतीय मुक्केबाजों ने 3 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 11 पदक जीते।

**भारतीय पदक विजेता**

- **स्वर्ण पदक**
  - साक्षी चौधरी (महिला 54 किग्रा.)
  - जैस्मिन लंबोरिया (महिला 57 किग्रा.)
  - नूपुर श्योरण (महिला 80+ किग्रा.)

- **रजत पदक विजेता**
  - मीनाक्षी हूडा (महिला 48 किग्रा.)
  - पूजा रानी (महिला 80 किग्रा.)
  - अभिनाश जामवाल (पुरुष 65 किग्रा.)
  - हितेश गुलिया (पुरुष 70 किग्रा.)
  - जुगनू अहलावत (पुरुष 85 किग्रा.)
- **कांस्य पदक**
  - संजू खत्री (महिला 60 किग्रा.)
  - निखिल दुबे (पुरुष 75 किग्रा.)
  - नरेंद्र बेरवाल (पुरुष 90+ किग्रा.)

☆ विश्व मुक्केबाजी कप 2025 के पहले चरण का आयोजन अप्रैल 2025 में ब्राजील के फोज डो इगुआसु में किया गया था, जिसमें भारत ने 6 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत, 4 कांस्य) जीते थे।

☆ विश्व मुक्केबाजी कप 2025 का फाइनल नईदिल्ली में 15-22 नवम्बर, 2025 को होगा।

# एथलेटिक्स / Athletics

## नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025

- **प्रतियोगिता का नाम**: नीरज चोपड़ा क्लासिक (उद्घाटन संस्करण)
- **स्थान**: श्री कांतीरवा स्टेडियम, बेंगलुरू
- **तिथि**: 5 जुलाई, 2025
- **स्तर**: वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता प्राप्त गोल्ड लेवल टूर्नामेंट।

☑ **प्रतियोगिता के परिणाम**
- स्वर्ण पदकः नीरज चोपड़ा (भारत); 86.18 मीटर
- रजत पदकः जूलियस येगो (केन्या); 84.51 मीटर
- कांस्य पदकः रुमेश पथिरगे (श्रीलंका); 84.34 मीटर

☑ **मुख्य बिंदु एवं महत्व**
- भारत के ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने अपने नाम पर आयोजित इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण जीता।
- यह भारत में आयोजित पहला अन्तर्राष्ट्रीय जैवलिन थ्रो केन्द्रित आयोजन है, जिसे वैश्विक मान्यता प्राप्त है।
- इस टूर्नामेंट का आयोजन **जेएसडब्लू (JSW) स्पोर्ट्स** और **भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI)** के सहयोग से किया गया।

## अनिमेष कुजूर बने भारत के सबसे तेज धावक, तोड़ा 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

- भारतीय फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर ने इतिहास रचते हुए 100 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया।
- उन्होंने 5 जुलाई, 2025 को ग्रीस के वारी में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट एंड रिले मीट में 100 मीटर की दूसरी हीट में 10.18 सेकण्ड का समय निकालकर यह उपलब्धि हासिल की।
- इस प्रदर्शन के साथ, 22 वर्षीय अनिमेष भारत के सबसे तेज पुरुष 100 मीटर धावक बन गए हैं।
- उन्होंने गुरिंदरवीर सिंह के 10.20 सेकण्ड के पिछले रिकॉर्ड (मार्च 2025, बेंगलुरू) को तोड़ा।
- **अंतिम परिणामः** रिकॉर्ड बनाने के बाद, छत्तीसगढ़ के अनिमेष ने फाइनल में 10.21 सेकण्ड के समय के साथ **कांस्य पदक** जीता।
  - दक्षिण अफ्रीका के बेंजामिन रिचर्डसन (10.01 सेकण्ड) और ओमान के अली अनवर अल-बालुशी (10.12 सेकण्ड) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

### एथलेटिक्स (InShort)

☑ **मोहम्मद अफसल :** भारत के मोहम्मद अफसल ने चेकिया में **स्विएटेलस्की ग्रा. प्री. टैबोर 2025 एथलेटिक्स मीट, श्रेणी डी वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर इवेंट** में 1 मिनट 47.01 सैकेण्ड के समय के साथ खिताब जीता।

☑ **प्रवीण चित्रावेल :** भारत के प्रवीण चित्रावेल ने स्पेन के पैम्लोना में **एक्स मीटिंग मेमोरियल मीट** में ट्रिपल जंप में 16.80 मीटर की छलांग लगाकर खिताब जीता।

☑ **मुरली श्रीशंकर :** भारतीय **लॉन्ग जंपर** मुरली श्रीशंकर पुर्तगाल के माइया में **वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर** के ब्रॉन्ज स्तर की प्रतियोगिता में **7.75 मीटर** की छलांग लगाकर खिताब जीतने में सफल रहे।

# जूडो / Judo

## एशियाई कैडेट जूडो कप 2025

- **प्रतियोगिता**: ताइपे एशियाई कैडेट जूडो कप 2025
- **स्थल**: ताइपे, चीनी ताइपे
- **आयोजन तिथि**: 15-16 जुलाई, 2025

- इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक (3 स्वर्ण, 3 रजत, 5 कांस्य) जीते।
- भारत की ओर से 16 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था।

### भारतीय पदक विजेता

- **स्वर्ण पदक विजेता :** तानिया राठौर (गर्ल्स -40 किग्रा.), राही राजेशकुमार घेलानी (गर्ल्स -44 किग्रा.), रंजीता कोरेटी (गर्ल्स -52 किग्रा.)।
- **रजत पदक विजेता :** मोनिका देवी खुयेंथेम (गर्ल्स -63 किग्रा.), बिपीलिया यमनाम (गर्ल्स -70 किग्रा.), राम कुमार (बॉयज -90 किग्रा.)।

- **कांस्य पदक विजेता :** सैयाम चौधरी (बॉयज -50 किग्रा.), हर्षित (बॉयज -73 किग्रा.), बबनूर सिंह बराड़ (बॉयज +90 किग्रा.), लगन लक्षकार (गर्ल्स -57 किग्रा.), राधिका (गर्ल्स +70 किग्रा.)।

☆ **रंजीता कोरेटी की प्रेरक जीतः** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की रंजीता कोरेटी ने 52 किग्रा. वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर एक प्रेरक कहानी लिखी। बालगृह से निकलकर अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर यह सफलता हासिल करना एक असाधारण उपलब्धि है।

## एशियाई जूनियर जूडो कप 2025

- **प्रतियोगिताः** ताइपे एशियाई जूनियर जूडो कप 2025
- **स्थानः** ताइपे, चीनी ताइपे
- **तिथिः** 15-16 जुलाई, 2025
- **भारत का कुल प्रदर्शनः** 11 पदक (5 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य)

- **स्वर्ण पदक विजेता :** लैशांगथेम नुंगशिथोई चानू (महिला -52 किग्रा.), शाहिन आर. दरजादा (महिला -57 किग्रा.), हिमांशी टोकस (महिला -63 किग्रा.), खाइदेम ताइबंगनबी चानू (महिला -70 किग्रा.), ईशरूप नारंग (महिला -78 किग्रा.)।
- **रजत पदक विजेता :** हिमांशु (पुरुष -60 किग्रा.), आदित्य सोलंकी (पुरुष -81 किग्रा.), निंगथौजम शीतल सिंह (पुरुष-90 किग्रा.), कंवरप्रीत कौर (महिला +78 किग्रा.)।
- **कांस्य पदक विजेता :** फरदीन (पुरुष -73 किग्रा.), कृष्ण रखोलिया (पुरुष -100 किग्रा.)।

# स्नूकर / Snooker

## IBSF वर्ल्ड 6-रेड स्नूकर चैम्पियनशिप 2025

- **प्रतियोगिताः** IBSF वर्ल्ड 6-रेड स्नूकर चैम्पियनशिप 2025
- **आयोजन स्थलः** मनामा, बहरीन
- **प्रारूप (Format)ः** 6-रेड स्नूकर (पारंपरिक स्नूकर का तेज और आक्रामक संस्करण

### अंतिम परिणाम और विजेता

☑ **सीनियर पुरुष वर्ग**
- **विजेताः** रिले पॉवेल (वेल्स)
- **उपविजेताः** पंकज आडवाणी (भारत)
- **अंतिम स्कोरः** 5-4
- पंकज आडवाणी ने सेमीफाइनल में भारत के ही एक अन्य प्रमुख खिलाड़ी आदित्य मेहता को हराया था।

☑ **अंडर-21 पुरुष वर्ग**
- **विजेताः** सेबास्टियन माइलवेस्की (पोलैण्ड)
- **उपविजेताः** पान यीमिंग (चीन)
- **अंतिम स्कोरः** 5-0

☆ इंटरनेशनल बिलियर्ड्स एंड स्नूकर फेडरेशन (IBSF) वर्ल्ड 6-रेड चैम्पियनशिप एक प्रतिष्ठित वैश्विक टूर्नामेंट है, जिसमें दुनिया भर के शीर्ष क्यू खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं।

☆ पारंपरिक स्नूकर के विपरीत, '6-रेड' प्रारूप में केवल छह लाल गेंदें होती हैं, जिससे खेल तेज़ और अधिक आक्रामक बन जाता है।

☆ भारत के सबसे सफल क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी इस टूर्नामेंट में वाइल्डकार्ड के रूप में शामिल हुए थे।

### स्नूकर (InShort)

☑ **एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप :** पूर्व विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी ने शानदार प्रदर्शन कर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। कोलंबो में सम्पन्न हुई इस प्रतियोगिता में भारत ने **मलेशिया** को 3-1 से पराजित किया। यह भारत का **5वाँ स्वर्ण पदक** था।

# टेबल टेनिस / Table tennis

## 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस

- **प्रतियोगिताः** 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैम्पियनशिप
- **आयोजन स्थलः** ताशकंद, उज्बेकिस्तान
- **तिथिः** जुलाई 2025
- **मुख्य उपलब्धिः** भारत की 14 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स (एकल) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- दिव्यांशी ने फाइनल में चीन की झू किही को 4-2 से हराया।
  - दिव्यांशी यह खिताब जीतने वाली 36 वर्षों में पहली भारतीय लड़की हैं। उनसे पहले 1989 में सुब्रमण्यम भुवनेश्वरी ने यह खिताब जीता था।
- **चैम्पियनशिप में भारत का कुल प्रदर्शनः** भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल 4 पदक जीते।
  - **स्वर्ण (1)ः** दिव्यांशी भौमिक (U-15 गर्ल्स सिंगल्स)
  - **रजत (1)ः** U-15 बॉयज टीम
  - **कांस्य (2)ः** U-19 बॉयज टीम और U-19 मिक्स्ड डबल्स (अंकुर भट्टाचार्जी और तनीशा कोटेचा)

# सॉफ्टबॉल / Softball

## WBSC पुरुष सॉफ्टबॉल विश्व कप 2025

- **आयोजन तिथि :** 8-13 जुलाई, 2025
- **फाइनल मुकाबला :** प्रिंस अल्बर्ट, कनाडा में
- **मेजबान देश :** कनाडा, मेक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका

- **विजेता** : वेनेजुएला
- **उपविजेता** : न्यूज़ीलैण्ड
- **तीसरा स्थान** : संयुक्त राज्य अमेरिका

# विविध खेल / Misc Games

## FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 : भारत का शानदार प्रदर्शन, 12 पदक जीते

- **संस्करण** : 32वाँ
- **आयोजन अवधि**: 16-27 जुलाई, 2025
- **आयोजन स्थल**: राइन-रूर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र और बर्लिन, जर्मनी
- **प्रतिस्पर्द्धा** : 18 खेलों की 234 प्रतिस्पर्द्धाएँ
- **भारतीय प्रतिभागी** : लगभग 300

- 32वें FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारतीय एथलीटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक जीते। इसमें 2 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं।
- इस प्रदर्शन के साथ **भारत** पदक तालिका में **20वें स्थान** पर रहा।
- लगभग 300 भारतीय एथलीटों ने 18 विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्द्धा की, जिसमें तीरंदाजी और एथलेटिक्स में सबसे अधिक सफलता मिली।

### भारत का पदक विवरण

| खिलाड़ी/टीम | खेल | स्पर्द्धा |
|---|---|---|
| स्वर्ण पदक | | |
| साहिल राजेश जाधव | तीरंदाजी | पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत |
| परनीत कौर/कुशल दलाल | तीरंदाजी | कंपाउंड मिश्रित टीम |
| रजत पदक | | |
| परनीत कौर | तीरंदाजी | महिला कंपाउंड व्यक्तिगत |
| कुशल दलाल / साहिल जाधव/ ऋतिक शर्मा | तीरंदाजी | पुरुष कंपाउंड टीम |
| प्रवीण चित्रवेल | एथलेटिक्स | पुरुष ट्रिपल जंप |
| सीमा | एथलेटिक्स | महिला 5000 मीटर |
| अंकिता ध्यानी | एथलेटिक्स | महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज |
| कांस्य पदक | | |
| भारतीय टीम | बैडमिंटन | मिश्रित टीम |
| वैष्णवी अड़कर | टेनिस | महिला एकल |
| परनीत कौर/अवनीत कौर/ मधुरा धामणगांवकर | तीरंदाजी | महिला कंपाउंड टीम |
| अनिमेष कुजूर/मणिकंटा होब्लिधर/ लालू प्रसाद भोई/ मृत्युम डोंडपति/ गुरिंदरवीर सिंह | एथलेटिक्स | पुरुष 4×100 मीटर रिले |
| मानसी नेगी/सेजल अनिल सिंह / महिमा चौधरी/मुनिता प्रजापति/ शालिनी | एथलेटिक्स | महिला 20 किमी. रेस वॉक टीम |

## 21वें वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025

- 21वें वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 का आयोजन 27 जून से 6 जुलाई, 2025 तक बर्मिंघम, अलबामा (संयुक्त राज्य अमेरिका) में किया गया।
  - यह दुनिया भर के पुलिस, फायरफाइटर्स और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों के लिए एक ओलम्पिक-शैली की बहु-खेल प्रतियोगिता है।
- **संयुक्त राज्य अमेरिका** ने कुल 1401 पदक (590 स्वर्ण, 448 रजत और 363 कांस्य ) जीते और पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा।-
- **ब्राजील** ने 296 स्वर्ण, 269 रजत और 239 कांस्य सहित कुल 804 पदकों के साथ पदक तालिका में दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- **भारत** कुल 590 पदक (282 स्वर्ण, 179 रजत और 129 कांस्य) जीतकर **पदक तालिका में तीसरे स्थान** पर रहा।

Source : https://wpfg2025.fusesport.com/

- ☆ इस द्विवार्षिक प्रतियोगिता का अगला आयोजन वर्ष 2027 में पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में किया जाएगा।
- ☆ वर्ष 2029 में पहली बार वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स भारत में आयोजित होगा।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- ☑ विश्व एथलेटिक्स परिषद ने महिला वर्ग में विश्व रैंकिंग प्रतियोगिताओं के लिए कौनसा टेस्ट 1 सितम्बर, 2025 से अनिवार्य कर दिया है? **SRY जीन परीक्षण**
- ☑ 14 जुलाई, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने जून 2025 के पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' किसे घोषित किया गया है? **एडेन मार्करम (द. अफ्रीका)**
- ☑ 14 जुलाई, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने जून 2025 के महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' किसे घोषित किया गया है? **हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज की कप्तान)**
- ☑ 3-15 जुलाई, 2025 को राँची (झारखण्ड) में सम्पन्न 15वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हॉकी ओडिशा को हराकर किसने खिताब जीता? **हॉकी झारखण्ड**
- ☑ जुलाई 2025 में पेशेवर क्रिकेट में 5 गेंदों में 5 विकेट लेने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी कौन बने हैं? **कर्टिस कैंफर (आयरलैण्ड)**
- ☑ 6 जुलाई, 2025 को सम्पन्न फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2025 की 12वीं कार रेस ब्रिटिश ग्रैंड प्रिक्स (2025) का खिताब किसने जीता? **लैंडो नॉरिस (यूके); टीम मैकलॉरेन-मर्सिडीज**

○○○



# अद्यतन सामान्य ज्ञान

## निर्वाचन/नियुक्तियाँ/मनोनयन

### संजय सिंघल बने एसएसबी के नए महानिदेशक

- केन्द्रीय सरकार ने 29 जुलाई, 2025 को सीमा सुरक्षा बल (BSF) के विशेष महानिदेशक संजय सिंघल को सशस्त्र सीमा बल (SSB) का नया महानिदेशक नियुक्त किया है।



- ओडिशा कैडर के 1993 बैच के अधिकारी संजय सिंघल वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल (BSF) में विशेष महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं।
- **कार्यकालः** वह 1 सितम्बर, 2025 को अपना पदभार ग्रहण करेंगे और 31 दिसम्बर, 2028 तक इस पद पर रहेंगे।
- **उत्तराधिकारीः** वह वर्तमान एसएसबी प्रमुख अमृत मोहन प्रसाद का स्थान लेंगे, जो 31 अगस्त, 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### अजय सेठ IRDAI के नए अध्यक्ष नियुक्त

- केन्द्र सरकार ने पूर्व वित्त और आर्थिक मामलों के सचिव, अजय सेठ को भारतीय बीमा नियामक व विकास प्राधिकरण (IRDAI) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।


अजय सेठ

- 1987 बैच के कर्नाटक कैडर के आईएएस अधिकारी, सेठ ने इस पद पर **देबाशीष पांडा का स्थान** लिया है, जिनका कार्यकाल मार्च 2025 में समाप्त हो गया था।
- 24 जुलाई, 2025 को कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा उनकी नियुक्ति तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, तक के लिए की गई है।
- सेठ को राजकोषीय नीति और बुनियादी ढाँचा विकास का गहरा अनुभव है।

**Key Note.................**

- ☆ **भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण** (IRDAI) भारत में बीमा क्षेत्र को विनियमित करने और इसके विकास को बढ़ावा देने के लिए स्थापित एक सांविधिक निकाय है।
- ☆ इसे बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 के तहत 19 अप्रैल, 2000 को स्थापित किया गया था।
- ☆ **मुख्यालय** : हैदराबाद, तेलंगाना में है।

### सोनाली मिश्रा बनीं RPF की पहली महिला महानिदेशक

- भारतीय पुलिस सेवा (IPS) की वरिष्ठ अधिकारी **सोनाली मिश्रा** को रेलवे सुरक्षा बल (RPF) का नया महानिदेशक (Director General) 13 जुलाई, 2025 को नियुक्त किया गया है।


सोनाली मिश्रा

- वह RPF के इतिहास में इस शीर्ष पद पर पहुँचने वाली **पहली महिला अधिकारी** बन गई हैं।
- सोनाली मिश्रा इस पद पर **मनोज यादव** का स्थान लेंगी, जो 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त हो रह हैं।
- मध्य प्रदेश कैडर की 1993 बैच की आईपीएस अधिकारी सोनाली मिश्रा सीमा सुरक्षा बल (BSF) में प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए देश की पहली महिला महानिरीक्षक (IG) भी बनीं थीं।

**रेलवे सुरक्षा बल (RPF):**

- ☆ **स्थापनाः** RPF की स्थापना रेलवे सुरक्षा बल अधिनियम, 1957 के तहत की गई थी।
- ☆ **मंत्रालयः** यह रेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्य करता है।
- ☆ **कार्यः** इसका मुख्य कार्य रेलवे संपत्ति, यात्री और यात्री क्षेत्रों की सुरक्षा करना है।

### राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा 3 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में नए राज्यपालों और उप-राज्यपालों की नियुक्ति

- भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 14 जुलाई, 2025 को भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दो राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश के लिए नए राज्यपालों एवं उप-राज्यपाल की नियुक्ति की है।

**नियुक्तियों का विवरण**

| राज्य/केन्द्र-शासित प्रदेश | नवनियुक्त राज्यपाल/ उप-राज्यपाल | किसका स्थान लिया |
|---|---|---|
| हरियाणा | प्रोफेसर असीम कुमार घोष | बंडारू दत्तात्रेय |
| गोवा | पुसापति अशोक गजपति राजू | पी.एस. श्रीधरन पिल्लई |
| लद्दाख (UT) | कविंदर गुप्ता (उप-राज्यपाल) | ब्रिगेडियर (डॉ.) बी. डी. मिश्रा (सेवा.) |

## नवनियुक्त व्यक्तित्वों का संक्षिप्त परिचयः

- ☆ **प्रोफेसर असीम कुमार घोषः** एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और प्रशासनिक अनुभव वाले व्यक्ति हैं।
- ☆ **पुसापति अशोक गजपति राजूः** आन्ध्र प्रदेश के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री रह चुके हैं।
- ☆ **कविंदर गुप्ताः** जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ नेता हैं और पूर्व में राज्य के उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।

## परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण तथ्य

- संवैधानिक प्रावधानः
  - **अनुच्छेद 153**ः प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्यपाल होगा।
  - **अनुच्छेद 155**ः राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा करेगा।
  - **अनुच्छेद 239**ः केन्द्रशासित प्रदेशों का प्रशासन राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त प्रशासक (जैसे उप-राज्यपाल) के माध्यम से किया जाता है।
  - **नियुक्ति कौन करता है?**ः राज्यपालों और उप-राज्यपालों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
  - **कार्यकाल**ः राज्यपाल का कार्यकाल सामान्यतः 5 वर्ष का होता है, लेकिन वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत (during the pleasure of the President) पद धारण करता है।
- **योग्यता (अनुच्छेद 157)**ः
  - वह भारत का नागरिक हो।
  - 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो।
  - किसी लाभ के पद पर न हो।

# डॉ. अभिजीत शेठ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) के नए अध्यक्ष नियुक्त

- केन्द्र सरकार ने प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. अभिजीत शेठ को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (National Medical Commission - NMC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- डॉ. शेठ ने NMC के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद्र शर्मा का स्थान लिया है।
- इस नियुक्ति से पहले, डॉ. अभिजीत शेठ राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड (National Board of Examinations in Medical Sciences - NBEMS) के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

## राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC)

- भारत में चिकित्सा क्षेत्र का शीर्ष नियामक निकाय है।
- **स्थापना**ः 25 सितम्बर, 2020
- **अधिनियम (Act)**ः राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के तहत स्थापित।
- NMC ने 64 वर्ष पुरानी भारतीय चिकित्सा परिषद (Medical Council of India - MCI) को प्रतिस्थापित किया है।
- **मुख्यालय**ः नई दिल्ली

# उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों की नियुक्ति व स्थानांतरण

- केन्द्र सरकार ने 14 जुलाई, 2025 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा दी गई मंजूरी के बाद देश भर के कई उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों की नियुक्ति एवं स्थानांतरण को अधिसूचित किया।
  - यह सिफारिशें मुख्य न्यायाधीश **बी. आर. गवई** की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा की गई थीं।

## मुख्य न्यायाधीशों का पारस्परिक स्थानांतरण

- 4 उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों का आपस में स्थानांतरण किया गया है, जो इस प्रकार है–

| मुख्य न्यायाधीश | पूर्व उच्च न्यायालय | नवीन उच्च न्यायालय |
|---|---|---|
| 1. न्यायमूर्ति के. आर. श्रीराम | मद्रास | राजस्थान |
| 2. न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव | राजस्थान | मद्रास |
| 3. न्यायमूर्ति एम. एस. रामचंद्र राव | झारखण्ड | त्रिपुरा |
| 4. न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह | त्रिपुरा | तेलंगाना |

### उच्च न्यायालयों में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्तियाँ

| मुख्य न्यायाधीश का नाम | उच्च न्यायालय |
|---|---|
| 1. न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा | मुख्य न्यायाधीश, मध्य प्रदेश |
| 2. न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान | मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड |
| 3. न्यायमूर्ति विभु बाखरू | मुख्य न्यायाधीश, कर्नाटक |
| 4. न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार | मुख्य न्यायाधीश, गुवाहाटी |
| 5. न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली | मुख्य न्यायाधीश, पटना |

### उच्च न्यायालयों के मध्य न्यायाधीशों का स्थानांतरण

| न्यायाधीश का नाम | पूर्व उच्च न्यायालय | नवीन उच्च न्यायालय |
|---|---|---|
| न्यायमूर्ति तडकमल्ला विनोद कुमार | तेलंगाना | मद्रास |
| न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल | तेलंगाना | कलकत्ता |
| न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला | इलाहाबाद | दिल्ली |
| न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी | इलाहाबाद | कर्नाटक |
| न्यायमूर्ति विवेक चौधरी | इलाहाबाद | दिल्ली |
| न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा | इलाहाबाद | पंजाब और हरियाणा |
| न्यायमूर्ति अरुण मोंगा | राजस्थान | दिल्ली |
| न्यायमूर्ति श्री चंद्रशेखर | राजस्थान | बॉम्बे |
| न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल | पंजाब और हरियाणा | दिल्ली |
| न्यायमूर्ति सुधीर सिंह | पंजाब और हरियाणा | पटना |
| न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा | पंजाब और हरियाणा | राजस्थान |
| न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह | मद्रास | मध्य प्रदेश |
| न्यायमूर्ति बट्टू देवानंद | मद्रास | आन्ध्र प्रदेश |
| न्यायमूर्ति लानुसुंगकुम जमीर | गुवाहाटी | कलकत्ता |
| न्यायमूर्ति सुमन श्याम | गुवाहाटी | बॉम्बे |
| न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह | केरल | कर्नाटक |
| न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव | कर्नाटक | दिल्ली |

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्मरणीय तथ्य

**संवैधानिक प्रावधानः**

- ☆ उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति **अनुच्छेद 217** के तहत की जाती है।
- ☆ न्यायाधीशों का एक उच्च न्यायालय से दूसरे में स्थानांतरण **अनुच्छेद 222 के तहत** किया जाता है।
- ☆ **सिफारिशः** न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की सिफारिश **सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम** करता है, जिसकी अध्यक्षता भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) करते हैं।
- ☆ **अंतिम मंजूरीः** इन सिफारिशों पर अंतिम मुहर भारत के राष्ट्रपति लगाते हैं।
- ☆ **केन्द्रीय कानून और न्याय मंत्रीः** अर्जुन राम मेघवाल।
- ☆ **भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI):** बी. आर. गवई।

### अन्य प्रमुख नियुक्तियाँ : एक नजर में

☑ **संजय कौल :** प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी)

- ○ गिफ्ट सिटी **गांधीनगर (गुजरात)** में स्थित है।
- ○ यह भारत का पहला परिचालित स्मार्ट सिटी तथा देश का पहला अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र (IFSC) है।

☑ **दीपक बगला :** मिशन निदेशक, अटल नवाचार मिशन

- ○ अटल नवाचार मिशन (AIM) नीति आयोग के अंतर्गत एक प्रमुख पहल है, जिसे नवाचार को बढ़ावा देने और स्टार्टअप्स का समर्थन करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

☑ **आर. दोराईस्वामी :** प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतीय जीवन बीमा निगम

- ○ उनकी नियुक्ति 15 जुलाई, 2025 से प्रभावी हुई है और उनका कार्यकाल 28 अगस्त, 2028 तक रहेगा अर्थात् वह 62 वर्ष की आयु पूरी होने पर सेवानिवृत्ति होंगे।

☑ **प्रिया नायर :** सीईओ और प्रबंध निदेशक, हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (HUL)

- ○ 1 अगस्त, 2025 से कार्यभार ग्रहण करेंगी।

☑ **सबीह खान :** मुख्य परिचालन अधिकारी, एप्पल

- ○ दुनिया की सबसे बड़ी टेक कम्पनी में शामिल एप्पल ने भारतीय मूल के सबीह खान को अपना सीओओ नियुक्त किया है।
- ○ उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में जन्मे सबीह खान इस पद पर एप्पल के सीओओ जेफ विलियम्स का स्थान लेंगे। जेफ विलियम्स इसी वर्ष सेवानिवृत्त होंगे।

☑ **हरदीप सिंह बरार :** अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएमडब्ल्यू समूह इंडिया

- ○ **नियुक्ति प्रभावी** : 1 सितम्बर, 2025

☑ **संजोग गुप्ता :** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (ICC)

- ○ **नियुक्ति तिथि** : 7 जुलाई, 2025
- ○ वह इस पद पर **ज्योफ एलार्डिस** का स्थान लेंगे।

☑ **साहिल किन्नी :** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH)

- ○ साहिल किन्नी ने इस पद पर **राजेश बंसल** का स्थान लिया है।

### रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH)

- ⌖ रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) की स्थापना 2022 में भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई के रूप में बेंगलुरू में की गई थी।
- ⌖ इसका उद्देश्य वित्तीय सेवाओं में नवाचार को प्रोत्साहित करना और सरकार, बैंकों, स्टार्टअप्स और तकनीकी कम्पनियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है।

☑ **सुनील जयवंत कदम :** कार्यकारी निदेशक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी)

- ○ नियुक्ति तिथि : 1 जुलाई, 2025

☑ **रवि अग्रवाल :** अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

- ○ रवि अग्रवाल के कार्यकाल में 1 वर्ष की वृद्धि की गई है। उनका नया कार्यकाल 1 जुलाई, 2025 से 30 जून, 2026 तक रहेगा।

☆ CBDT, वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अंतर्गत आता है।

☑ **गोविंद मोहन :** गृह सचिव (कार्यकाल में वृद्धि)

- ○ केन्द्र सरकार ने गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल 22 अगस्त, 2026 तक बढ़ा दिया है।

## अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

### जुलाई 2025 में पद ग्रहण करने वाले राष्ट्राध्यक्ष/प्रधानमंत्री

- **किम मिन-सियोक (Kim Min-seok)** : प्रधानमंत्री, द. कोरिया; (पद ग्रहण : 7 जुलाई, 2025)।
- **फुमथम वेचायाचाई (Phumtham Wechayachai)** : कार्यवाहक प्रधानमंत्री, थाईलैण्ड; (पद ग्रहण : 3 जुलाई, 2025)।
- **जेनिफर ग्रीलिंग्स-सिमेंस (Jennifer Geerlings-Simons)** : राष्ट्रपति, सूरीनाम; (पद ग्रहण : 16 जुलाई, 2025)।
- **यूलिया स्विरीडेन्को (Yulia Svyrydenko)** : प्रधानमंत्री, यूक्रेन; (पद ग्रहण : 17 जुलाई, 2025)।
- **जस्टिन न्सेंगियुम्वा (Justin Nsengiyumva)** : प्रधानमंत्री, रवांडा; (पद ग्रहण : 25 जुलाई, 2025)।

# इस्तीफा/पदत्याग/सेवानिवृत्ति

## मनोलो मार्केज : भारतीय फुटबॉल टीम के कोच पद से इस्तीफा

- भारतीय फुटबॉल टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, स्पेन के कोच मनोलो मार्केज़ और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने 2 जुलाई, 2025 को आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने का निर्णय लिया।
- मार्केज़ ने पिछले वर्ष ही इगोर स्टिमैक की जगह मुख्य कोच का पद सँभाला था। उनका अभी एक वर्ष का कार्यकाल बाकी था।
- **इस्तीफा का कारण** : मार्केज़ के कार्यकाल में भारतीय टीम ने 8 मैच खेले, जिनमें से केवल 1 में (मालदीव के खिलाफ मैत्री मैच में) जीत मिली। टीम एक भी प्रतिस्पर्धी मैच जीतने में असफल रही।
    - इसके अलावा पिछले एक वर्ष में टीम की फीफा रैंकिंग 99वें स्थान से गिरकर 127वें स्थान पर आ गई, जो उनके प्रदर्शन में गिरावट को दर्शाता है।

## गीता गोपीनाथ ने आईएमएफ की फर्स्ट डिप्टी एमडी से इस्तीफा दिया


गीता गोपीनाथ

- भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के पहले उप प्रबंध निदेशक (First Deputy Managing Director-FDMD) के पद से 21 जुलाई, 2025 को इस्तीफा दे दिया।
- उनका इस्तीफा अगस्त 2025 के अंत में प्रभावी होगा और वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में 1 सितम्बर, 2025 से कार्यभार सँभालेंगी।

### IMF में गीता गोपीनाथ का सफर और उपलब्धियाँ

- **पहली महिला मुख्य अर्थशास्त्री**: गीता गोपीनाथ 2019 में IMF की पहली महिला मुख्य अर्थशास्त्री (Chief Economist) बनीं। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी।
- **पहला उप प्रबंध निदेशक**: जनवरी 2022 में, उन्हें पदोन्नत कर संगठन का दूसरा सबसे बड़ा पद, यानी पहला उप प्रबंध निदेशक (FDMD) बनाया गया।
- **प्रमुख योगदान**: उन्होंने वैश्विक आर्थिक संकटों के दौरान फंड के विश्लेषणात्मक कार्यों का नेतृत्व किया और महामारी से निपटने के लिए 'पेंडेमिक प्लान' का सह-लेखन भी किया।

# निधन

## केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन का निधन


वी.एस. अच्युतानंदन

- केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) [CPI(M)] के वयोवृद्ध नेता वीएस अच्युतानंदन का 21 जुलाई, 2025 को तिरुवनंतपुरम के एसयूटी अस्पताल में निधन हो गया।
- **पूरा नाम**: वेळिक्काकथु शंकरन अच्युतानंदन।
- **राजनीतिक दल**: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) - CPI(M)। वे 1964 में पार्टी के गठन के समय से इसके सदस्य थे।
- **प्रारंभिक जीवन**: उन्होंने छोटी उम्र में ही राजनीति में प्रवेश किया और स्वतंत्रता-पूर्व पुन्नापरा-वायलार विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल**: वह 2006 से 2011 तक केरल के 11वें मुख्यमंत्री रहे।
- **विपक्ष के नेता**: उन्होंने दो बार (2001-2006 और 2011-2016) केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाई।
- **अंतिम पद**: 2016 से 2021 तक वे केरल में प्रशासनिक सुधार आयोग (Administrative Reforms Commission) के अध्यक्ष रहे, जिसे कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त था।

☑ **प्रमुख योगदान और विरासत**
- **मुन्नार अतिक्रमण हटाओ अभियान (2007)**: उनके मुख्यमंत्रित्व काल का सबसे चर्चित कदम मुन्नार में बड़े पैमाने पर हुए अवैध भूमि अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई थी। इस अभियान ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

### प्रमुख दिवंगत हस्तियाँ

☑ **रतन थियम** : प्रसिद्ध रंगमंच निर्देशक
- **जन्म-मृत्यु** : 20 जनवरी, 1948 - 23 जुलाई, 2025
- 1987 में उन्हें नाटक 'चक्रव्यूह' के लिए एडिनबर्ग महोत्सव में फ्रिंज फर्स्ट पुरस्कार मिला था।
- 1989 में पद्मश्री से सम्मानित।

☑ **मुहम्मदु बुहारी :** नाइजीरिया के पूर्व राष्ट्रपति
- **निधन तिथि** : 13 जुलाई, 2025; **आयु** : 82 वर्ष
- बुहारी ने दो बार सैन्य प्रमुख और लोकतांत्रिक राष्ट्रपति के रूप में नाइजीरिया का नेतृत्व किया।
- बुहारी पहली बार 1983 में एक सैन्य तख्तापलट के बाद **नाइजीरिया के राष्ट्राध्यक्ष** बने। उनका यह सैन्य शासन 1985 तक चला।

- वह 2015 में **ऑल प्रोग्रेसिव्स कांग्रेस (APC) पार्टी** के उम्मीदवार के रूप में लोकतांत्रिक तरीके से राष्ट्रपति चुने गए। उन्होंने 2019 में दूसरा कार्यकाल भी जीता और 2015 से 2023 तक देश के राष्ट्रपति रहे।

**नाइजीरियाः एक नजर में**

- **राजधानीः** अबुजा
- **मुद्राः** नाइजीरियन नाइरा (Naira)
- **विशेषताः** यह **अफ्रीका महाद्वीप का सबसे अधिक जनसंख्या** वाला देश और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

☑ **बिस्मिल्लाह जान शिनवारी** : अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर

- **निधन** : 7 जुलाई, 2025; **आयु** : 41 वर्ष
- अफगानिस्तान के क्रिकेट अंपायर शिनवारी आईसीसी इंटरनेशनल पैनल के सदस्य थे।
- उन्होंने 25 वनडे और 21 टी20 अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की थी।

☑ **पीटर रूफाई** : नाइजीरिया की फुटबॉल टीम के पूर्व गोलकीपर

- **निधन** : 4 जुलाई, 2025; **आयु** : 61 वर्ष
- उन्होंने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए दो बार (1994 और 1998) फीफा विश्व कप में भी हिस्सा लिया था।

☑ **डॉ. एम.सी. डॉबर** : प्रसिद्ध चिकित्सक

- **निधन** : 4 जुलाई, 2025; **आयु** : 80 वर्ष
- वह मरीजों से मामूली शुल्क (₹ 20) लेते थे और जरुरतमंदों का इलाज मुफ्त में करते थे।
- भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में पद्मश्री से सम्मानित।

☑ **डियागो जोटा** (पूरा नाम : डियोगो जोस तेज़ाइरा दा सिल्वा) : पुर्तगाल के फुटबॉलर

- **जन्मः** 4 दिसम्बर, 1996, पोरतो, पुर्तगाल;
- **निधनः** 3 जुलाई, 2025, स्पेन (कार हादसे में)
- डियोगो जोटा एक फॉरवर्ड खिलाड़ी थे, जो मुख्य रूप से सेंटर-फॉरवर्ड या विंगर के रूप में खेलते थे।
- उन्होंने 2022 फीफा विश्व कप और दो यूईएफए यूरोपीय चैम्पियनशिप (2020 और 2024) में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया।

☑ **कोटा श्रीनिवासन** : पद्मश्री से सम्मानित तेलुगू अभिनेता

- **जन्म-मृत्यु** : 10 जुलाई, 1942 - 13 जुलाई, 2025
- **फिल्म कॅरियरः** 750+ फिल्मों में अभिनय, जिसमें तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी शामिल हैं।
- वर्ष 2015 में **पद्मश्री** से सम्मानित।

☑ **बी. सरोजा देवी** : बीते जमाने की भारतीय अभिनेत्री

- **जन्म-मृत्यु** : 7 जनवरी, 1938 - 14 जुलाई, 2025
- दक्षिण में उन्हें **'अभिनय सरस्वती'** कहा जाता था।
- पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित सरोजा देवी ने 70 साल के लम्बे कॅरियर में लगभग 200 फिल्मों में काम किया।

☑ **फौजा सिंह** : दुनिया के सबसे उम्रदराज धावक

- **जन्म-मृत्यु** : 1 अप्रैल, 1911 - 14 जुलाई, 2025 (सड़क हादसे में निधन)
- 2012 में लंदन ओलम्पिक के मशालवाहक रहे फौजा सिंह के नाम 100 वर्ष की उम्र में फुल मैराथन दौड़ने वाले सबसे बुजुर्ग व्यक्ति का रिकॉर्ड दर्ज है।

☑ **धीरज कुमार** : अभिनेता-निर्देशक

- **जन्म-मृत्यु** : 1 अक्टूबर, 1944 - 15 जुलाई, 2025
- उन्होंने कई फिल्मों में काम किया तथा दूरदर्शन के लिए उन्होंने 'ओम नमः शिवाय' सीरियल बनाया था।

# चर्चित व्यक्ति

## नरेन्द्र मोदी भारत के दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 जुलाई, 2025 को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जब वे लगातार कार्यकाल के मामले में भारत के दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बन गए।
- उन्होंने इस मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ दिया।

**प्रमुख बिंदुः**

- **उपलब्धिः** लगातार कार्यकाल में दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवारत प्रधानमंत्री।
- **किसको पीछे छोड़ाः** इंदिरा गांधी, जिन्होंने 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च 1977 तक (लगभग 11 वर्ष 59 दिन) लगातार सेवा की थी।
- **प्रथम स्थानः** भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड जवाहरलाल नेहरू के नाम है, जिन्होंने लगभग 16 वर्ष 286 दिन तक देश की सेवा की।

**अतिरिक्त तथ्यः**

- नरेन्द्र मोदी भारत के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है।
- उन्होंने 26 मई, 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और वर्तमान में अपने तीसरे कार्यकाल में हैं।

**भारत के सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री (लगातार कार्यकाल)**

| रैंक | प्रधानमंत्री का नाम | कार्यकाल की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | जवाहरलाल नेहरू | 16 वर्ष, 286 दिन |
| 2 | नरेन्द्र मोदी | 11 वर्ष, 60 दिन (25 जुलाई 2025 तक) और जारी |
| 3 | इंदिरा गांधी | 11 वर्ष, 59 दिन |
| 4 | मनमोहन सिंह | 10 वर्ष, 4 दिन |

## बिहार चुनावः नीतू चंद्रा और क्रांति प्रकाश झा बने नए 'स्वीप' आइकॉन

- आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने अभिनेत्री **नीतू चंद्रा** और अभिनेता **क्रांति प्रकाश झा** को बिहार के लिए **'स्वीप (SVEEP) आइकॉन'** नियुक्त किया है।



क्रांति कुमार झा नीतू चन्द्रा

- इसका मुख्य उद्देश्य इन लोकप्रिय हस्तियों के माध्यम से मतदाताओं, विशेषकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करना है।
- **नीतू चंद्रा** (गृह जिला - पटना) : हिन्दी, तमिल, तेलुगु और हॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वे एक प्रशिक्षित मार्शल आर्टिस्ट और खिलाड़ी भी हैं।
- **क्रांति प्रकाश झा** (गृह जिला -भागलपुर) : 'बाटला हाउस', 'एम.एस. धोनी' और 'सम्राट पृथ्वीराज' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

### क्या है 'स्वीप' (SVEEP) कार्यक्रम?

- ☆ **पूरा नाम**: व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (Systematic Votersl Education and Electoral Participation)।
- ☆ **उद्देश्य**: मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करना, पंजीकरण और मतदान के लिए प्रोत्साहित करना तथा सूचित, नैतिक और समावेशी मतदान को बढ़ावा देना।
- ☆ **कार्यप्रणाली**: यह अभियान मल्टीमीडिया, सोशल मीडिया, सामुदायिक भागीदारी और प्रभावशाली व्यक्तित्वों (Icons) का उपयोग करके उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केन्द्रित करता है जहाँ मतदान प्रतिशत ऐतिहासिक रूप से कम रहा है।

## IIT गुवाहाटी की छात्रा सुकन्या रवि बनीं कॉमनवेल्थ यूथ पीस एम्बेसडर

- आईआईटी गुवाहाटी बी.टेक की फाइनल ईयर की छात्रा **सुकन्या सोनोवाल** को कॉमनवेल्थ यूथ पीस एम्बेसडर नियुक्त किया गया है।
- वह **कॉमनवेल्थ यूथ पीस एम्बेसडर्स नेटवर्क (CYPAN)** की कार्यकारी समिति में 2025-2027 के कार्यकाल के लिए लीड – कम्युनिकेशंस एंड पब्लिक रिलेशंस (या आउटरीच) के रूप में कार्य करेंगी।
- यह नियुक्ति तीन चरणों वाली कठोर चयन प्रक्रिया के माध्यम से हुई, जिसमें आवेदन और साक्षात्कार शामिल थे तथा शांतिबद्धता अनुभव, कॉमनवेल्थ मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और प्रासंगिक फ्रेमवर्क की समझ जैसे मानदंडों पर आधारित थी।

### कॉमनवेल्थ यूथ पीस एम्बेसडर नेटवर्क (CYPAN):

- यह राष्ट्रमंडल सचिवालय (Commonwealth Secretariat) के तहत काम करने वाला एक युवा नेटवर्क है।
- **उद्देश्य**: राष्ट्रमंडल देशों में युवा शांति-निर्माताओं को आपस में जोड़ना, उन्हें प्रशिक्षित करना और उनके कार्यों का समर्थन करना।

## आस्था पूनिया : भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट



सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया

- सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया आधिकारिक रूप से भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट बनीं।
- पूनिया को 3 जुलाई, 2025 को विशाखापत्तनम के INS देगा में आयोजित समारोह में **'विंग्स ऑफ गोल्ड'** प्रदान किया गया।
- मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के गाँव हिसावदा की रहने वाली 24 वर्षीय आस्था अब मिग-29K जैसे सुपरसोनिक जेट्स को INS विक्रांत और INS विक्रमादित्य जैसे विमानवाहक पोतों से उड़ाएँगी।
- उन्होंने हॉक 132 एडवांस्ड जेट ट्रेनर पर बुनियादी फाइटर पायलट प्रशिक्षण पूरा किया।
- यह उपलब्धि नारी शक्ति और नौसेना में लैंगिक समावेशिता को दर्शाती है।

## राष्ट्रपति मुर्मु द्वारा राज्यसभा में 4 नए सदस्य मनोनीत

- भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 12 जुलाई, 2025 को, संविधान के अनुच्छेद 80 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 4 प्रतिष्ठित हस्तियों को राज्यसभा के सदस्य के रूप में मनोनीत किया है।
  - ○ ये सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव रखते हैं।



हर्षवर्धन शृंगला उज्ज्वल देवराव निकम सी. सदानंदन मास्टर डॉ. मीनाक्षी जैन

### राज्यसभा के मनोनीत सदस्य : एक नजर में

- **उज्ज्वल निकम** (कानून एवं न्याय): देश के सबसे प्रसिद्ध सरकारी वकीलों में से एक, जो 26/11 मुंबई आतंकी हमले जैसे कई बड़े मामलों में विशेष लोक अभियोजक रहे हैं।
- **हर्षवर्धन शृंगला** (कूटनीति एवं विदेश नीति): पूर्व विदेश सचिव, G20 प्रेसीडेंसी में मुख्य समन्वयक रहे और अमेरिका तथा बांग्लादेश में राजदूत के रूप में कार्य कर चुके हैं।

- **डॉ. मीनाक्षी जैन** (साहित्य एवं शिक्षा): एक प्रख्यात इतिहासकार और लेखिका, जिन्हें 2020 में पद्म श्री से सम्मानित किया जा चुका है।
- **सी. सदानंदन मास्टर** (समाज सेवा): केरल के एक शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता, जो राजनीतिक हिंसा से पीड़ित होने के बावजूद युवा सशक्तीकरण के लिए अपने कार्यों के लिए जाने जाते हैं।

**राज्यसभा के मनोनीत सदस्य : एक नजर में**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सी. सदानंदन | 2. | रंजन गोगोई |
| 3. | डॉ. धर्मेंद्र वीरेन्द्र हेगड़े | 4. | इलियाराजा |
| 5. | डॉ. मीनाक्षी जैन | 6. | श्रीमती सुधा मूर्ति |
| 7. | उज्जवल देवराव निकम | 8. | वी. विजेंद्र |
| 9. | हर्षवर्धन श्रृंगला | 10. | पी.टी. ऊषा |
| 11. | सतनाम सिंह संधू | 12. | गुलाम अली |

### संवैधानिक प्रावधान:

- **अनुच्छेद 80(1)(a)**: इसके तहत राष्ट्रपति को राज्यसभा में 12 सदस्य मनोनीत करने का अधिकार है।
- **अनुच्छेद 80(3)**: इसके अनुसार, ये सदस्य साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों से होने चाहिए, जिन्हें इन विषयों का विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव हो।
- **राज्यसभा की संरचना:**
  - राज्यसभा की अधिकतम सदस्य संख्या 250 हो सकती है।
  - इनमें से 238 सदस्य राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों से अप्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं।
  - 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते हैं। वर्तमान में सदन की क्षमता 245 (233 निर्वाचित + 12 मनोनीत) है।

## पंजाब के छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊँची चोटी माउंट एल्ब्रस पर विश्व रिकॉर्ड बनाया

- पंजाब के रोपड़ जिले के मात्र 6 वर्ष 9 महीने व 4 दिन के तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस (5,642 मीटर) की चोटी सफलतापूर्वक फतह कर दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बनने का नया रिकॉर्ड बनाया।
- उन्होंने 20 जून, 2025 को अपने पिता के साथ चढ़ाई शुरू की और 28 जून को सफलतापूर्वक चोटी प्राप्त की।
- सामान्य तापमान −10 °C तक पहुँच गया, लेकिन तेगबीर ने हिम और कम ऑक्सीजन को पार कर सफ़लता पाई।
- उन्हें 'माउंटेनियरिंग फेडरेशन ऑफ कबर्डिनो-बल्केरिया' द्वारा प्रमाण-पत्र मिला, जो पिछले रिकॉर्ड (7 वर्ष 3 माह) को तोड़ता है।
  - यह रिकॉर्ड महाराष्ट्र के कुशाग्र ने वर्ष 2024 में बनाया था।

## जारा लचलान ने रचा इतिहास, अकेले अटलांटिक महासागर पार करने वाली सबसे युवा महिला बनीं

- ब्रिटेन की 21 वर्षीय जारा लचलान (Zara Lauchlan) ने अकेले नाव चलाकर अटलांटिक महासागर को पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की महिला बनकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने यह साहसिक यात्रा 59 दिन, 18 घंटे और 29 मिनट में पूरी की।
- जारा ने अपनी इस यात्रा की शुरुआत कैनरी द्वीप (स्पेन) के ला गोमेरा से की थी और लगभग 4,800 किलोमीटर (3,000 मील) की दूरी तय करके कैरेबियाई द्वीप एंटीगुआ के नेल्सन डॉकयार्ड पहुँची।

# चर्चित स्थल

## अन्नामलाई टाइगर रिजर्व में हॉर्नबिल संरक्षण के लिए देश का पहला केन्द्र बनेगा

- भारत का पहला हॉर्नबिल संरक्षण उत्कृष्टता केन्द्र तमिलनाडु के अन्नामलाई टाइगर रिजर्व में स्थापित किया जाएगा।
- यह केन्द्र संकटग्रस्त हॉर्नबिल प्रजातियों के संरक्षण और उनके दीर्घकालिक अध्ययन के लिए समर्पित होगा।
- इसका मुख्य उद्देश्य ग्रेट हॉर्नबिल (जो तमिलनाडु का राज्य पक्षी है) जैसी प्रजातियों का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण करना है।
- यह केन्द्र हॉर्नबिल के प्राकृतिक आवास की रक्षा करेगा और इस कार्य में स्थानीय आदिवासी समुदायों को भी शामिल करेगा।

☆ हॉर्नबिल को 'जंगल का किसान' भी कहा जाता है, क्योंकि वे बीज फैलाकर जंगल के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### अन्नामलाई टाइगर रिजर्व (ATR)

- यह पश्चिमी घाट (Western Ghats) में स्थित है और तमिलनाडु के कोयंबटूर और तिरुपुर जिलों में फैला हुआ है।
- **जैव विविधता**: यह बाघ, हाथी, तेंदुए और कई प्रकार के संकटग्रस्त वनस्पतियों और जीवों का घर है।
- हॉर्नबिल की कई प्रजातियों (जैसे ग्रेट हॉर्नबिल, मालाबार पाइड हॉर्नबिल) के लिए यह एक महत्वपूर्ण आवास है।

## मिजोरम का 'लुंगफुन रोपुई' बना राष्ट्रीय महत्व का स्मारक

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने 14 जुलाई, 2025 को मिजोरम के चम्फाई जिले में स्थित प्राचीन मेगालिथिक साइट **'लुंगफुन रोपुई'** को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक (Monument of National Importance) घोषित किया है।
- यह मिजोरम का दूसरा ऐसा स्थल है जिसे यह प्रतिष्ठित दर्जा प्राप्त हुआ है।
  - मिजोरम का राष्ट्रीय महत्व का पहला स्थल वांगछिया गाँव में **'कावटछुआह रोपुई (Kawtchhuah Ropu)'** है।

### क्या है 'लुंगफुन रोपुई'?

- **अर्थ**: स्थानीय भाषा में 'लुंगफुन रोपुई' का अर्थ **'महान या उत्कृष्ट पत्थरों का समूह'** होता है।

- **स्वरूप:** यह एक मेगालिथिक साइट है, जहाँ प्राचीन काल के बड़े-बड़े पत्थर (मेन्हिर) गड़े हुए हैं। इन पत्थरों पर शुरुआती मिजो लोगों के जीवन, उनके रीति-रिवाजों और विश्वासों को दर्शाने वाली अनूठी नक्काशी की गई है।
- **स्थान:** यह स्थल म्यांमार सीमा के पास, चम्फाई जिले के लिआनपुई गाँव में स्थित है।

# दिवस/सप्ताह/वर्ष

- **जीएसटी दिवस** : 1 जुलाई
- **नेशनल चार्टर्ड एकाउंटेंट दिवस** : 1 जुलाई
- **राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस** : 1 जुलाई
  - **वर्ष 2025 की थीम** 'Behind the mask :Who Heals the Healers?'।
- **भारतीय स्टेट बैंक का स्थापना दिवस** : 1 जुलाई
- **विश्व यूएफओ (Unidentified flying object) दिवस** : 2 जुलाई
- **विश्व खेल पत्रकारिता दिवस** : 2 जुलाई
- **अन्तर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस** : 3 जुलाई
- **संयुक्त राज्य अमेरिका का स्वतंत्रता दिवस** : 4 जुलाई
  - संयुक्त राज्य अमेरिका का 249वाँ स्वतंत्रता दिवस 4 जुलाई, 2025 को मनाया गया।
- **अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस** : 5 जुलाई
  - यह दिवस जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है।
  - वर्ष 2025 में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस की थीम–**'सहकारिताएँ एक बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं।'**
  - 5 जुलाई, 2025 को 103वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया।
  - अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने गुजरात के **आणंद** में देश के पहले राष्ट्रीय स्तर के सहकारी विश्वविद्यालय **'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय (टीएसयू)'** का भूमि भूजन और शिलान्यास किया।

☆ संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को **अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष** घोषित किया है।

## श्वेत क्रांति 2.0

- डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध उत्पादन और खरीद को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा श्वेत क्रांति 2.0 शुरू की गई है।
- श्वेत क्रांति 2.0 का शुभारम्भ 19 सितम्बर, 2024 को किया गया और इसका उद्घाटन 25 दिसम्बर, 2024 को किया गया।
- **लक्ष्य:** 5 वर्षों में दूध खरीद में 50 प्रतिशत वृद्धि।
- अब तक 27 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में 9,695 डेयरी सहकारी समितियाँ पंजीकृत की जा चुकी हैं।

- **विश्व जूनासेस डे** (World Zoonoses Day) : 6 जुलाई
- **विश्व ग्रामीण विकास दिवस** : 6 जुलाई
  - उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 6 सितम्बर, 2024 को इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की थी।
- **विश्व जैव उत्पाद दिवस** : 7 जुलाई
- **राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस** : 10 जुलाई
- **विश्व जनसंख्या दिवस** : 11 जुलाई
  - **वर्ल्ड पॉपुलेशन दिवस 2025 की थीम :** 'युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण दुनिया में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना'।
- **विश्व अश्व दिवस : 11 जुलाई**
  - 11 जुलाई, 2025 को **पहला** विश्व अश्व दिवस मनाया गया।
  - उल्लेखनीय है कि **संयुक्त राष्ट्र महासभा** ने **3 जून, 2025** को इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की थी।
- **रेत और धूल के तूफान का मुकाबला करने का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस :** 12 जुलाई
- **अन्तर्राष्ट्रीय मलाला दिवस** : 12 जुलाई
  - संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान की बाल एवं महिला अधिकार कार्यकर्त्री मलाला युसुफजई के जन्म-दिन को इस दिवस के रूप में घोषित किया है।
- **विश्व युवा कौशल दिवस** : 15 जुलाई
- **विश्व सर्प दिवस** : 16 जुलाई
- **विश्व अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस** : 17 जुलाई
- **अन्तर्राष्ट्रीय नेल्सन मंडेला दिवस** : 18 जुलाई
- **विश्व मस्तिष्क दिवस** : 22 जुलाई
  - वर्ष 2025 के लिए विश्व मस्तिष्क दिवस की थीम **'सभी उम्र के लोगों के लिए ब्रेन हेल्थ'** है।
- **राष्ट्रीय आम दिवस** : 22 जुलाई
- **राष्ट्रीय प्रसारण दिवस** : 23 जुलाई
- **राष्ट्रीय आयकर दिवस** : 24 जुलाई
- **कारगिल विजय दिवस** : 26 जुलाई
  - 26 जुलाई, 2025 को कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगाँठ मनाई गई।
- **मैंग्रोव पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस :** 26 जुलाई
- **विश्व हैपेटाइटिस दिवस** : 28 जुलाई
  - **वर्ष *2025* के विश्व हैपेटाइटिस दिवस की थीम–** 'हेपेटाइटिस : चलो इसे तोड़ दें'।
- **विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस :** 28 जुलाई
  - वर्ष 2025 के इस दिवस की थीम **'लोगों और पौधों को जोड़ना, वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज'।**
- **अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस :** 29 जुलाई
- **मैत्री का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 30 जुलाई
- **मानव तस्करी के विरुद्ध विश्व दिवस** : 30 जुलाई
- **विश्व रेंजर दिवस** : 31 जुलाई

## विभिन्न संस्थानों के स्थापना दिवस

- **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्** (ICAR) **का स्थापना दिवस** : 16 जुलाई
  - भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने 16 जुलाई, 2025 को अपना 97वाँ स्थापना दिवस मनाया।

## प्रमुख जयंती एवं त्योहार

- **गुरु पूर्णिमा** : 10 जुलाई
  - गुरु पूर्णिमा प्रति वर्ष आषाढ़ माह में पूर्णिमा के दिन (जुलाई से अगस्त तक) मनाई जाती है और इस वर्ष गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई, 2025 को मनाई गई।
- **धम्मचक्कप्पवत्तन दिवस** : 10 जुलाई
  - **धम्मचक्कप्पवत्तन दिवस**, जिसे आषाढ़ पूर्णिमा या असाला पूजा के रूप में भी जाना जाता है।
  - इसी दिन भगवान बुद्ध ने अब सारनाथ के नाम से विख्यात ऋषिपटन मृगादय के मृग उद्यान में पंचवर्गीय (पाँच तपस्वी साथियों) को पहली बार उपदेश दिया था।

## प्रमुख सप्ताह

- **वन महोत्सव सप्ताह 2025** : 1-7 जुलाई, 2025
- **भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह 2025** : 8-10 जुलाई, 2025

# चर्चित पुस्तकें

- **ग्वेनेथ : द बायोग्रॉफी** (Gwyneth: The Biography)

  **–एमी ओडेल**
  - प्रसिद्ध अभिनेत्री ग्वेनेथ पाल्ट्रोव की जीवनी।

# ऑपरेशन/अभियान/अभ्यास

## भारत और जापान के मध्य संयुक्त समुद्री अभ्यास 'जा माता'

- भारत और जापान के बीच समुद्री साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए चेन्नई तट पर 'जा माता' (Ja Maata) नामक संयुक्त तटरक्षक अभ्यास 7-12 जुलाई, 2025 को किया गया है।
  - जापानी भाषा में 'जा माता' का अर्थ है **'बाद में मिलते हैं'**।
- जापान कोस्ट गार्ड पोत 'Itsukushima' ने 7 जुलाई, 2025 को चेन्नई पोर्ट पहुँचकर अभ्यास की शुरुआत की।
- भारत और जापान के तटरक्षक बलों के बीच सामरिक सहयोग, समुद्री सुरक्षा और संयुक्त कार्य-क्षमता (Interoperability) को सुदृढ़ करना।

## तालिस्मान सेबर 2025 (Talisman Sabre 2025)

- **अभ्यास का आयोजनः** 13 जुलाई से 4 अगस्त, 2025
- **मुख्य मेजबान देश** : ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य अमेरिका
- **आयोजन स्थल** : ऑस्ट्रेलिया के विभिन्न सैन्य क्षेत्र (जैसे क्वींसलैंड, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया आदि) और पहली बार पापुआ न्यू गिनी में भी।
- **भारत की भूमिका** : प्रतिभागी देश। (पहले के संस्करणों में भारत एक 'पर्यवेक्षक' के रूप में शामिल हुआ था)।
- **प्रमुख प्रतिभागी देश** : भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान (सभी क्वाड सदस्य), यूके, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया आदि 19 देशों के 35,000 से अधिक सैन्यकर्मी।
- **भारत ने पहली बार** ऑस्ट्रेलिया में आयोजित हुए इस सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'तालिस्मान सेबर 2025' में एक प्रतिभागी देश के रूप में हिस्सा लिया है।
- यह अभ्यास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग और सैन्य तैयारियों को परखने का एक प्रमुख मंच है।

### क्या है तालिस्मान सेबर अभ्यास?

- वर्ष 2005 में शुरू किया गया और हर दो वर्ष में आयोजित किया जाने वाला यह अभ्यास, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास के रूप में शुरू हुआ और तब से यह एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय युद्ध अभ्यास के रूप में विकसित हो गया है, जिसमें यूरोपीय भागीदारों के अलावा प्रमुख हिंद-प्रशांत भागीदार भी शामिल हैं।

## सिंगापुर-भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास 'सिम्बेक्स'

- सिंगापुर-भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास 'सिम्बेक्स' का 32वाँ संस्करण सिंगापुर में जुलाई 2025 में सम्पन्न हुआ।
  - इस अभ्यास को **लायन किंग अभ्यास** के नाम से जाना जाता है।
- यह दीर्घकालिक वार्षिक अभ्यास भारतीय नौसेना और सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के बीच आयोजित किया जाता है।
- यह अभ्यास भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' और 'सागर विज़न' के अंतर्गत दक्षिण-पूर्व एशिया में बढ़ते नौसैनिक जुड़ाव का प्रतीक है, जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में रक्षा और कूटनीति के समन्वय को दर्शाता है।

## राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास - भारत एनसीएक्स 2025

- **आयोजन तिथि** : 21 जुलाई से 1 अगस्त, 2025
- **आयोजक** : राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU)
- **उद्घाटन** : उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार टी.वी. रविचंद्रन द्वारा
- **मुख्य विषय** : भारतीय साइबरस्पेस की परिचालन तैयारियों को बढ़ाना।
- **उद्देश्यः** भारत की साइबर सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करना।
- **प्रतिभागीः** सरकारी अधिकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSUs) और निजी क्षेत्र के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ।
- **प्रमुख फोकसः** महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना (Critical Information Infrastructure) की सुरक्षा।

## भारत और ग्रीस की नौसेनाओं ने अरब सागर में किया संयुक्त 'पासेक्स' अभ्यास

- भारतीय नौसेना और ग्रीस की नौसेना (हेलेनिक नेवी) ने 10 जुलाई, 2025 को **मुंबई के निकट अरब सागर** में एक संयुक्त पासेक्स (PASSEX - Passing Exercise) अभ्यास किया।
- इसका मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाना और समुद्री संचालन में आपसी तालमेल को मजबूत करना था।

☆ यह अभ्यास 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ग्रीस यात्रा के दौरान भारत-ग्रीस संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' (Strategic Partnership) तक बढ़ाए जाने के बाद द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने का एक हिस्सा है।

### अभ्यास के प्रमुख बिन्दु

- **प्रतिभागी देशः** भारत और ग्रीस।
- **आयोजन स्थलः** अरब सागर (मुंबई के पास)।
- **शामिल जहाजः**
  - **भारतः** आईएनएस तरकश (INS Tarkash)
  - **ग्रीसः** एचएस पसारा (HS Psara)
- **मुख्य गतिविधियाँः** सामरिक अभ्यास, फायरिंग, हेलीकॉप्टर ऑपरेशन और समुद्र में संसाधनों की आपूर्ति।

⊕ INS तरकश रूस में निर्मित एक तलवार-श्रेणी का स्टेल्थ युद्धपोत है, जो ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों से लैस है।

⊕ यह अभ्यास हिंद महासागर में भारत के प्रमुख सुरक्षा भागीदार के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करता है।

# सम्मेलन/बैठक/कॉन्फ्रेंस

## भारतीय ज्ञान प्रणाली पर प्रथम वार्षिक शैक्षिक सम्मेलन

- **आयोजन तिथि** : 10-12 जुलाई, 2025
- **आयोजन स्थल** : जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU), नई दिल्ली
- **उद्घाटन** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़
- **विषय** : The Resurgence of IKS: Finding what we have, learning what we learnt
- **उद्देश्य** : भारतीय ज्ञान प्रणालियों को उच्च शिक्षा में मुख्यधारा में लाना और गंभीर शैक्षिक संवाद को बढ़ावा देना है।
- **संयुक्त आयोजनकर्ताः** Indian Knowledge Systems Heritage Alliance (IKSHA), Indian Council of Social Science Research (ICSSR), Indian Council of Historical Research (ICHR)

## युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन

- **आयोजन तिथि** : 18-20 जुलाई, 2025
- **आयोजन स्थल** : रुद्राक्ष अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग एवं सम्मेलन केन्द्र, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
- **मुख्य विषय (Theme)** : नशा मुक्त युवा, विकसित भारत
- **प्रमुख फोकस** : युवा सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य, राष्ट्र निर्माण।
- **आयोजक** : युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार
- **परिणाम** : काशी घोषणा पत्र के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में युवाओं को नशामुक्त बनाने का रोडमैप तैयार किया गया है।

## राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों का प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन तिथि** : 3-4 जुलाई, 2025 (दो दिवसीय)।
- **आयोजन स्थल** : ICAT सेंटर-2, IMT मानेसर, गुरुग्राम (हरियाणा)।
- **उद्घाटनकर्ता** : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।
- **विषय** : संवैधानिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका
- **उद्देश्य** : शहरी स्थानीय निकायों को सशक्त बनाना, शहरी चुनौतियों का समाधान, संवैधानिक लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण में भूमिका बढ़ाना।

## अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन 'शल्यकॉन 2025'

- **आयोजन तिथि** : 13-15 जुलाई, 2025
  - सुश्रुत जयंती (15 जुलाई) के अवसर पर आयोजित किया गया, जो **'शल्य चिकित्सा के जनक'** आचार्य सुश्रुत को श्रद्धांजलि देता है।
- **आयोजन स्थल** : अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA), नईदिल्ली
- **उद्घाटनकर्ता** : प्रतापराव जाधव (केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री)
- **मुख्य विषय (Theme)**: 'नवाचार, एकीकरण और प्रेरणा' (Innovation, Integration, and Inspiration) था।
  - इसका उद्देश्य पारंपरिक आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक सर्जिकल तकनीक के साथ एकीकृत करना था।
- AIIA के शल्य तंत्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय सुश्रुत संघ के सहयोग से आयोजित यह राष्ट्रीय सेमिनार, **एनएसए के 25वें वार्षिक सम्मेलन** का एक हिस्सा था।

☆ **अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान** (एआईआईए) अपनी तरह का पहला संस्थान है, जिसकी स्थापना **एम्स** की तर्ज पर की गई है। इसे प्रधानमंत्री ने **17 अक्टूबर, 2017** को दूसरे आयुर्वेद दिवस पर नई दिल्ली में राष्ट्र को समर्पित किया था।

## राष्ट्रीय सम्मेलन जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण (NCRBC) 2025:

- **संस्करण** : तीसरा
- **आयोजन तिथि** : 2-3 जुलाई, 2025
- **आयोजन स्थल** : नई दिल्ली
- **आयोजक** : भारतीय कॉर्पोरेट मामलों का संस्थान (IICA)
- **उद्घाटन** : हर्ष मल्होत्रा (कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री)
- **थीम** : विकसित भारत के लिए ईएसजी को एकीकृत करना।
- यह सम्मेलन सतत विकास, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) और विकसित भारत @2047 से जुड़ा था।

## नियंत्रक सम्मेलन 2025

- **तिथिः** 7-9 जुलाई, 2025 (तीन दिवसीय)
- **स्थलः** DRDO भवन, नई दिल्ली
- **आयोजकः** रक्षा लेखा विभाग (DAD), रक्षा मंत्रालय
- **उद्घाटनकर्ताः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह
- **थीमः** रक्षा वित्त और अर्थशास्त्र के माध्यम से वित्तीय सलाह, भुगतान, लेखा परीक्षा और लेखांकन में परिवर्तन।
- **प्रमुख फोकसः** रक्षा वित्त, लेखा परीक्षा, पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी एकीकरण।

## केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का कुलपति सम्मेलन 2025

- **आयोजन तिथि** : 10-11 जुलाई, 2025 (दो दिवसीय)
- **स्थल** : केवडिया, गुजरात
- **आयोजक** : शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
- **उद्घाटनकर्ता** : धर्मेंद्र प्रधान (केन्द्रीय शिक्षा मंत्री)
- **थीम** : शैक्षिक परिवर्तन और विकसित भारत@2047
- **प्रमुख फोकसः** NEP 2020 कार्यान्वयन, NHEQF / NCrF, इक्विटी, गुणवत्ता

## व्यापार सुविधा सम्मेलन

- **आयोजन तिथिः** 11 जुलाई, 2025
- **आयोजन स्थलः** नई दिल्ली
- **विषयः** निर्बाध व्यापार के लिए वैज्ञानिक उत्कृष्टता
- **आयोजनकर्ता** : केन्द्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला (सीआरसीएल) और केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी)।

## समुद्री वित्तपोषण शिखर सम्मेलन 2025

- **आयोजन तिथिः** 24 जुलाई, 2025
- **आयोजन स्थलः** नई दिल्ली
- **आयोजकः** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
- **उद्घाटनकर्ताः** केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल
- **थीमः** 'निवेश को बढ़ावा, समुद्र को सशक्त बनाना'
    - जो बंदरगाह वित्तपोषण, डिजिटल परिवर्तन और नीली अर्थव्यवस्था (Blue Economy) पर केन्द्रित थी।

## 11वाँ भारत मक्का शिखर सम्मेलन 2025:

- **आयोजन तिथि** : 7 जुलाई, 2025
- **आयोजन स्थल** : नई दिल्ली
- **उद्घाटनकर्ता** : केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान
- **आयोजक** : फिक्की (FICCI) और आईसीएआर-भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (IIMR) द्वारा संयुक्त रूप से।
- **उद्देश्य** : भारत में मक्के की उत्पादकता बढ़ाने, इसके व्यावसायिक उपयोग को प्रोत्साहित करने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना।

- मक्के को भारत में **'अनाजों की रानी'** कहा जाता है।
- यह **चावल** और **गेहूँ** के बाद तीसरी सबसे महत्वपूर्ण अनाज की फसल है।
- **प्रमुख उपयोगः** इसका सबसे बड़ा उपयोग पोल्ट्री फीड (लगभग 51%) में होता है, इसके बाद इथेनॉल उत्पादन (लगभग 18-20%), स्टार्च उद्योग और खाद्य उत्पादों में होता है।

## भारत समुद्री निवेश बैठक 2025

- **आयोजन तिथि** : 8 जुलाई, 2025
- **आयोजन स्थल** : भारत हाउस, लंदन
- **आयोजक** : पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
- **उद्घाटनकर्ता** : विक्रम के. दोरैस्वामी (ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त)
- **उद्देश्य** : भारत की मैरीटाइम इंडिया विजन 2047 को वैश्विक निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करना
- **प्रमुख फोकस** : 100% FDI, कार्गो हैंडलिंग क्षमता (वर्तमान क्षमता 2,760 MTPA से बढ़ाकर 2030 तक 3,500 MTPA तथा 2047 तक 10,000 MTPA तक), नीली अर्थव्यवस्था।

## प्रसारण और मीडिया प्रौद्योगिकी पर 29वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी (BES EXPO 2025)

- **आयोजन तिथिः** 3-5 जुलाई, 2025
- **आयोजन स्थलः** प्रगति मैदान, नई दिल्ली
- **उद्घाटनकर्ताः** नवनीत कुमार सहगल (प्रसार भारती के अध्यक्ष)
- **थीम** : कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से मीडिया परिदृश्य का रूपांतरणः निर्माण, सहयोग और मुद्रीकरण।

### आगामी सम्मेलन

## भारत की पांडुलिपि विरासत पर पहला वैश्विक सम्मेलन

- **आयोजन तिथिः** 11-13 सितम्बर, 2025
- **आयोजन स्थलः** भारत मंडपम, नई दिल्ली
- **आयोजकः** भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय
- **विषयः** भारत की पांडुलिपि विरासत पर पहला वैश्विक सम्मेलन

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### माइक्रोसॉफ्ट ने दवा खोज में तेजी लाने के लिए AI 'बायोएमू-1' लॉन्च किया

- माइक्रोसॉफ्ट ने 11 जुलाई, 2025 को अपना नया AI सिस्टम 'बायोएमू-1' (BioEmu-1) लॉन्च किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रोटीन की गति को समझकर नई दवाओं की खोज प्रक्रिया में तेजी लाना है।
- माइक्रोसॉफ्ट ने इसे **'डायग्नॉस्टिक ऑर्केस्ट्रेटर'** नाम दिया है। यह एक AI एजेंट की तरह काम करता है जो अन्य AI मॉडलों के साथ मिलकर यह तय करने में मदद करता है कि कौन-से मेडिकल टेस्ट किए जाने चाहिए और बीमारी का संभावित निदान क्या हो सकता है।
- यह एक शक्तिशाली **डीप लर्निंग मॉडल** है जो एक ही ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (GPU) पर प्रति घंटे हजारों प्रोटीन संरचनाएँ उत्पन्न कर सकता है, जिससे चिकित्सा अनुसंधान में काफी तेजी आने की उम्मीद है।

### शिशुओं के लिए पहली मलेरिया दवा 'कॉर्टेम बेबी' को मिली मंजूरी

- स्विट्जरलैण्ड ने शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए दुनिया की पहली मलेरिया की दवा को मंजूरी दे दी है।
- 'नोवार्टिस' (Novartis) कम्पनी द्वारा विकसित इस दवा को 'कॉर्टेम बेबी' (Coartem Baby) नाम दिया गया है।
- यह दवा विशेष रूप से 2 से 5 किलोग्राम वजन वाले शिशुओं के लिए है, जो मलेरिया के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील होते हैं। स्विट्जरलैण्ड की स्वास्थ्य एजेंसी ने इसे मंजूरी दी है।
- सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह जीवन-रक्षक दवा गरीब और जरूरतमंद देशों में नॉन-प्रॉफिट मॉडल पर उपलब्ध कराई जाएगी। कुछ देशों में इसे 'Riamet Baby' के नाम से भी जाना जाएगा।

## विविध

### एशिया की सबसे बुजुर्ग हथिनी 'वत्सला' का निधन

- एशिया की सबसे बुजुर्ग हथिनी 'वत्सला' का 8 जुलाई, 2025 को मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में 100 वर्ष से अधिक की आयु में निधन हो गया।
- वह 2003 में सेवानिवृत्त होने से पहले पन्ना में बाघ ट्रैकिंग और वन्यजीव संरक्षण में योगदान देती थीं।
- **पृष्ठभूमिः** केरल के नीलांबुर जंगल में जन्मी वत्सला को 1970 के दशक में अंडमान द्वीप समूह से मध्य प्रदेश के होशंगाबाद (अब नर्मदापुरम) लाया गया था और 1992 में उसे पन्ना टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित कर दिया गया।

### पहला एस्ट्रो टूरिज्म फेस्टिवल

- पहला लद्दाख एस्ट्रो फेस्टिवल 27-28 जून, 2025 को हांले डार्क स्काई रिजर्व और लेह में आयोजित हुआ, जिसे लद्दाख पर्यटन विभाग और भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA) ने संयुक्त रूप से आयोजित किया।
- इस दो दिवसीय उत्सव का उद्देश्य लद्दाख को वैश्विक एस्ट्रो टूरिज्म हब बनाना, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और प्रकाश प्रदूषण जागरूकता फैलाना था।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

☑ पैराशूट रेजिमेंट के किस अधिकारी को उप-सेना प्रमुख (वीसीओएएस) नियुक्त किया गया है?
**लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह**

☑ भारतीय मूल के वह ब्रिटिश अर्थशास्त्री और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य जिनका 29 जुलाई, 2025 को निधन हो गया?
**डॉ. लॉर्ड मेघनाद देसाई**

☑ किसने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में 31 जुलाई, 2025 को पदभार ग्रहण किया है?
**वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन, एवीएसएम, वीएसएम**

☑ भारत-यूएई रक्षा उद्योग साझेदारी पर संगोष्ठी का आयोजन 31 जुलाई 2025 को कहाँ किया गया?
**इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली**

☑ हाल ही में कौन 13वीं बार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं? **लालू प्रसाद यादव**

.................. पृष्ठ 47 का शेष

### दीपिका बनीं 'पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड' जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी

- भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका ने इतिहास रचते हुए FIH हॉकी प्रो लीग 2024-25 के दौरान 'पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड' जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया।
- यह पुरस्कार दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों के वोटों के आधार पर प्रदान किया गया।
- उन्हें यह सम्मान FIH हॉकी प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के दौरान विश्व नंबर 1 टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ किए गए एक शानदार सोलो गोल के लिए दिया गया।
- यह अवॉर्ड स्पेन की पैट्रिसिया अल्वारेज़ और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के नामांकनों को पछाड़ते हुए दीपिका ने जीता।
- **पुरुष वर्ग** में यह अवॉर्ड **बेल्जियम के विक्टर वेगनेज़** को मिला।

# नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए किस नाम से एक गश्ती पोत गोवा में 29 जुलाई, 2025 को लॉन्च किया?**

(A) आईसीजीएस अटल (B) आईसीजीएस प्रचंड

(C) आईसीजीएस कैवल्य (D) आईसीजीएस पवन

**2. डीआरडीओ ने किस स्वदेशी ठोस प्रणोदक अर्द्ध-बैलिस्टिक मिसाइल के दो सफल उड़ान-परीक्षण 28-29 जुलाई, 2025 को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप (ओडिशा) से किए?**

(A) प्रबल (B) प्रलय

(C) प्रकंप (D) प्रकोप

**3. 1 जुलाई, 2025 को लॉन्च की गई 'राष्ट्रीय खेल नीति 2025' किस पूर्वगामी नीति का स्थान लेगी?**

(A) राष्ट्रीय खेल नीति 1995 (B) राष्ट्रीय खेल नीति 1999

(C) राष्ट्रीय खेल नीति 2001 (D) राष्ट्रीय खेल नीति 2011

**4. 'QS Best Student Cities 2026' में शामिल भारतीय शहरों की रैंकिंग का कौनसा युग्म असंगत है?**

(A) मुम्बई : 98 (B) दिल्ली : 104

(C) बेंगलौर : 115 (D) चेन्नई : 128

**5. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा के सम्बन्ध में कौनसा गलत कथन है?**

(A) मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए

(B) प्रधानमंत्री को ब्रिटेन का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया।

(C) भारत-यूके विजन 2035 पर हस्ताक्षर किए गए।

(D) रक्षा औद्योगिक रोडमैप पर हस्ताक्षर किए गए।

**6. भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) में कितने दिन बिताने के बाद 15 जुलाई, 2025 को पृथ्वी पर लौटे हैं?**

(A) 14 दिन (B) 16 दिन

(C) 18 दिन (D) 21 दिन

**7. 'भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य' को भारत के कौनसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में शामिल किया गया है?**

(A) 43वें (B) 44वें

(C) 45वें (D) 46वें

**8. इजराइल द्वारा 13 जुलाई, 2025 को प्रक्षेपित राष्ट्रीय संचार उपग्रह को क्या नाम दिया गया है?**

(A) ओफेक-1 (B) एमोस-1

(C) ईरोस-1 (D) ड्रोर-1

**9. विम्बलडन चैम्पियनशिप 2025 में पुरुष एकल का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता है?**

(A) यानिक सिनर (B) कार्लोस अल्काराज

(C) जूलियन कैश (D) डेविड पेल

**10. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की सुपर स्वच्छ लीग सिटीज (10 लाख से अधिक आबादी) में कौनसा शहर शामिल नहीं है?**

(A) इंदौर (B) लोनावाला

(C) विजयवाड़ा (D) सूरत

**11. कपड़ा मंत्रालय द्वारा संत कबीर पुरस्कार 2024 हेतु चयनित पुरस्कार विजेताओं का कौनसा युग्म असंगत है?**

(A) अरिन्दर मेहर : राजस्थान

(B) लक्का श्रीनिवासुलु : आन्ध्र प्रदेश

(C) अनुराधा कुली : असम

(D) मोहम्मद हनीफ अंसारी : उत्तर प्रदेश

**12. अकेले अटलांटिक महासागर पार करने वाली सबसे युवा महिला बनीं जारा लचलान किस देश से हैं?**

(A) नॉर्वे (B) अमेरिका

(C) ब्रिटेन (D) ब्राजील

**13. निम्न में कौनसा एक राष्ट्रपति द्वारा जुलाई 2025 में राज्यसभा के लिए मनोनीत सदस्यों में शामिल नहीं है?**

(A) उज्जवल निकम (B) हर्षवर्धन श्रृंगला

(C) डॉ. मीनाक्षी जैन (D) पीटी ऊषा

**14. देश का पहला हॉर्नबिल संरक्षण उत्कृष्टता केन्द्र किस टाइगर रिजर्व में स्थापित किया गया है?**

(A) अन्नामलाई टाइगर रिजर्व (B) मुदुमलाई टाइगर रिजर्व

(C) बुक्सा टाइगर रिजर्व (D) नागरहोल टाइगर रिजर्व

**15. 'सहकारिताएँ एक बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं' थीम के साथ 'अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस' कब मनाया गया?**

(A) 1 जुलाई, 2025 (B) 5 जुलाई, 2025

(C) 8 जुलाई, 2025 (D) 11 जुलाई, 2025

**16. 'जा माता' नामक तटरक्षक अभ्यास किन दो देशों द्वारा चेन्नई तट पर 7-12 जुलाई, 2025 को किया गया?**

(A) भारत और ऑस्ट्रेलिया (B) भारत और अमेरिका

(C) भारत और रूस (D) भारत और जापान

**17. 11वाँ भारत मक्का शिखर सम्मेलन 7 जुलाई, 2025 को कहाँ आयोजित किया गया?**

(A) वाराणसी (B) लखनऊ

(C) नई दिल्ली (D) गांधीनगर

**18. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता हेतु किसे स्वीप आइकॉन नियुक्त किया गया है?**

(A) क्रांति कुमार झा (B) नीतू चंद्रा

(C) A व B दोनों (D) न तो A न ही B

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (B) | 3. (C) | 4. (C) | 5. (B) | 6. (C) |
| 7. (B) | 8. (D) | 9. (A) | 10. (B) | 11. (A) | 12. (C) |
| 13. (D) | 14. (A) | 15. (B) | 16. (D) | 17. (C) | 18. (C) |

# हिन्दी

By डॉ. मनोज जैन (निदेशक : काव्य क्लासेज कोटा)

प्रत्येक कोर्स में पाँच से अधिक फ्री कक्षाएँ उपलब्ध

काव्य क्लासेज कोटा का मोबाइल एप डाउनलोड करने वाले विद्यार्थियों को 1500 प्रश्नों की PDF FREE

## गुणात्मक व परिमाणात्मक आनलाइन कोर्सेज उपलब्ध

प्रथम व द्वितीय श्रेणी हिंदी
LIVE Combo Batch
9999/-
18 माह की वैधता

प्रथम व द्वितीय श्रेणी हिंदी
Recorded Batch
5999/-
12 माह की वैधता

प्रथम श्रेणी हिंदी
Recorded Batch
4999/-
12 माह की वैधता

द्वितीय श्रेणी हिंदी
Recorded Batch
3999/-
12 माह की वैधता

हिंदी व्याकरण
LIVE + Recorded
1599/-
12 माह की वैधता

प्रथम श्रेणी इतिहास
Recorded Batch
5999/-
18 माह की वैधता

सब इंस्पेक्टर
HINDI
1599/-
12 माह की वैधता

REET
LEVEL II MAINS
हिंदी + सामान्य ज्ञान
2499/-
12 माह की वैधता

REET
LEVEL II MAINS
SST + सामान्य ज्ञान
2499/-
12 माह की वैधता

सब इंस्पेक्टर
GK+ Hindi
Full Course
4999/-
12 माह की वैधता

REET
LEVEL II MAINS
गणित विज्ञान + सामान्य ज्ञान
2499/-
12 माह की वैधता



200 से अधिक

ONLINE COURSE AVAILABLE

Download Kavya Classes, Kota

काव्य क्लासेज का मोबाइल एप डाउनलोड करने के लिए इस QR Code को स्कैन कीजिए

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

## काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा (राज.) ☎ : 8104502225, 94601-22225

E-mail : kavyaclasses@ymail.com I Website : www.kavyaclasseskota.com

RNI No. RAJHIN/2001/04281 Date of Posting: 05.08.2025 Postal Regd. No.Bharatpur/75/24-26


# संजीव®

**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें

### ( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )










## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें





































संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com